






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 61

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 12 दिसंबर, 2023





## जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने का फैसला बरकरारः सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आर्टिकल 370 अस्थायी था, राज्य में सितंबर 2024 तक चुनाव कराने का आदेश

# 'सुप्रीम' फैसला

## जम्मू एवं कश्मीर को नहीं मिलेगा 'स्पेशल स्टेटस', अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला वैध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा - आर्टिकल 370 अस्थायी प्रावधान था। संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारतीय संविधान के सभी प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके 4 साल, 4 महीने और 6 दिन बाद आए फैसले में कोर्ट ने कहा, हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिए।

### केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को 370 हटाया, इसके खिलाफ 23 याचिकाएं

मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था। साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। 5 जजों की बेंच ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई की थी। संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना शामिल थे। बेंच के सामने लगातार 16 दिन तक चली सुनवाई 5 सितंबर को खत्म हुई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के 96 दिन बाद केस पर फैसला सुनाया।

### चीफ जस्टिस बोले, केंद्र के हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दे सकते

सीजेआई ने कहा कि केंद्र की तरफ से लिए गए हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से अराजकता फैल जाएगी। अगर केंद्र के फैसले से किसी तरह की मुश्किल खड़ी हो रही हो, तभी इसे चुनौती दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की यह दलील खारिज कर दी कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता, जिसमें बदलाव न किया जा सके। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि आर्टिकल 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा कानून ही बना सकता है, ऐसा कहना सही नहीं होगा। सीजेआई ने बताया कि फैसले में 3 जजों के जजमेंट हैं। एक फैसला चीफ जस्टिस, जस्टिस गवई और जस्टिस सूर्यकांत का है। दूसरा फैसला जस्टिस कौल का है। जस्टिस खन्ना दोनों फैसलों से सहमत हैं।

## भड़कीं महबूबा, फैसले को बताया जम्मू-कश्मीर के लिए मौत की सजा

## शीर्ष अदालत ने जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 को बताया अस्थायी

## कोर्ट ने साथ ही राष्ट्रपति के अधिकार को भी सही ठहराया

"जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द बहाल होना चाहिए। यहां चुनाव के लिए भी जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं। उन्होंने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर 2024 से पहले विधानसभा चुनाव सुनिश्चित किए जाएं।

-चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला 6 पॉइंट में समझिए

1. **आर्टिकल 370 के स्टेटस पर-** संविधान का आर्टिकल 370 अस्थायी था। जम्मू-कश्मीर में युद्ध की स्थिति के कारण आर्टिकल 370 अंतरिम व्यवस्था थी। इसे रद्द करने की राष्ट्रपति की शक्ति अभी भी मौजूद है।
2. **सरकार के आर्टिकल 370 हटाने के निर्णय पर-** आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं। केंद्र की तरफ से लिए गए हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से अराजकता फैल जाएगी। अगर केंद्र के फैसले से किसी तरह की मुश्किल खड़ी हो रही हो, तभी इसे चुनौती दी जा सकती है।
3. **जम्मू-कश्मीर के स्टेटस पर-** जम्मू-कश्मीर के पास देश के अन्य राज्यों से अलग कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है। भारतीय संविधान के सभी प्रावधान जम्मू-कश्मीर पर लागू हो सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाए।
4. **राष्ट्रपति के आदेश पर-** आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के संवैधानिक आदेश को वैध मानते हैं। जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की सिफारिश भारत के राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी नहीं थी।
5. **जम्मू-कश्मीर संविधान सभा पर-** जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा को कभी भी परमानेंट बॉडी बनने का इरादा नहीं था। जब जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा का अस्तित्व खत्म हो गया तो जिस विशेष शर्त के लिए आर्टिकल 370 लागू किया गया था, उसका भी अस्तित्व खत्म हो गया।
6. **जम्मू-कश्मीर में चुनाव पर-** चुनाव आयोग 30 सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराए।

## 5 अगस्त 2019

**को केंद्र ने जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके 4 साल, 4 महीने और 6 दिन बाद आए फैसले में कोर्ट ने कहा, हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं।**

### शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने दी ये प्रतिक्रिया

शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि हम फैसले का स्वागत करते हैं लेकिन हिंदुओं का पुनर्वास, आतंकवाद का अंत और जम्मू कश्मीर के लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने का काम अभी नहीं हुआ है।

### एक मजबूत और एकजुट भारत बनाएंगेः मोदी



पीएम मोदी ने लिखा, मैं जम्मू कश्मीर और लद्दाख के जुझारू लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि आपके सपने पूरे करने का हमारा वादा पूरा करेंगे। हम इस बात के लिए समर्पित हैं कि तरक्की ना सिर्फ आप तक बल्कि समाज के हर उस पिछड़े तबके तक पहुंचे, जिन्हें अनुच्छेद 370 की वजह से काफी कुछ झेलना पड़ा। आज का फैसला सिर्फ एक कानूनी फैसला नहीं है बल्कि यह आशा की किरण है। यह उज्जवल भविष्य का वादा है और हमारे उन एकजुट प्रयासों का सबूत है, जिनसे हम एक मजबूत और एकजुट भारत बनाएंगे।

### गृहमंत्री अमित शाह ने दी प्रतिक्रिया



गृह मंत्री अमित शाह ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को बरकरार रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। 5 अगस्त 2019 को पीएम मोदी ने एक दूरदर्शी फैसला लेते हुए अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला किया। उसके बाद से जम्मू कश्मीर में शांति लौटी है। विकास और तरक्की से घाटी में मानव जीवन को नए मायने मिले हैं, जो कि एक समय हिंसा से तहस-नहस हो गए थे। पर्यटन से समृद्धि और कृषि क्षेत्र से जुड़े जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों की आय बढ़ी है। आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साबित कर दिया है कि अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला पूरी तरह से संवैधानिक था।

### 'भाजपा फैसले का स्वागत करती है'



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट करते हुए लिखा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 के विषय में दिए गए फैसले का भारतीय जनता पार्टी स्वागत करती है। उच्चतम न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने के लिए दिए गए फैसले, उसकी प्रक्रिया और उद्देश्य को सही ठहराया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू कश्मीर को देश की मुख्य विचारधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है, इसके लिए मैं और हमारे करोड़ों कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

**किस पक्ष की तरफ से पैरवी की**

1 **सरकार की तरफ से-** अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ वकील हरीष साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि।

2 **याचिकाकर्ताओं की तरफ से-** कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह और दुष्यंत दवे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत यूथ वर्कशॉप लॉन्च की

## बोले, क्वॉन्टम जंप लेकर दूसरे विकसित बने, अब हमारा वक्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को को 'विकसित भारत @2047 युवाओं की आवाज' योजना को लॉन्च किया। पीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर के राजभवनों में आयोजित वर्कशॉप में यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर और संस्थान-प्रमुखों को संबोधित किया।। उन्होंने कहा कि ये भारत के इतिहास का वो कालखंड है जब देश क्वॉन्टम जंप (तेजी से बदलाव) लगाने जा रहा है। हमारे इर्दगिर्द ही ऐसे अनेक देशों के उदाहरण हैं, जिन्होंने एक तय समय में ऐसा ही क्वॉन्टम जंप लेकर खुद को विकसित बना लिया है। विकसित भारत योजना का उद्देश्य भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो। इसके लिए देश भर में तमाम वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी। जिसमें युवा हिस्सा लेंगे।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें...

- देश की युवाशक्ति को दिशा देने का दायित्व जिन साथियों पर है, उनको आप एक मंच पर लाए हैं। शिक्षण संस्थानों की भूमिका व्यक्ति निर्माण की होती है और व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्रनिर्माण होता है।
- आज जिस कालखंड में भारत है, उसमें व्यक्ति निर्माण का अभियान बहुत अहम हो गया है। मैं आप सभी को वॉइस ऑफ यूथ वर्कशॉप की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं।
- ये समय भारत के लिए विकास की बड़ी छलांग लगाने का समय है, इसलिए मैं कहता हूं कि हमें इस अमृतकाल के पल-पल का लाभ उठाना है। हमे एक भी पल गंवाना नहीं है।
- विकसित भारत के निर्माण का ये अमृतकाल वैसा ही है, जैसे हम अक्सर परीक्षाओं के दिनों में देखते हैं। विद्यार्थी परीक्षा में अपने प्रदर्शन को लेकर बहुत आत्मविश्वासी होती है।
- हमारे लिए भी देश के नागरिक के तौर पर परीक्षा की डेट डिक्लेयर हो चुकी है। हमारे सामने 25 साल का अमृतकाल है। हमे चौबीसों घंटे इसी अमृतकाल और विकसित भारत के लक्ष्यों के लिए काम करना है।

## 370 और 35ए के संबंध में दिया गया निर्णय अभिनंदनीयः सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई है और कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अभिनंदनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा धारा 370 और 35ए के संबंध में दिया गया निर्णय अभिनंदनीय है। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला है। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्यधारा से जोड़ने वाले ऐतिहासिक कार्य के लिए 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से उनका पुनः हार्दिक आभार!

## 2024 के लिए बड़ी तैयारी है, भाजपा 14 में आई थी 24 में चली जाएगीः अखिलेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हम 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बड़ी तैयारी कर रहे हैं। भाजपा 14 में यूपी से आई थी और 24 में चली जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भी जनता के सवाल वैसे के वैसे ही हैं। भाजपा को बताना चाहिए कि क्या किसानों की आय दोगुनी हो गई? प्रदेश सरकार का कहना है कि 40 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए हैं। अब उनकी स्थिति क्या है? कितना निवेश हुआ है? उन्होंने कहा कि हमने सुना है कि जिन लोगों ने एमओयू साइन किया था उन्हें अधिकारी ढूंढ रहे हैं। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उन्हें एसटीएफ तलाश करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग कहते थे कि बुंदेलखंड में इंडस्ट्रियल हब बनेगा। यहां पर टैंक बनेगा, मिसाइल बनेगी.. लेकिन यहां तो सुतली बम तक नहीं बना।

# गुटखा कंपनी के प्रचार में अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को नोटिस

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद केंद्र सरकार ने उठाया कदम

- केंद्र सरकार ने यह भी मांग की थी कि मामले पर सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा है तो यह याचिका खारिज कर दी जाए
- जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने नहीं मानी केंद्र की अपील, अवमानना याचिका पर आदेश पारित किया







जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। गुटखा कंपनी का प्रचार कर समाज के सामने गलत उदाहरण पेश करने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। न्यायालय का रुख देखते हुए केंद्र सरकार ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को नोटिस भेजा है। यह नोटिस इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका के बाद जारी किया गया है। नोटिस जारी की सूचना हाईकोर्ट को दी गई है। यह भी कहा गया कि उसी मामले पर सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा है तो यह याचिका खारिज कर दी जाए। इस पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 मई 2024 की तारीख निर्धारित कर दी है। यह आदेश जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने अवमानना याचिका पर पारित किया।

### बचाव की मुद्रा में केंद्र सरकार

कोर्ट ने 24 अगस्त 2023 को कैबिनेट सेक्रेट्री और मुख्य आयुक्त, कंज्यूमर प्रोटेक्शन को अवमानना नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से डिप्टी सॉलिसीटर जनरल ने 16 अक्टूबर के नोटिस की कॉपी पेश की। बताया कि अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

### जिन अभिनेताओं पर होनी है कार्रवाई उन्हें दिया पद्म सम्मान

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की अवमानना याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसने जो जनहित याचिका दाखिल की थी, उस पर 22 सितम्बर 2022 को दो सदस्यीय खंडपीठ ने आदेश दिया था। जिसके अनुसार एक्टर्स को गुटखा कम्पनियों का प्रमोशन किए जाने के मामले में यदि याची हलफनामा देता है तो उस पर विचार कर जल्दी सुनवाई की जाए। याची की दलील थी कि इस आदेश को मानकर उसने 15 अक्टूबर 2022 को ही हलफनामा भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि गुटखा कंपनियों का विज्ञापन करने वाले एक्टर्स के खिलाफ कार्रवाई की जानी है। उन्हें देश के सर्वोच्च पद्म सम्मान से सम्मानित किया गया। वे गुटखा विज्ञापन के जरिए गलत उदाहरण सेट कर रहे हैं।

### अगली सुनवाई 9 मई 2024 को होगी

जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने इस अवमानना याचिका को पारित किया है। इसके साथ ही अगली सुनवाई के लिए 9 मई 2024 की तारीख मुकर्रर की गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में शुक्रवार को इस मामले में अहम सुनवाई हुई। सुनवाई में केंद्र की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे की ओर से बताया गया कि केंद्र सरकार ने अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब- तलब किया गया है।

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से होता है जीव का उद्धार : कथा व्यास

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



जिला मुख्यालय के एसडीएम कॉलोनी स्थित निरंजन मिश्र के आवास में चल रही श्री मद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास बलुआ महाराज ने रुकमणी विवाह और सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। इस दौरान आचार्य ने श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की। साथ ही समाज को समानता का संदेश दिया।

बलुआ महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन सुकदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद् भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है, लेकिन उसे जीने के बारे में उपस्थित भक्तों को समझाया। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। उन्होंने बताया कि सुदामा की आर्थिक स्थिति खराब होने पर जब सुदामा की पत्नी ने सुदामा से कहा कि जाकर अपने मित्र से मिलकर सहायता लें। सुदामा ने पहले इंकार कर दिया परंतु पत्नी के बार-बार कहने के कारण सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने के लिए पैदल चल दिए तथा मन ही मन विचार करते रहे कि जो स्वयं दूसरों का माखन चुरा कर खाता था वह क्या मदद करेगा। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण-सुदामा का मिलन, श्री कृष्ण द्वारा सुदामा के पैर धोना, सुदामा का स्वास्थ्यगत, सुदामा की पत्नी द्वारा भेजे गए चावलों को बड़े प्रेम से श्री कृष्ण द्वारा खाना, सुदामा को सब कुछ समर्पित कर देना इसका वर्णन बहुत मार्मिक ढंग से किया।

इस मौके पर मुख्य यजमान रामसूरत पयासी, सावित्री देवी, राधेरमण पयासी, निरंजन मिश्र, प्रशांत कुमार द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, सत्य प्रकाश द्विवेदी, लवकुश पयासी, सतरूपा देवी, अनीता द्विवेदी, साधना मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# संभागीय परिवहन कार्यालय भ्रष्टाचार मुक्त अभियान की उड़ा रहा धज्जियां

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान के प्रयासो को धज्जियॉ संभागीय परिवहन कार्यालय मे धज्जियॉ उडाई जा रही है। खिडकियो मे बैठे कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क के कोई भी काम नही कर रहे। वाहनो के फिटनेस से लेकर ड्राईबरी लाइसेंस सहित अनेक सम्बन्धि कार्यो के खुलेरेट बनायो गये है। कार्यालय के बाहर बैठे दलाल सभी कार्यालय से सम्बन्धित कार्यो के रेट बता कर कार्यालय आये लोगो की जेबे ठीली कर रहे है। वहीं आलाधिकारी के ईसारे पर कर्मचारी खुलेआम सुविधा शुल्क ले रहे है।

बताते चलें कि तत्कालीय जिलाधिकारी ने छापेमारी करके कुछ सम्बन्धि लोगो के विरुद्ध मुकदमा का आदेश जारी किया था लेकिन जिलाधिकारी के तबादले के बाद एक बार फिर जनपद का संभागीय कार्यालय भ्रष्टाचार मे लिप्त देखने को मिल रहा है। जहॉ प्रदेश के मुखिया सरकारी कार्यालयो को भ्रष्टाचार मुक्त कराने का प्रयास कर रहे है। वही संभागीय परिवहन कार्यालय भ्रष्टाचार का नमूना पेस कर रहा है। सडको मे बढते दुर्घटना ग्राफ को मद्देनजर वाहनो के ड्राईवरी लाईसेंस को परीक्षा के बाद ही बनाने का नियम पारित किया गया। वही नियम ही कार्यालय का कमाउ साधन बन कर रह गया है।

ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले उपभोक्ताओं से जमकर वसूली किया जाता है। जन एक्सप्रेस संवाददाता ने संभागीय परिवहन कार्यालय में जाकर देखा तो लाइसेंस बनवाने के लिए फोटो खींचने वाले कर्मचारी ने प्रत्येक व्यक्ति से 100 से लेकर 200 रुपये तक की वसूली करते पाया। वही संभागीय परिवहन कार्यालय में यदि चार पहिया ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना हो तो उसके लिए प्रैक्टिकल एग्जाम देना आवश्यक होता है। जिसके लिए खुलेआम रेट निर्धारित है। यदि सुविधा शुल्क के साथ कागज देगे तो सब ओके हो जायेगा वर्ना कार्यालय के चक्कर काटते रहे। इसके बाद का भी रेट निर्धारित किया गया है। प्रैक्टिकल एग्जाम में पास नहीं हो पाता तो उसके लिए 15 सौ रुपए का रेट निर्धारित किया गया है। यह एक नमूना है इसी प्रकार सभी कार्यो के रेट निधारित किया गया है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट**



मऊ के पं शिवकुमार इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद द्विवेदी तथा उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक ने मां सरस्वती के चित्र में दीप प्रज्जवलित तथा माल्यार्पण कर किया। मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं। समय-समय पर इस तरह की कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है और आगे चलकर समाज तथा देश में अपनी छाप छोड़ती है। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य तथा सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मनमोह लिए। प्रबंधक कुलदीप त्रिपाठी ने विजेता बच्चों को शील्ड तथा पुरस्कार वितरित किए।

इस मौके पर प्रफुल्ल चंद त्रिपाठी, महेंद्र त्रिपाठी, कृष्ण कुमार शुक्ल, प्रधानाचार्य सूरज कुमार, शिवम पांडेय सत्यम पांडेय आदि मौजूद रहे।

# किसान नेता को हिरासत में लेने के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सदर तहसीलदार को सौंपा।

किसान नेता चैधरी युद्धवीर सिंह को हिरासत में लेने और यात्रा प्रतिबंध को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन में भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि कॉरपोरेट समर्थक फार्म अधिनियमों को निरस्त करने की मांग को लेकर राजधानी दिल्ली की सीमाओं पर 13 महीने लंबे ऐतिहासिक किसान संघर्ष हुआ था। इसके बाद केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा हस्ताक्षरित 9 दिसंबर 2021 के लिखित पत्र के आधार पर एसकेएम के साथ एक समझौता किया था। जिसमें किसानों के संघर्ष से संबंधित सभी मामलों को वापस लेने पर सहमति व्यक्त की थी। साथ ही अन्य सभी राज्य सरकारों से भी किसानों के संघर्ष के खिलाफ ऐसे सभी मामलों को वापस लेने का अनुरोध करने की बात कही थी। इसके बावजूद किसान नेता युद्धवीर सिंह को 29 नवंबर को सुबह 2 बजे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यह दावा करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया कि वह संबंधित मामले में आरोपी हैं। बाद में किसान आंदोलन के कड़े विरोध के कारण दिल्ली पुलिस को उन्हें रिहा करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

हरियाणा के रोहतक के बीकेयू नेता वीरेंद्र सिंह हुड्डा को दिल्ली पुलिस, सिविल लाइन्स पुलिस स्टेशन से 22 नवंबर 2023 को एक नोटिस मिला था, जिसमें उन्हें एक मामले की एफआईआर पर पेश होने का निर्देश दिया गया था। विरोध के मद्देनजर दिल्ली पुलिस को नोटिस वापस लेने के लिए सार्वजनिक रूप से घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रूद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि दो साल के ऐतिहासिक संघर्ष के बाद केन्द्र सरकार ने कॉर्पोरेट ताकतों की सेवा करने के उद्देश्य से हाल ही में एफआईआर में किसानों के संघर्ष के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। जिसमें किसानों के संघर्ष को राष्ट्र-विरोधी, विदेशी और आतंकवादी ताकतों द्वारा वित्त पोषित बताया गया है।

मोर्चा ऐसे निराधार आरोपों का पुरजोर खंडन करता है और इसे मीडिया और भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला मानता है। हम केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों के खिलाफ किसी भी प्रकार के जन प्रतिरोध को कमजोर करने के लिए उच्च स्तरीय साजिश का दृढ़ता से आरोप लगाते हैं। साथ ही उन नौकरशाहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, विजय कुमार त्रिपाठी, छेदीलाल सिंह, प्रेम सिंह, रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, दिनेश सिंह, सन्तगोपाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा में भारतीय भाषाओं का तकनीकी रूप, समृद्ध भविष्य की दिशा तय करेगा

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित तथा दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का समापन महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्मजयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ राजीव पाठक, समाजसेवी एवं पूर्व विकासार्थ विद्यार्थी प्रमुख डॉ आलोक कुमार पांडेय, निदेशक जन शिक्षण संस्थान अनिल कुमार सिंह, हिंदी प्रवक्ता शालू कुमारी, संस्कृत अनिल सिंह, अंग्रेजी प्रदीप शुक्ला द्वारा पोद्दार इण्टर कॉलिज में माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। निदेशक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि 28 सितंबर से 11 दिसंबर तक 75 दिनों के लिए भाषा अनेक, भाव एक थीम के साथ भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन विविध रूपों में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय भाषाओं और तकनीकी के उपयोग के माध्यम से भाषा सीखने को बढ़ावा देना है, जो शिक्षा में भारतीय भाषाओं के तकनीकी रूप से समृद्ध भविष्य की दिशा तय करेगा। यह विषय भारतीय भाषा को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर जोर देंगे, जिसमें शिक्षण, प्रशिक्षण, परीक्षा और शैक्षिक सामग्री के अनुवाद में इसकी भूमिका शामिल है। समाजसेवी डॉ आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि भाषा अभिव्यक्ति का स्वार्स्थ्यधिक विश्वसनीय माध्यम है। यह हमारे समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्वपूर्ण साधन है। एनईपी-2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वर्तमान शिक्षा ईको-प्रणाली से भारतीय भाषाओं में निहित सहज अंतरण की सुविधा प्रदान करना है। प्राचार्य डॉ राजीव पाठक ने कहा कि महाकवि भारतियार की कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। वह एक कवि होने के साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता-सेतु के समान थे। इस अवसर पर शालू कुमारी, अनिल सिंह एवं प्रदीप शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किये।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत् बांटी गई बेबी किट

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत् जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा नवजात बेटियों को बेबी किट वितरित करके शासन की चल रही योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। वहीं सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी देते हुये सभी को जोड़ने का निर्देश दिया और नवजात बच्चियों के माताओं को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। महिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ** पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका रेखा रानी की उपस्थिति में महिला चिकित्सालय में 23 नवजात जन्मी बालिकाओ की माँ को बेबी किट, कम्बल, मासकीटो बैड, खिलौना माँ के लिये साड़ी आदि सामग्री बाँटी गयी। बच्चियों के माता व पिता को कन्या सुमंगला योजना के लाभ बताये और रेखा रानी के द्वारा इन बेटियों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। रेखा रानी के द्वारा अपने कार्यालय के स्टॉफ का भी निर्देशित किया कि जिन माता व पिता के बच्चियो जन्म लिया है। सभी को कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा जाय बच्चियो व महिलाओं के कल्याण के लिये शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। इस कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग की चल रही कल्याणकारी योजनाओ के पम्पलेट वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में पूनम तिवारी महिला कल्याण अधिकारी, सरिता भारती जिला समन्वयक एवं महिला चिकित्सालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# केन्द्रीय मंत्री ने पीएम आवास योजना लाभर्थियों को वितरित किया प्रमाण पत्र

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत् गरीबो को दिये जाने वाले आवासों का मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा भूमि पूजन के बाद प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने इसे केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन वाली वाली सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। शहर के भिटौरा रोड स्थित अटल बिहारी पार्क में लाभार्थियों के मकानों का भूमिपूजन व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा हवन पूजन के बाद लाभार्थियों को आवास योजना का प्रमाण पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होने केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार का विकास बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी गरीबो को आवास उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। जिसके तहत् केंद्र व प्रदेश सरकार के जरिये गरीबों को आवास उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर एडीएम धीरेंद्र प्रताप सिंह, अधिशाषी अधिकारी समीर कुमार कश्यप, नगर पालिका व डूडा कर्मी आदि रहे।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के राछा गांव निवासी देवराज (42) पुत्र गज्जी, भतीजा देवीदयाल (30) और देवचरण (20) पुत्रगण फूलचंद्र बाइक में बैठकर ओरन जा रहे थे। मझीवां गांव के पास लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लोडर चालक को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सीएमओ ने बूथ दिवस का किया उद्घाटन, एक बार फिर शुरु हुआ पल्स पोलियो अभियान

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

0-5 वर्ष तक के बच्चों को अपंगता से दूर करने के लिए एक बार फिर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत कर दिया गया। जिला चिकित्सालय परिसर में मुख्य चिकित्साधिकारी ने फीता काटकर जहां बूथ दिवस का शुभारंभ किया। वहीं 0-5 वर्ष तक के बच्चों को जिंदगी की दो बूंद पिलाई। 18 दिसंबर तक घर-घर अभियान चलाकर बूथ दिवस के छूटे हुए बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जायेगी। बूथ दिवस का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान पहले लगातार चलाया जाता था लेकिन कुछ वर्षो से कोरोना समेत अन्य महामारियों को ध्यान में रखते हुए इसे बंद कर दिया गया था। अब यह अभियान फिर से शुरू हो गया है। इसलिए सभी अभिभावक जागरूक बनें और 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक अवश्य पिलायें। जिससे उनके बच्चे अपंगता से दूर रह सके। उन्होने कहा कि यह बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होने बूथ दिवस कार्यक्रम में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिदायत दिया कि प्रत्येक बच्चे को पोलियो खुराक पिलाई जाय। जो बच्चे बूथ दिवस में दवा पीने से वंचित रह गये है। उन्हे घर-घर दस्तक अभियान में बच्चों को पोलियो खुराक से आच्छादित किया जाय। इस कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली न बरती जाय। उन्होने बताया कि चार बजे तक चले अभियान में 1280 बूथों के माध्यम से 437697 लछित बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया गया है।

# गैर इरादतन हत्या करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में चैकी प्रभारी सरैंया ने मारपीट कर गैर इरादतन हत्या के मामले के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि बीती 7 दिसम्बर को ग्राम गडचपा मजरा डूडिया पुरवा थाना मानिकपुर प्रथम पक्ष के ननकौवा पुत्र छितानी के भतीजे अमन (12) का द्वितीय पक्ष के सुनील पुत्र रामप्रसाद कोरी (12) के विवाद को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट हुयी थी। प्रथम पक्ष के ननकौवा, संतलाल पुत्रगण छितानी एवं रज्जू पुत्र कुशल, सोनू पत्नी संगम कोरी को अधिक चोटें होने के कारण जिला अस्पताल सोनेपुर कर्वी में भर्ती कराया गया था। जिसमें मजरूव ननकौवा पुत्र छितानी (45) को जिला अस्पताल से बांदा रेफर किया गया था।

जहां इलाज के दौरान मजरुब ननकौवा की मृत्यु हो गई थी। मृतक के छोटे भाई संतलाल पुत्र छितानी की तहरीर पर थाना मानिकपुर में राजकुमार सहित सात आरोपियों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह तथा मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार, आरक्षी रोहित सिंह यादव द्वारा मुकदमें में नामजद राजकुमार, संतोष कुमार, ओमप्रकाश उर्फ राजा पुत्रगण चुनकाई, रामप्रसाद पुत्र वेजू, व अनिल कुमार उर्फ सत्तू पुत्र रामप्रसाद कोरी निवासीगण डूडिया पुरवा मजरा गढ़चपा को गिरफ्तार किया गया।

# सरदार क्लब को हरा जय बजरंग ने जीता खिताब

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**




शहर के चित्रकूट इण्टर कॉलिज में सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित नमो कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हुआ।

जिसमें जय बजरंग क्लब की टीम ने सरदार क्लब की टीम को पांच अंकों से पराजित कर दिया। भारतीय जनता किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुन्द शुक्ला, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा व रमेश चन्द्र द्विवेदी की मौजूदगी में हुई इस प्रतियोगिता की अध्यक्ष किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी रामसागर चतुर्वेदी व क्षेत्रीय शोध प्रमुख पीएन सिंह ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में जय बजरंग क्लब की टीम व सरदार क्लब की टीम फाइनल में पहुंची थी। जिसमें 45 व 40 अंक प्राप्त करने के बाद जय बजरंग क्लब की टीम पांच अंकों से विजेता रही। निर्णायक की भूमिका डॉ रमेश सिंह एवं क्रीडाध्यक्ष भरत सिंह तोमर ने निभाई। संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री आभेष मिश्रा ने किया।

इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, द्रोणाचार्य द्विवेदी, रामबाबू सिंह, सुधीर शुक्ला, तिलक द्विवेदी, बालेन्दु सिंह मौजूद रहे।

# प्रेम-प्रसंग के चलते विवाहित युवक ने खाया जहर, हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। बांदा**

काम करने के बाद रविवार की रात को घर लौटे युवक ने प्रेमिका से फोन पर बात करने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे अस्पताल ले गये। वहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

चिल्ला कस्बा निवासी जसवंत सिंह (28) पुत्र केदार सिंह पेशे से राजमिस्त्री था। उसका पड़ोस में ही रहने वाली एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जसवंत की शादी हो चुकी है। रविवार की रात को शहर से काम निपटाने के बाद वह अपने घर पहुंचा।

घर में रहकर प्रेमिका से फोन पर बात की। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तकरार हो गयी। इसके बाद जसवंत ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। परिवार के लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन 7 को

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की बैठक राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की उपस्थिति में केन्द्रीय कार्यालय शंकर बाजार कर्वी में हुई। बैठक में 7 जनवरी को होने वाले दो दिवसीय प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई।

राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने बताया कि 7 जनवरी को होने वाले प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन में चित्रकूट धाम में प्रदेश के 74 जिलों के उद्यमी आमंत्रित किए जाएंगे। जनपद में तैयारी को लेकर जल्द ही जिले के समस्त पदाधिकारीयों की बैठक आहूत की जाएगी। जनपद में उद्यमियों के ठहरने व कार्यक्रम के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने ने कहा कि धार्मिक क्षेत्र चित्रकूट धाम में पर्यटन उद्योग व रोजगार की दृष्टि से पूरे भारत के उद्यमियों व उद्योगपतियों की नजर चित्रकूट की ओर हो, इसी उद्देश्य के साथ 7 जनवरी को व्यापारी सम्मेलन होगा। साथ ही 6 जनवरी को उत्तर प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष सकुन्तला गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष पलटू केसरवानी, जनार्दन चतुर्वेदी, युवा अध्यक्ष किशन सोनी, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, नीलू अग्रहरि, सीताराम श्रीवास्तव, मोहम्मद राज, मनीष गुप्ता, स्वतंत्रत गुप्ता, अरुण अग्रहरि, पप्पू साहू, तन्नू अग्रहरि, आनन्द बाबा, दसरथ केसरवानी, रीता सोनी, राजेन्द्र सोनी, प्रियांश केसरवानी, सुशील पाण्डेय, राजाराम विश्वकर्मा, अनिल कुमार सेन आदि मौजूद रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने ली अमावस्या मेला सम्बन्धी बैठक



**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में मार्गशीर्ष की अमावस्या मेला की तैयारी सम्बन्धी बैठक हुई।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष अगहन मास की अमावस्या का पर्व 12 दिसंबर को है। अमावस्या मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। उन्होंने मेला में लगाए गए मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने तैनाती स्थलों पर उपस्थित रहकर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी, जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि रामघाट व परिक्रमा पथ पर साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने जल संस्थान से कहा कि टैंकर आदि के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि मेला के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात प्रभारी भ्रमणशील रहकर यातायात सम्बन्धी व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सहायक आयुक्त स्टांप श्यामसुंदर यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, सहायक श्रम आयुक्त आरके गुप्ता, जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में आसमान साफ रहने के आसार हैं, बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 25.0 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 14.0 (+3.9)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 96 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 56 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# छोटे से विवाद में तीन युवकों ने मिलकर युवक को उतार दिया मौत के घाट


मृतक प्रदीप कुमार

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

**कानपुर नगर।** बीती 10 दिसंबर की रात्रि को शहर के थाना नवाबगंज क्षेत्र में मामूली सी बात पर तीन युवकों ने एक युवक को ईंट पत्थरों से कुचल कुचल कर मौत के घाट उतार दिया, हालांकि एक व्यक्ति के द्वारा सूचना देने पर पुलिसकर्मी मौकाय वारदात पर पहुंच गए और उन्होंने एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया, और उसके बाद उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई तो उन्हीं के निर्देश पर एक टीम का गठन हुआ और घटना के छह घंटे के भीतर दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कानपुर पुलिस ने घटना का सफल खुलासा करने का दावा किया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित आजाद पार्क के पास मदीना बेगम के मकान में किराए पर निवास करने वाले प्रदीप कुमार का शराब के नशे में तीन युवकों से विवाद हो गया, विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि उन तीनों युवकों ने मिलकर युवक प्रदीप कुमार की ईंट और पत्थरों से कुचल कर हत्या कर दी, हत्या को अंजाम समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक एटा रामेश्वर सिंह यादव के फार्म हाउस स्थित गेट के ठीक सामने दिया गया, पुलिस अधिकारियों के दावों की माने तो फार्म हाउस पर नौकरी करने वाले गार्ड से सूचना मिलने पर नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया।

प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए डीसीपी पूर्वी प्रमोद कुमार ने बताया कि 11 दिसंबर 2023 को तड़के सुबह रामानन्द पुत्र वीरेन्द्र सिह नि0 ग्राम दिवैया अखत्यारपुर थाना अलीगज जनपद एटा के द्वारा नवाबगंज थाने पर आकर लिखित सूचना दी गयी कि वह पूर्व विधायक एटा रामेश्वर सिंह यादव के फार्म हाउस की देखरेख करता है और वही फार्म हाउस के गेट पर कुछ अज्ञात लोगो द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति की मारपीट कर हत्या कर दी गयी है, सूचना पर थाना नवाबगज पुलिस ने हत्या का मुक़दमा दर्ज कर घटना स्थल का निरीक्षण उच्चाधिकारीगण तथा फील्ड यूनिट की सहायता से किया गया, मुकदमा लिखाने वाले से गहनता से पूछताछ की गयी तो ज्ञात हुआ कि हत्यारों ने एक ई-रिक्शा में बैठकर घटना को अंजाम दिया और भाग गये, इस प्रकार के ई-रिक्शा की खोज के लिये 03 टीमें बनाकर क्षेत्र में रवाना की गई, पुलिस टीम ने महज कुछ घंटे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है जिनके नाम सूरज दिवाकर पुत्र वीरेन्द्र दिवाकर नि0 ग्राम सिरयावा थाना बेला जिला औरैया हाल पता गुड्डू का मकान अमरूद मंडी थाना नवाबंगज कानपुर नगर, अंकुल सैनी पुत्र काशीराम सैनी नि0 ग्राम सरैहरी थाना कासिमपुर जिला हरदोई हाल पता हाल पता गुड्डू का मकान अमरूद मंडी थाना नवाबंगज कानपुर नगर, ललित निषाद पुत्र राजेश निषाद नि0 रामकिशोर साहू की दुकान वाली गली मौनी घाट आजादनगर थाना नवाबगंज हैं।

**क्यों की थी हत्या**

जिन तीन युवकों द्वारा हत्याकांड को अंजाम दिया गया है पुलिस के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेखित बातों को माने तो उन्होंने कहा है कि लगभग 10 :30 बजे के आस पास जब हम लोग शराब पीकर अपने ई-रिक्शा में बैठे हुये थे तो आजाद पार्क के पास एक व्यक्ति जो मदीना बेगम के मकान में किराये पर रहता है मिला और हम लोगों को गाली देकर ई-रिक्शा रोकने के लिये कहा हम लोगो ने गुस्से में ई-रिक्शा रोका और पूछा कहा जाओगे तो उसने पुनः गाली देकर कहा कि तिलक चौराहा जाना है मृतक व्यक्ति की ये बातें और गालियाँ हम लोगों को नागवार गुजरी इस लिये उसे ई-रिक्शा मे बिठाकर उससे गाली देने का कारण पूछा तो विवाद बढ़ता गया। मृतक व्यक्ति ने यह कहा कि देवा को जानते हो इस बात पर ललित निषाद ने कहा कि मैं जानता हूँ कि देवा तुम्हारा दोस्त है और हमारा दुश्मन है। ललित निषाद द्वारा यह भी बताया गया कि पाँच छः माह पूर्व देवा से उससे उसका विवाद हुआ था इसी खुन्नस का बदला लेने के लिये हम लोगो के द्वारा यह कृत्य शराब और नशेबाजी में अजाम दिया गया।



## नगर निगम ने आवारा जानवर सड़क से नहीं हटाए तो गहमरी करेंगे आंदोलन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने शास्त्री नगर में क्षेत्रीय जनता की आपातकालीन बैठक की बैठक का मुख्य मुद्दा था सड़क पर घूम रहे छुट्टा जानवर सांड आए दिन लोगों को घायल कर रहे हैं चलते राहगीरों को सांड उठाकर पटक दे रहे हैं लोग घायल हो जा रहे हैं, शहर में कई लोगों की जान भी जा चुकी है पर नगर निगम इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। श्री गहमरी ने नगर आयुक्त से मांग किया कि छुट्टा जानवरों को पकड़ कर शहर से बाहर करें, श्री गहमरी ने बताया कि लोग गाय का दूध दूह कर गाय को सड़क पर छोड़ देते हैं, श्री गहमरी ने बताया कि आज एक राहगीर को शास्त्री नगर में टक्कर मार दी वह मरने से बचा है गहमरी ने बताया की कैटिल कोचिंग विभाग होता है पर अगर नगर निगम चाहे तो तत्काल? छुट्टा जानवर पकड़े जाएं गहमरी ने बताया कि नगर निगम के कुछ अधिकारियों से बात करना चाहा पर फोन किसी का नहीं उठा, श्री गहमरी ने कहा कि अगर दुर्घटना को निमंत्रण देते सड़क पर घूमते आवारा जानवर जल्द ही नहीं पकड़ा गया तो गहमरी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से डॉक्टर आनंद झा, फैजूदीन छोटेलाल प्रभात पाल, अमित यादव, अमन सेंगर, अरविंद बैली, मुन्ना चौहान, रंग बहादुर, राजेश मिश्रा, अजीत शुक्ला, राकेश झा, बाउवा आदि लोग मौजूद थे।

## भारतीय भाषा उत्सव अभिव्यंजना का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गृहविज्ञान महाविद्यालय द्वारा सोमवार को भारतीय भाषा उत्सव अभिव्यंजना का आयोजन महाविद्यालय की हिंदी भाषा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ.विनीता सिंह की अध्यक्षता में हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन अधिष्ठाता गृहविज्ञान डॉ.मुक्ता गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र उदिता ने गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभिन्न भाषाओं एवं राज्यों के लोकगीत लोकनृत्य एवं नाटिका का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.अर्चना सिंह, डॉ.रश्मि सिंह, डॉ.संगीता गुप्ता, डॉ.सर्वेश पांडे, डॉ.रितु पांडे, डॉ.सुमेधा चौधरी, डॉ.सुमायल अंजुम एवं महाविद्यालय के कर्मचारी एवं छात्र मौजूद रहे।

## गैंगरेप पीड़िता को कल्याणपुर पुलिस ने थाने से भगाया, नहीं दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक दलित युवती के साथ दो युवकों द्वारा वहला फुसला कर बारी-बारी से बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है, आरोप है कि लगभग 30 घंटे तक घर में बंधक बना कर रखा और बार बार आरोपी घिनौना काम करते रहे। पुलिस के साथ मिलकर परिजनों ने युवती को दोनो युवकों के घर से बरामद किया है।

मामला बिठूर थाना क्षेत्र में रहने वाली व्यक्ति रानी(काल्पनिक) नाम का है जो कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल में काम करती थी, जहां विशाल वर्मा नाम के युवक से दोस्ती हुई, युवती का आरोप है कि विशाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया जब पीड़िता ने शादी की बात की तो विशाल मामले को टालने लगा, युवती ने पुलिस से शिकायत की धमकी दी तो विशाल ने कुछ समय और मांगा। बीते शुक्रवार को विशाल षड्यंत्र के तहत युवती को शिवली रोड पर सुमित राजपूत और अंकित राजपूत जो की प्रांजल मेडिकल सेंटर अस्पताल के कर्मचारी हैं विशाल के मित्र बताते हुए युवती से कहा की आपको विशाल ने रूम पर बुलाया है मना करने पर बहला फुसलाकर उसे कल्याणपुर स्थित एक मकान में ले गए, जहां पर युवती को बंधक बना कर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने विरोध किया और पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो दोनो युवकों ने धमकी देते हुए कहा कि अगर किसी से कहा तो तुम्हारी हत्या कर देंगे। गायब पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया। जिसके बाद 30 घंटे बाद स्वम परिजनों ने युवती को ढूंढ निकाला और 112 पुलिस की सहायता से युवती को छुड़ाया जिसके बाद पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत कल्याणपुर थाने में लिखित दी लेकिन थाने में पूरे मामले की टालमटोल अधिकारी करते नजर आए और दबाव बनाकर समझौता की बात करने लगे। मौके से पकड़े गए युवक को भी पुलिस ने छोड़ दिया। साथ ही पीड़िता को डरा धमकाकर थाने से भगा दिया।

## 14वें एशियाई कप वेटेरन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए दी बधाई



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी, स्वर्ण पदक विजेता एवं आयकर अधिकारी गीता टंडन कपूर को आयकर विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ यू पी(वेस्ट) एवं उत्तराखंड के अधिकारियों व सहकर्मियों द्वारा बैंकाक, थाईलैंड में 13 दिसंबर से 17 दिसंबर 2023 तक आयोजित 14वें एशियाई कप वेटेरन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए जीत की शुभकामनाएं दीं एवं उनका सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अरविन्द त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष(आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ) राघवेंद्र सिंह डिप्टी कमिश्नर(जनरल सेक्रेटरी यू पी-उत्तराखंड) एवं समस्त आयकर विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

थाईलैंड टेबल टेनिस वेटेरन क्लब द्वारा भारत की तरफ से गीता टंडन कपूर को खेलने एवं प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि गीता टंडन कपूर ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में भाग लिया है तथा देश के लिए कई स्वर्ण पदक जीतें हैं। इसके अतिरिक्त गीता टंडन कपूर कॉमन वेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन में सदस्य के रूप में नामित होने वाली पहली भारतीय महिला हैं। टाइम्स बिज़नेस अवार्ड 2023 में डायनामिक वीमेन ऑफ़ दि ईयर से सम्मानित किया गया। उन्हें उत्तराखंड में पंडित एन डी तिवारी स्मृति सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह एक ऐसी प्रतिभाशाली महिला हैं जिन्होंने आयकर विभाग के दायित्वों को पूरा करने के साथ साथ समाज के उत्थान, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## केन्द्र में मोदी प्रदेश में योगी दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कर रहे काम : मैथानी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृतिम अंग सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत सोमवार को उनकी आवश्यकतानुसार, 60 ट्राई साईकिल, 05 व्हील चेयर, 05 बैसाखी, 7 कान की मशीन वितरित की गयी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने मुख्य अतिथि सुरेन्द मैथानी का स्वागत किया। वीरेन्द्र कुमार ने मंच का संचालन किया,उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन को आत्म निर्भर बनाने में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की भूमिका अहम है, समाज व सरकार को मिलकर दिव्यांगजन के पूनर्वास के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक सुरेन्द मैथानी ने अपने सम्बोधन मे कहा की सरकार दिव्यांगजनो के प्रति संवेदनशील है, दिव्यांगजन को समाज में बराबरी का दर्जा मिले इसके लिए प्रयासरत है, विधायक सुरेन्द मैथानी ने कहा की दिव्यांगजन को जहाँ मेरी जरूरत महसूस हो हमे याद करे, हम आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है। सरकार दिव्यांगजन के उत्थान के लिए कृत संकल्प है,केन्द्र में मोदी जी व प्रदेश में योगी जी दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रहे है।

कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने सरकार की योजनाओं थकी जानकारी देते हुए बताया की सरकार दिव्यांगजन को विवाह पुरस्कार के रूप में दोनो व्यक्तियों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपया, रोजगार के लिए दुकान संचालन के लिए दस हजार रूपया, दुकान निर्माण के लिए बीस हजार रूपया देती है। दिव्यांग पेंशन के लिए प्रति माह 1000 रूपया दिव्यांगजनों को सरकार की तरफ से मिलते हैं।

जो दिव्यांगजन ट्राई साईकिल व अन्य योजनाओं का लाभ लेना चाहते है वो तत्काल सम्पर्क कर सकते है। जिन दिव्यांगजन पेंशनर ने अपना राशन कार्ड नहीं बनवाया है वो राशन कार्ड बनवा कर विभाग में जमा करवा दे जिससे उनकी पेंशन बाधित न हो। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम, वीरेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय विकलांग पार्टी, पार्षद दीपक सिंह, पूर्व पार्षद प्रेम सिंह, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, आनन्द तिवारी आदि उपस्थित थे।

## शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रावतपुर पुलिस ने ताला बंद घरों में चोरों करने वाले गैंग का खुलासा किया है पुलिस ने तीन चोरों ने को अरेस्ट किया है तीनों चोर दिन में अलग-अलग मोहल्लें में रेकी करते थे। ताला बंद मकानों को चिह्नित करके देर रात चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पूछताछ के दौरान सामने आया कि इन्हीं तीनों चोरों ने केशवपुरम में रहने वाले अजय निगम के घर भी ताला तोड़कर लाखों का माल चोरी किया था। इतना ही नहीं चोरी के दौरान घर में चाय-नाश्ता और खाना भी खाया था। रावतपुर थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस केशवपुरम सिलेंडर चौराहे पास गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को देखते ही बाइक सवार तीन युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया और घेरा बंदी करके तीनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम शिवली कानपुर देहात निवासी अखिलेश गौतम, रावतपुर थाना क्षेत्र के विनायकपुर निवासी सौरभ गौतम और तीसरे ने अपना नाम बारासिरोही निवासी राजू कटियार बताया। तलाशी के दौरान तीनों के पास से ताला तोड़ने का औजार बरामद हुआ।पूछताछ में शातिरों ने बताया कि दिन में अलग-अलग मोहल्लें में घूमकर रेकी करते हैं। इसके बाद रात ताला बंद घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं।

## जनता को नमो ऐप से जोड़ने के लिए सौ दिन का लक्ष्य निर्धारित



जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

कानपुर नगर। केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर अभियान की योजना की तैयारी को लेकर सोमवार को जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बैठक की। उन्होंने कहा कि पार्टी नमो ऐप अभियान लगातार 100 दिनों तक चलाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पचास हजार से अधिक लोगों को नमो ऐप से जोड़ने का लक्ष्य है। 100 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में प्रतिदिन भारत के विकास की कहानी, मोदी सरकार की मीडिया कवरेज, विकसित भारत संकल्प यात्रा, राष्ट्र निर्माण के लिए माइक्रो डोनेशन, मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों के लेख, ग्राफिक्स और वीडियो अपलोड किए जाएंगे। लगातार 100 दिनों तक अभियान में सक्रिय और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले लोगों को विकसित भारत एम्बेसडर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य सहित पार्षद तक के जन प्रतिनिधि एवं प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल से लेकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारी नमो ऐप डाउनलोड कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि नमो ऐप अभियान के लिए राम बहादुर यादव को जिला संयोजक और अमित मिश्रा, सिद्धार्थ शर्मा, योगेंद्र सिंह को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। वही किदवई नगर विधानसभा में जसविंदर सिंह को संयोजक अमित बाजपेई, विक्की मोरजानी को सह सयोजक, छावनी में राजन चौहान को संयोजक और तेज बहादुर यादव, सनी जायसवाल को सहसंयोजक, महाराजपुर में वीरेंद्र दिवाकर को संयोजक और नीरज भदोरिया, सौरभ मिश्रा को सहसंयोजक बनाया गया है। बैठक में राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, अमित मिश्रा, वंदना गुप्ता, शिव पूजन सविता आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने गौ तस्करों को गौ मांस के साथ दबोचा




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अर्मापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर अर्मापुर पुलिस ने प्रतिबंधित छह किलो गौ मांस के साथ दो शातिरों को दबोचा है पुलिस ने गौ तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की है। पनकी एसीपी टीबी सिंह ने बताया कि बीते रविवार की रात्रि अर्मापुर पुलिस द्वारा विजयनगर से भौती चौराहे के सड़क मार्ग पर संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान संदिग्ध वाहन वहां आता देख पुलिस ने रोकने का प्रयास किया गया तो वह भागने लगे वहीं पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोका और उसमें बैठे दोनों युवकों को दबोचा पूछताछ के दौरान दोनों युवकों ने अपना नाम चांदी लाल उर्फ मोहम्मद आमिर, जानू उर्फ निहाल निवासी प्रताप नगर थाना डेरापुर कानपुर देहात बताया कार में तलाशी के दौरान 6 किलो प्रतिबंध गौ मांस व 3 कटे सिर,12 कटे पैर बरामद हुआ दोनों ने बताया पकड़े जाने के डर से कर में गौ मांस लेकर जाते थे ताकि पुलिस को शक न हो इस दौरान पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की है।

## दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता पर दी जानकारी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

डॉ.अंबेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडिकैप्ड कानपुर में पद्मश्री सम्मानित प्रोफेसर एच.सी.वर्मा द्वारा सोमवार को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धक उद्बोधन प्रदान किया गया। उन्होंने गणितीय सूत्रों के माध्यम से जीवन के मूल्य एवं अध्ययन की दिशा को समझाया। उन्होंने विज्ञान की बारीकियों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताने के साथ दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता को समझाया। उन्होंने किताबी ज्ञान को तार्किक रूप से समझने एवं रोजमर्रा की व्यवहारिक घटनाओं के माध्यम से समझने पर जोर दिया। उन्होंने बताया की हमें चुनौती से भागना नहीं चाहिए उन्हें स्वीकार करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की निदेशक प्रो.रचना अस्थाना एवं संचालन डॉ.अनुज श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ.रोहित शर्मा, श्री नाथ द्विवेदी, प्रो.पी.के.कमानी मौजूद रहे।

## बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण एवं थीसिस व प्रोफार्मा लेखन पर कार्यशाला का आयोजन




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रथम वर्ष के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में सोमवार को बायोमेडिकल कचरा के निस्तारण एवं थीसिस व प्रोफार्मा लेखन पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला में डॉ.चयनिका काला ने प्रत्येक बच्चे से कचरा निस्तारण का डेमोंसट्रेशन कराया। बताते चले कि एल.एल.आर.अस्पताल में सभी जनपदों से संक्रमण से ग्रसित रोगी आते हैं जिनके द्वारा संक्रमण युक्त कचरा अस्पताल परिसर में उत्पन्न होता है इसका निस्तारण अत्यंत महत्वपूर्ण है जैसा कि हमने कोरोना काल में देखा। संक्रमित कचरे का उचित निस्तारण न होने पर संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। डॉ.दीपक आनंद ने कहा कि छात्रों को शोध कार्य को समझने व लिखने की उचित शैली होनी चाहिए जिससे चिकित्सा महाविद्यालय का अकादमिक क्षेत्र में योगदान बढ़ने के साथ ही इस ज्ञान का उपयोग रोगी हित में होगा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ.संजय काला, डॉ.सीमा द्विवेदी, डॉ.शिव प्रताप सहित 50 पीजी छात्र मौजूद रहे।

### खुले में शराब पी रहे बीस को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। सड़क पर खुलेआम शराब पी रहे 20 लोगों को थाना नौबस्ता पुलिस ने दबोच लिया। सड़क पर खुलेआम शराब पी रहे लोगों को सबक सिखाने के लिए थाना नौबस्ता पुलिस टीम ने कार ओ बार अभियान चलाकर 20 लोगों का धारा 34 पुलिस एक्ट में चालान कर भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न करने की हिदायत दि गया।

### 75वॉ पी0आर0डी0 स्थापना दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में वित्तीय वर्ष में 75वॉ पी0आर0डी0 स्थापना दिवस (हरिक वर्षगांठ) का आयोजन स्थान युव केन्द्र चकरपुर में मनाया गया।उक्त कार्यकम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अरूण पाठक, मण्डल मंत्री भा0ज0पा विकान्त सिंह तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी कानपुर नगर कमल किशोर द्वारा उदघाटन किया गया। उक्त स्थापना दिवस में जनपद की 04 पी0आर0डी0 टोलियों में 88 पी0आर0डी0 जवानों ने प्रतिभाग किया तथा जवानों द्वारा तिरंगे व विभाग के ध्वज को सलामी दी गई। परेड में टोली नम्बर 01 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसका नेतृत्व आशीष शुक्ला द्वारा किया गया।

# अग्निवीर सेना भर्ती रैली को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

* 19 से 29 दिसंबर तक होगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली
* दलालों के चंगुल में न फंसे अभ्यर्थी: कर्नल एसके मोर



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

जनपद के डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में उन्नीस दिसंबर से अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया गया है। सेना भर्ती रैली के आयोजन की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने सेना के अधिकारियों व अन्य जनपदीय अधिकारियों को सेना भर्ती रैली से पूर्व स्टेडियम में समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र तथा सेना के अधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।डीएम राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि सी भर्ती रैली को लेकर जनपद स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में सेना भर्ती रैली को लेकर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।इस दौरान कर्नल एसके मोर ने जानकारी देते हुए बताया कि सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अंतर्गत 13 जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन 19 से 29 दिसंबर तक डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में किया जा रहा है। रैली में लगभग प्रतिदिन एक से डेढ़ हजार अभ्यर्थी भाग लेंगे।जिन्होंने अप्रैल 2023 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण किया है।

यह भर्ती रैली अग्निवीर जीडी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं और दसवीं कक्षा पास ट्रेड के लिए आयोजित की जा रही है। इस रैली में उत्तर प्रदेश के तेरह जिलों अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी कुशीनगर, महाराजगंज, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली संत कबीर नगर, सुल्तानपुर और सिद्धार्थनगर के अभ्यर्थी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती रैली पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी है। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह सतर्क रहें और दलालों का शिकार ना बने या किसी अनुचित साधन का सहारा ना लें। अभ्यर्थी भर्ती रैली के दौरान अपने प्रवेश पत्र में उल्लिखित प्रासंगिक दस्तावेज साथ में अवश्य लेकर आए।


## न सफाई कर्मी न कूड़ादान कैसे होगा गंदगी का समाधान

**जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी**



पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए जगह-जगह लगाए गए कूड़ेदान खुद ही कूड़ा बनकर रह गए हैं। आलम यह है कि कूड़ेदान रखरखाव के अभाव में या तो जंग खाकर गल चुके हैं या फिर उनमें कूड़ा भरा हुआ। लाखों रुपये खर्च कर रखे गए कूड़ेदानों पर ग्राम पंचायतो के जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाई के लिए कर्मचारी भी नियुक्त किए हुए हैं।लेकिन कूड़े को डालने के लिए कोई जगह निश्चित नहीं की गई है। हालांकि, इसके लिए कूड़ेदान रखे गए थे, लेकिन उन कूड़ेदानों की सफाईकर्मी सुध तक नहीं लेते। महीनों तक कूड़ा सड़ता रहता है। इस मामले की ग्रामीणों द्वारा कई बार पंचायत अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। स्वच्छता अभियान के तहत गांव की सफाई के लिए विगत महीनों पहले जगह-जगह कूड़ेदान रखे गए थे। ज्यादातर कूड़ेदान में शोभा बढ़ाते या गंदगी से भरे पड़े देखे जाते हैं।लगे कूड़े के ढेर को गंदगी के बचाए हेतु जला दिया जाता है। नींद में सोए हुए अधिकारी मौका मुआयना तक करने नहीं आते। सरकार की स्वच्छ भारत अभियान मिशन धूल धषित होती देखी जा रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अमेठी ब्लॉक के भुसहरी ग्राम सभा और गंगौली ग्राम सभा पहुंची। भुसहरि ग्राम सभा में आये हुए ग्रामीणों ने स्वस्थ विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में जांच करवा कर दवाई ली।पशु पालन विभाग द्वारा ग्रामीणों को पशुपालन योजना और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।विद्यालय की छात्राओं ने नृत्यगान करके देश प्रेम की प्रति लोगो को आकर्षित किया। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला अध्यक्ष विषुव मिश्र द्वारा **हमारा संकल्प विकसित भारत** की प्रतिज्ञा दिलाई गई।ततपश्चात बीडीओ अमेठी और भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्र द्वारा सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया गया। उसके बाद आवास, शौचालय, सम्मान निधि के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया। इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया तथा मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया।

# एमएमडीपी को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान तथा एम्स एवं स्वयंसेवी संस्था पाथ के सहयोग से सोमवार को ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को एएनएमटीसी कार्यालय में रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता उपचार (एमएमडीपी) का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके तहत उन्हें फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के बारे में बताया गया। जिला मलेरिया अधिकारी भीखूल्लह ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है और यह ऐसी बीमारी है जो ठीक नहीं होती है।

इसका केवल प्रबंधन ही किया जाता है। उचित प्रबंधन और फाइलेरिया प्रभावित अंगों के व्यायाम करने से यह बीमारी नियंत्रित रहती है। इस बीमारी में लिम्फ नोड्स में सूजन आ जाती है। इस मौके पर फाइलेरिया कार्यक्रमके प्रभारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट ब्लॉक स्तर सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ वेलनेस सेंटर पर कैंप लगा कर रोगियों को इसकी जानकारी देते हुए वितरित की जाए तथा फाइलेरिया रोगियों की लाइनलिस्टिंग समय-समय पर जिले पर भेजी जाए। पाथ से डा. पूजा ने बताया कि फाइलेरिया प्रभावित पैरों को बहुत देर तक लटकाकर नहीं रखना चाहिए। सोते समय पैरों के नीचे तकिया लगा लेनी चाहिए ।महिलाओं को प्रभावित पैरों में पायल या बिछिया नहीं पहननी चाहिए।

## करांटे ब्लैक बेल्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकोन कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशन में वा जिला कराटे संघ रायबरेली के तत्वाधान में, रायबरेली के सभी कराटे खिलाड़ियों के लिए ब्लैक बेल्ट आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऐसे सभी खिलाड़ी जो कराटे से ब्लैक बेल्ट करना चाहते हैं निर्धारित समय के अंदर आवेदन पूरा कर लें। आवेदन के लिए पात्र वही खिलाड़ी होंगे जिनके पास येलो बेल्ट (9क्यू) से लेकर ब्राउन बेल्ट (1क्यू) तक की सर्टिफिकेट होगी साथ ही मेडिकल सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सभी की फोटोकॉपी फार्म के साथ जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कराटे एसोसिएशन रायबरेली के जिला कार्यालय से संपर्क करें। सूचना का आधार कराटे एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता व कराटे एसोसिएशन के सचिव राहुल कुमार पटेल के द्वारा प्राप्त हुई है।

# 16वीं जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता संपन्न

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



रायबरेली ताइक्कांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित 16वीं जिला स्तरीय ताइक्कांडो बालक, बालिका प्रतियोगिता का आयोजन मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में 10 दिसंबर रविवार को देर शाम संपन्न हुई, इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सदफ खान प्रिंसिपल रॉयन इंटरनेशनल स्कूल एवं ताइक्कांडो संस्थापक राम प्रकाश पांडे द्वारा किया गया इस प्रतियोगिता में लालगंज बछरावां महाराजगंज ऊंचाहार रायबरेली से एशिया स्पोर्ट क्लब, गोपाल सरस्वती मंदिर, केडी मालवीय विद्या मंदिर, स्टार स्पोर्ट क्लब, फाइटर क्लब, और अन्य क्लब से लगभग ढाई सौ बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया, जो कि इन सब के प्रशिक्षकों में विवेक वर्मा मोहम्मद आसिफ मोहम्मद अनवर संध्या शैलेंद्र कसक मोहम्मद बिलाल सौरभ तथा ताइक्कांडो प्रतियोगिता के राष्ट्रीय निर्णायकों में शिवनंदनी पटेल, रोशनी बानो, सोनाली, मोहम्मद कामरान सिद्दीकी, मोहम्मद अनवर, विवेक श्रीवास्तव, संदीप कुमार, वैभव सोनकर, ने पूर्ण रूप से निर्णायक की भूमिका निभाई इस प्रतियोगिता में टीम में प्रथम स्थान एशिया क्लब द्वितीय स्थान स्टार स्पोर्ट्स क्लब तथा तृतीय स्थान लालगंज रहा प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो संघ के उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान अहमद ताइक्कांडो खिलाड़ी मोहम्मद अखलाक रायबरेली ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रणन्जय सिंह व विजय पासी समाजसेवी मोहम्मद अयाज, महेंद्र त्रिवेदी जिला कराटे संघ के अध्यक्ष मास्टर राकेश कुमार गुप्ता अजय सिंह, डॉक्टर रवि सोनकर, अमित सिंह, सैयद जिया नकवी, मोतीलाल गुप्ता को ताइक्कांडो संघ के सचिव मोहम्मद परवेज खान ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

इन सभी गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को पदक व ट्राफी देकर शुभ आशीष दिया।

# शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न, आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर की गयी चर्चा

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**




शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए मा. सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी के प्रतिनिधि श्री के. एल. शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावों में अब बहुत ही कम समय रह गया है, ऐसे में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। शहरी क्षेत्र का चुनाव में बड़ा महत्व होता है इसी लिए शहर कांग्रेस कमेटी की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है, उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता से सीधे संवाद कर बताये कि भाजपा सरकार रायबरेली के विकास कार्यो में रोड़ा अटका रही है, ताकि मा.सांसद जी की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके, परन्तु जनपद की जनता का विश्वास गांधी परिवार के प्रति सदैव रहा है, वह भाजपा द्वारा चलाये जा रहे षडयंत्र को भलि-भांति समझती है।

सांसद प्रतिनिधि ने नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर की ऐतिहासिक जीत के लिए क्षेत्र की सम्मानित जनता के साथ शहर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने मा.सांसद प्रतिनिधि का स्वागत करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अभी से तैयार है, और जनता के बीच रह कर काम कर रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने उपस्थित सभी कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका से सम्बन्धित कोई भी समस्या हो तो वह सीधा उनसे मिलकर अवगत करा सकता है, और समस्या के समाधान के लिए तुरन्त कार्यवाही की जायेगी। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मा.सांसद प्रतिनिधि ने दलित गौरव संवाद कार्यक्रम के आयोजकों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया, सभा का संचालन संजीव शुक्ल ने किया।

इस अवसर पर सदर समन्वयक रोहित सिंह, मो.इस्लाम, लाल आशकिरन प्रताप सिंह, आशीष द्विवेदी, प्रवक्ता महताब आलम, सुनील सिंह भदौरिया, मुन्ना घोसी, सूर्य कुमार बाजपेई, सर्वोत्तम मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, मनीष सोनकर, सुनील कुमार, हाजी उस्मान, हरमिन्दर सिंह सलूजा, सभासद पुष्पा यादव, विजय लोधी, दीनदयाल निर्मल, मो.हुसैन, मनोज मिश्रा, संजय कुमार श्रीवास्तव, अजीजुल हसन, सै0 अरशद अली, महेश्वर सिंह, सोनू खान, अमित मिश्रा, मो.सरताज, संजय शुक्ला, अंकुर सिंह चैधरी, अभिनव राय, पुतान सोनकर, जीतू तिवारी, मुकेश श्रीवास्तव, बाबू यादव, यज्ञदेव, मो.सुहैल, मो.गौस, शैलेन्द्र यादव, प्रवीण कुमार, बृजेश सिंह, विक्रम पटेल, अंशुमान गांधी, ओम प्रकाश मिश्रा, दिनेश कुमार गौतम, शब्बीर, राज किशोर, अंकित यादव, विनय कुमार, नवीन पाण्डेय, अरूण कुमार बाजपेई, राजेन्द्र प्रसाद, सीनू, अनीस अंसारी, रवि सोनकर, सर्वेश सोनकर सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## नीलगाय से टकराई 2 कारें, वृद्ध की मौत-दंपति समेत 7 घायल

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दोस्तपुर थानाक्षेत्र के किमी 158 और 161 पर दो हादसे हुए। दोनों ही स्थानो पर नील गाय से कार टकरा गई। दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हुई है, जबकि दंपति समेत सात लोग घायल हुए हैं। बलिया जिले के खेजुरी थाना अंतर्गत हाथकुंज निवासी नवीन राय (50 वर्ष) पुत्र रामनाथ अपने पिता विजयनाथ राय (68 वर्ष), पत्नी अल्पना राय (48 वर्ष), पुत्र आदित्य राय (25 वर्ष) और आलोक राय (20 वर्ष) को कार संख्या न्च् 32 न्छ 6577 से आज लखनऊ से बलिया लेकर जा रहे थे। नवीन राय स्वयं कार ड्राइव कर रहे थे। वे जब पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दोस्तपुर थानाक्षेत्र के किमी 158 पर पहुंचे तो सामने से अचानक नीलगाय आ गई। जिससे कार टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। तत्काल यूपीडा के ंव् राम जगत तिवारी एम्बुलेंस आदि के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को दोस्तपुर सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टर ने विजयनाथ को मृत घोषित कर दिया।

# भोजन को अपने हाथों से चेक कर एडीजे ने परखी वृद्धाश्रम की हकीकत

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



तुराबखानी में आनंद भवन वृद्धआश्रम की हकीकत परखने एडीजे अभिषेक सिन्हा पहुंचे। वृद्ध जनों को संबोधित करते हुए अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा ने कहा सम्मान जनक जीवन जीने का अधिकार सभी को है। बच्चे व वृद्ध की देखभाल करना सभी परिवारों का दायित्व है। उसका उल्लंघन करना अपराध है।

वही उन्होंने ये भी कहा अपने अधिकारों को पाने के लिए कानून की सहायता सभी वृद्धजन ले सकते हैं।प्रत्येक जिले में प्रथम अपर जिला जज के न्यायालय में मानव अधिकार उल्लंघन के मामलों की सुनवाई होती है।वृद्ध जनो को उनका अधिकार दिलाने के लिए जनपद में तहसील स्तर पर सुलह अधिकारी होते हैं जिनके नेतृत्व में उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाता है। इस दौरान सचिव ने वृद्ध आश्रम के रसोईघर उनके आवासन व दवाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश संचालक को दिए। प्राधिकरण के अधिवक्ता अमित पांडेय ने कहा कि वृद्ध दया के पात्र नहीं है उनका सम्मान होना चाहिए। कानून इसके लिए है और वह आप लोगों की मदद करेगा। सभी धर्म के लोगों को अपना अधिकार प्राप्त करने का हक है। बच्चे वृद्ध जनों को अपने घर से नहीं निकाल सकते। यदि किसी भी तरह की समस्या वृद्ध जनों को हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मदद लें। आपको अधिकार दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव तत्पर है। अधिकार के प्रति सजग रहेंगे तो निश्चित तौर पर आपको अधिकार से कोई वंचित नहीं कर सकता।

अपर जिला जज अभिषेक सिन्हा वृद्धाश्रम में तैयार भोजन को अपने हाथों से चेक किया। उन्होंने भंडार खाने में रखीं जरूरी वस्तुओं को भी देखकर दिशा-निर्देश जारी किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर सतीश कुमार पांडेय, सौरभ यादव, रवि, अमित विक्रम मिश्र, योगेश यादव मौजूद रहे।

## छोटे-छोटे बच्चों सहित न्याय मांगने डीएम के यहां पहुंचा परिवार

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

डीएम के जनता दरबार में भू-माफिया के आतंक से पीड़ित कुनबा पहुंचा। पीड़िता ने हल्का लेखपाल, कानूनगो, सिपाही और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के सहयोग से जमीन कब्जा करने की शिकायत करते हुए बताया कि तहसील से लेकर जिले तक के अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाया। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अगर अब कार्रवाई नहीं हुई तो आत्मदाह करने को हम मजबूर होंगे। डीएम ने पीड़िता को आश्वस्त करके कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दरअस्ल कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के ग्रामसभा माधवपुर की रहने वाली रूबी पत्नी रामजीत, और निर्मला पत्नी शाहबदीन अपने परिवार के साथ आज डीएम ऑफिस पहुंची। जहां डीएम से मिलकर उसने बताया कि उसके सेहन की जमीन गाटा संख्या 390 में रकबा 0.0160 हे. व गाटा संख्या 390 में 0.0130 हे. पर हल्का सिपाही, लेखपाल, कानूनगो व ग्राम प्रधानपति की शह पर भू-माफिया मेवालाल संतू उर्फ संत बक्श पुत्र सीताराम, राजमणि पुत्र संत बक्श, अशोक कुमार पुत्र छोटेलाल आदि लोग जबरदस्ती व सरहंगई के बल पर नव निर्माण कर रहे। अलाव जलाकर और गाय-भैंस बांधकर, ट्रैक्टर ट्राली खड़ा कर कब्जा कर रहें है। जिससे मेरे परिवार का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पीड़िता ने बताया मना करने पर गालियां देते हुए फौजदारी पर आमादा हो जाते हैं। इसकी सूचना हमने उप जिलाधिकारी लंभुआ, थाना कोतवाली देहात, एसपी सुल्तानपुर को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से और व्यक्तिगत रूप से मिलकर दिया था।

# सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 116 जोड़े

**जन एक्सप्रेस। बल्दीराय, सुल्तानपुर**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को बल्दीराय ब्लाक परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। इसमें 116 जोड़े विवाह बंधन में बंधे, जिसमें 114 वर-बधू ने विवाह मंडप के सात फेरे लिए तो 2 जोड़ों का निकाह हुआ। नवदंपतियों को गृहस्थी का सामान और आशीर्वाद देकर विदा किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की इस पहल से देश की बेटियों व नारी शक्ति को बल मिला है। सरकार अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर लाभ पहुंचाने का संकल्प ली है। इसके लिए कई लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।महिला सशक्तिकरण, नारी वंदन, मिशन शक्ति आदि के माध्यम से महिलाओं को सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाई जा रही है। बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब कन्याओं के विवाह के लिए 51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान करती है। जिसमें से 35 हजार रुपये कन्या के खाते में दिए जाते हैं। 10 हजार रुपये से गृहस्थी का सामान दिया जाता है।

जबकि 6 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। तहसीलदार घनश्याम भारतीय ने परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी नव दाम्पत्य वर वधू को सुखमय जीवन की कामना की। इसके पूर्व खंड विकास अधिकारी सत्य नारायण सिंह ने सभी जोड़े और उनके स्वजनों का स्वागत किया। इस समारोह में पंडितों ने एक साथ मंत्रोच्चारण कर हवन-पूजन किया। इसके बाद 114 वर-वधू की विधिविधान से विवाह कराई, जबकि 2 अल्पसंख्यक जोड़ों का निकाह हुआ।

## जूनियर रेजीडेंट ने पकड़ी रफ्तार, कमीशन की दवाएं लिख रहे हैं धुआंधार

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

लो भैया तब नही तो अब देखो ÷बडें मियां तो बडें मिंयां÷ छोटे मियां सुभान अल्लाह, अभी तक स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों पर इल्जाम था कि डाक्टर बाहर से दवा व जांचे लिख रहे है। लेकिन यहा तो गुनाह ही बेलज्जत हो गया है। मेडिकल कॉलेज/जिला अस्पताल में दलाली होने पर नियमित डाक्टरों पर ही आरोप लगता है, लेकिन यहा तो मामला ही एकदम उलट है, जेआर यानी जूनियर रेजिडेंट मतलब थ्योरिकल डिग्री तो हो चुकी अब प्रैक्टिकल भी तजुर्बा हासिल करके एक कम्प्लीट डाक्टर बनकर लोगों की सेवाएं करें।

लेकिन ये क्या यहां तो जेआर ही सरकार की स्वास्थ व्यवस्था का बंटाधार करने में लगा है। जबकि चर्मरोग की अधिकांश औषधि मेडिकल कॉलेज/जिला अस्पताल में उपलब्ध है, फिर भी यदि कोई दवा नही है तो उसे जन औषधि से सस्ते दाम की दवा लिखी जा सकती है,परंतु जेआर की कलम इसलिए भी जन औषधि की दवाओं पर नही चलती की जो दवाएं बाहर से 250रू.में मिलेगी जन औषधि पर 60 से 70 रू.में मिल जाएगी। इससे मरीज का भी भला होगा और जन औषधि केंद्र का भी,हां लेकिन जेआर का भला नही होगा क्योकि यहा कमीशन नही मिलने वाला, अब ये मामला तेज तर्रार और ईमानदार स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव को समझना होगा की उनके अधिनस्त उनकी पीठ के पीछे क्या गुल खिलाने में लगे है। यदि हालात यही रहे तो एक दाग़ और लगना शुरू हो जाएगा।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 10°C |
| कानपुर | 24°C | 10°C |
| देहरादून | 20°C | 08°C |
| नई दिल्ली | 23°C | 10°C |

# लखनऊ की तहजीब की राष्ट्रपति ने की तारीफ

## द्रौपदी मुर्मू बोलीं, यहां मैं की जगह हम बोला जाता है, जो भारत को जोड़ना सिखाता है

✱ द्रौपदी मुर्मू ने कहा, संयोग से मैं आज बनारस की सुबह और अब अवध की शाम में मौजूद हूं।

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। सोमवार शाम को राष्ट्रपति लखनऊ पहुंचीं। यहां वह डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के 27 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान राष्ट्रपति ने लखनऊ की तहजीब और नफासत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, मुझे लखनऊ आना बहुत अच्छा लगता है। मेरा जन्म उड़ीसा में हुआ है। मुझे हिंदी भाषा की ज्यादा गहरी जानकारी नहीं है, लेकिन मैंने नोट किया है कि यहां के लोग मैं की जगह हम का इस्तेमाल करते हैं। इस प्रकार अकेला व्यक्ति भी अपने आप को समूह से जोड़कर देखता है। हम बोलने की भावना भारत को जोड़ना सिखाती है। द्रौपदी मुर्मू ने कहा, संयोग से मैं आज बनारस की सुबह और अब अवध की शाम में मौजूद हूं। आज की शाम लखनऊ शहर में आप सबके बीच में पहुंच कर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। लखनऊ की तहजीब और नफाजत के किस्से बहुत चर्चित हैं।÷ राष्ट्रपति ने कहा, राजनाथ जी के साथ ही हमारे परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई का भी लखनऊ से गहरा लगाव था।

### रक्षा मंत्री बोले, लखनऊ से मेरा आत्मीय रिश्ता है

इससे पहले रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने कहा, लखनऊ तहजीब का शहर है, दिलों का शहर है। यह हमारे दिल में बसता है। यहां से मेरा दिल का नाता है। हम लोग का सौभाग्य है कि हमारे लखनऊ में सर्वोच्च संवैधानिक संस्था पर बैठी हुई राष्ट्रपति महोदय आज हम सबके बीच में हैं। राष्ट्रपति महोदय यह केवल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ही नहीं हैं, बल्कि यहां मेरा घर है। यहां के लोगों से मेरा आत्मीय रिश्ता है। आपने जब यहां आने की अपनी सहमति दी तो बहुत सारे लोगों को प्रसन्नता हुई। इसलिए आपके आगमन के लिए यह मैं अपनी तरफ से आपका हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं।

### जागरुकता से हजारों को फायदा होगा

राष्ट्रपति ने हार्ट केयर के डॉक्टरों से अनुरोध किया कि समाज के जन-जन को स्वस्थ हृदय के बारे में जागरूक करें। एक अस्पताल में 100, 200 और 500 लोगों का इलाज करते हैं, लेकिन जन जागरूकता से हजारों को लाभान्वित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों को कम दर पर अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे और हम सभी मिलकर स्वस्थ व समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे।



### इलाज के लिए लखनऊ के बाहर जाने की जरूरत नहीं

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मैं स्वागत करती हूं। उन्होंने कहा, लखनऊ आज शिक्षा का हब बनने के साथ ही चिकित्सा का हक बनने के क्षेत्र में भी बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां अनेक चिकित्सा संस्थाएं हैं जो बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। चाहे एसजीपीजीआई हो, राम मनोहर लोहिया हो या अन्य निजी चिकित्सा संस्थाएं हों, प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेश और देश से भी लोग इलाज के लिए यहां आते हैं। राज्यपाल ने कहा, लखनऊ में अनेक गंभीर रोगों का इलाज भी होने लगा है। जिससे यहां के लोगों को मुंबई, चेन्नई या दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। उन्होंने कहा कि मानसिक और शारीरिक तनाव के कारण भी बीमारियां बढ़ रही हैं। एक अनुमान के अनुसार देश में 6 से 7 करोड लोग हृदय रोग से पीड़ित हैं। अगर हम इसमें डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को भी ऐड कर लें तो ज्यादातर लोग इससे ग्रसित है। इससे बचाव और रोकथाम के लिए ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

# सेवानिवृत्त पीसीएस अफसर की बेटी से चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म, नशीला पदार्थ पिलाकर की वारदात

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में रहने वाले सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी की बेटी को तीन युवक बहाने से अपने साथ ले गए और जबरन नशीला पदार्थ पिलाया कर चलती कार में गैंगरेप किया। घटना के बाद आरोपियों ने उसे मुंशीपुलिया के पास छोड़ा और भाग निकले। रविवार को वजीरगंज थाने में गैंगरेप का केस दर्ज किया गया और पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कार बरामद कर ली है। डीसीपी पश्चिम राहुल राज के मुताबिक विभूतिखंड इलाके में सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी की 22 साल की बेटी रहती है। उनका केजीएमयू मानसिक रोग विभाग में इलाज चल रहा है। युवती अक्सर इलाज के लिए वहां अकेले आया करती थी। इस दौरान बाहर चाय की दुकान पर काम करने वाले मड़ियांव निवासी सत्यम मिश्र से उसकी जान-पहचान हो गई। पांच दिसंबर को युवती इलाज के लिए पहुंची। डॉक्टर को दिखाने के बाद वह सत्यम की दुकान चाय पीने पहुंच गई। इस दौरान उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। उसने सत्यम से मोबाइल चार्ज करने के लिए कहा तो सत्यम ने एंबुलेंस चालक बाजारखाला निवासी मोहम्मद असलम की एंबुलेंस में मोबाइल को चार्जिंग पर लगवा दिया। कुछ देर के बाद युवती ने सत्यम से अपना मोबाइल लेकर आने की बात कही तो उसने बताया कि एंबुलेंस चालक गाड़ी लेकर डालीगंज चला गया है। सत्यम युवती को ई-रिक्शे से डालीगंज लेकर पहुंचा तो युवती को बताया गया है कि एंबुलेंस आईटी चौराहे पर है। वह लोग वहां पहुंचे तो कोई नहीं मिला। इस बीच वैगनआर कार सवार चाय दुकान मालिक बाजारखाला निवासी मोहम्मद सुहैल और असलम पहुंचे। उन लोगों ने सत्यम और युवती को अपनी कार में बैठा लिया।

### बाराबंकी सफेदाबाद ढाबे पर खिलाया खाना

आईटी चौराहे से कार में युवती को बैठाने के बाद आरोपी बाराबंकी सफेदाबाद एक ढाबे पहुंचे। पहले उन लोगों ने साथ मिलकर खाना खाया। इसके बाद युवती को जबरन नशीला पदार्थ पिला दिया। युवती कुछ ही देर में नशे में हो गई तो आरोपियों ने उसको जबरन दोबारा गाड़ी में बैठा लिया और चलती कार में गैंगरेप किया। युवती के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी की। इसके बाद आरोपी युवती को कार से मुंशीपुलिया पर छोड़कर भाग निकले। वहां से वह अपनी सहेली के घर पहुंची और सारी बात बताई। वहां से युवती किसी तरह अपने घर पहुंची।

### पुलिस का दावा, पांच दिन बाद शिकायत लेकर पहुंची पीड़िता

डीसीपी का कहना है कि घटना के बाद युवती काफी डरी-सहमी थी। इसके चलते उसने शिकायत नहीं की। रविवार को उसने हिम्मत जुटाई और सारी बात परिजनों को बताई। सूत्र बताते हैं कि युवती सबसे पहले शिकायत लेकर विभूतिखंड थाने पहुंची तो घटना के बारे में पश्चिम जोन के अधिकारियों को बताया गया। मामले की गंभीरता देखते हुए फौरन वजीरगंज थाने में गैंगरेप का केस दर्ज किया गया। पुलिस ने सोमवार को तीनों आरोपियों सत्यम, सुहैल और असलम को शिक्षा भवन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई असलम के भाई की वैगनआर कार भी बरामद कर ली है।

### अश्लील वीडियो बनाए जाने की आशंका

एडीसीपी सीएन सिन्हा ने बताया कि आरोपी सुहैल और असलम के पास से दो मोबाइल फोन मिले हैं। दोनों के मोबाइल पुलिस ने जब्त कर लिए है। युवती का अश्लील वीडियो बनाए जाने की आशंका को लेकर दोनों के मोबाइल फोन फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं।

# कोर्ट के आदेश पर टूटेगा मंदिर, रास्ति अपार्टमेंट के पार्क में बना मंदिर एलडीए तोड़ेगा, स्थानीय लोगों ने किया विरोध



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर विस्तार स्थित रास्ती अपार्टमेंट में बने मंदिर को तोड़ेगा। कोर्ट के आदेश के यह कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, यहां पर अपार्टमेंट के पार्क में स्थानीय लोगों द्वारा चंदा लगातार मंदिर का निर्माण करा लिया गया है। उसका कुछ लोगों विरोध किया। पार्क की जमीन में मंदिर या मस्जिद का निर्माण नहीं हो सकता है। इसी आधार पर कोर्ट ने इसको गिराने का आदेश दिया है। अब आदेश का पालन करते हुए एलडीए प्रवर्तन दल सोमवार को यहां ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने जा रहा है। हालांकि इसके खिलाफ आवंटी एक हो गए है। उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया है। इसको लेकर कुछ आवंटी सुबह से ही मंदिर के पास एकत्र हो गए है। वह एलडीए के खिलाफ नारे लगा रहे है। लोगों का कहना है कि मंदिर तोड़ना ठीक बात नहीं है। एलडीए ने पुलिस आयुक्त से इसको लेकर पुलिस की डिमांड की थी। सुरक्षा की दृष्टि से फोर्स की मांग की गई है। इसके बाद अभियान को तेज किया जाएगा।

### मंदिर में शुरू हुई पूजा अर्चना

मंदिर को तोड़ने के लिए स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना शुरू कर दिया है। इससे कि मौके पर अभियान को रोका जा सके। हालांकि एलडीए की टीम अभियान चलाने की पूरी तैयारी में है। इसको लेकर गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र के अधिकारियों को भी जानकारी दे दी गई है।

## नागरिकों और महिलाओं से अभद्र टिप्पणी पर ईओ निलंबित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

क्षेत्रीय नागरिकों और महिलाओं के विरुद्ध टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अधिशासी अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय इससे सबंधित आदेश जारी कर अधिशासी अधिकारी को स्थानीय निकाय निदेशालय से सम्बद्ध कर दिया है।निदेशक द्वारा आदेश के मुताबिक नगर पालिका परिषद, अहरौरा मिर्जापुर के अधिशासी अधिकारी राम दुलार यादव के विरूद्ध सोशल मीडिया, वाट्सऐप ग्रुप में क्षेत्रीय नागरिकों एवं महिलाओं के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने का वीडियो वायरल हुआ है।अधिशासी अधिकारी राम दुलार यादव को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने के कारण तात्कालिक प्रभाव से निलंबित करते हुए स्थानीय निकाय निदेशालय से सम्बद्ध कर दिया गया है।

# आरटीओ प्रशासन की लापरवाही के चलते फिटनेस सेंटर पर किए जा रहे लगातार नियम विरुद्ध कार्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



गाड़ी का फिटनेस कराना हो तो ट्रांसपोर्ट नगर फिटनेस सेंटर के बाहर पेंटर से पेंट करा लीजिए और प्राइवेट गाड़ी को कामर्शियल बना लिजिए। सबसे बड़ी बात यह है कि यह सब कार्य ट्रांसपोर्टनगर फिटनेस सेंटर पर लगे कैमरे के समाने होता है और अधिकारी देखकर भी अंजान बने रहते है। रेडियम नम्बर नही लगा है तो वह भी मौके पर लग जायेगा। लेकिन इसके लिए गाड़ी मालिक को मौके पर दोगुना पैसा देना पड़ेगा। सरोजनीनगर से गाड़ी फिटनेस कराने आये मोहन ने बताया कि गाड़ी में कभी कुछ कमी बताई जाती है तो कभी कुछ ऐसे मे परेशान होकर पैसा देना पड़ता है तब जाकर कार्य हो पाता है। इसके अलावा सुबह होते ही फिटनेस सेंटर के बाहर दलालो का जमावड़ा लग जाता है। ऐसे में जो आवेदक गाड़ी फिटनेस सेंटर के बाहर लाईन लगाये रहते हैं उनका नम्बर भी नही आ पाता है। ऐसे में देर शाम तक हंगामा होता रहता है। सोमवार को भी फिटनेस सेंटर पर गाड़ी फिटनेस कराने पहुंचे जावेद ने बताया कि कुछ लोग ट्रांसपोर्टर बनकर आरआई के कमरे में बैठे रहते है और जो जितना ज्यादा पैसा देता है उसका कार्य जल्द कराने के लिए फाईल को लेकर अधिकारियों के सामने चक्कर काटते रहते है। ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन ने बताया कि फिटनेस सेंटर के बाहर कौन क्या करता है इससे कोई मतलब नही है। लेकिन ऐसा हो रहा है तो इसकी जांच कराकर ऐसे लोगों के खिलाफ जल्द कार्यवाही की जायेगी।

# विपक्ष के पास न नेता न नीति और न विजन : केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

✱ मोदी की भ्रष्टाचार के विरूद्ध दी गई गारन्टी से बौखलाये विपक्षी दल : ब्रजेश

✱ बीजेपी के दो दिवसीय कार्यक्रम में विस्तारकों को मिला संगठनात्मक कार्ययोजना का प्रशिक्षण

भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग काशी, गोरखपुर एवं अवध क्षेत्र के विस्तारकों के प्रशिक्षण के साथ सोमवार को सम्पन्न हुआ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने संगठनात्मक कार्ययोजना के धरातलीय क्रियान्वयन का विस्तारकों को प्रशिक्षण दिया। वर्ग में आईटी एवं सोशल मीडिया का प्रशिक्षण विस्तारकों को दिया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2024 में तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के साथ ही देश सौ वर्ष आगे बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा देश का वातावरण पूरी तरह से भाजपा के अनुकूल है। आज विपक्ष के पास न कोई नेता, न कोई नीति और न ही देश को आगे ले जाने का कोई विजन है। विपक्षी गठबंधन में जितने दल है उतने ही प्रधानमंत्री पद के दावेदार है। श्री मौर्य ने विस्तारकों से कहा कि हमें अपने कार्य क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित करके तथा समय का वर्गीकरण करके कार्य करना चाहिए जिससे कार्य सफल भी होगा तथा प्रभावी होगा। हम सभी को प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ, मंडल, जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से सम्पर्क व समन्वय का काम प्राथमिकता के आधार पर करना है।प्रदेश केउपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव निकट है इसलिए अब कार्य की गति भी बढ़ानी होगी। भाजपा सतत जनता के बीच रहकर कार्य करने वाला एक राजनैतिक दल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। श्री पाठक ने कहा कि मोदी की भ्रष्टाचार के विरूद्ध देश को दी गई गारन्टी से विपक्षी दल बौखलाये हुए है और भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बचाने के लिए सब एक जुट हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार, परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण, अशिक्षा और गरीबी के विरूद्ध है जबकि विपक्ष सिर्फ भाजपा और मोदी जी के विरूद्ध है। उन्होंने विस्तारकों से संवाद करते हुए कहा कि अपने परिश्रम, समर्पण एवं लगनशीलता के साथ प्रत्येक बूथ की मजबूती के लिए जुटकर काम करना है और प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का लक्ष्य प्राप्त करना है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रशिक्षण वर्ग में विस्तारकों से संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक विस्तारक क्षेत्र में जाकर समन्वय स्थापित कर कार्यकर्ताओं को संगठन के अभियान एवं कार्यक्रमों में सक्रियता के लिए प्रेरित करने का काम करें तथा स्थानीय नागरिकों को संगठन की विचारधारा से जोड़ने का काम करें।

# जब तक विधायिका मजबूत नहीं होगी तब तक लोकतंत्र मजबूत नही होगा : सतीश महाना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

✱ लोकतंत्र में विपक्ष की भी महत्वपूर्ण होती है भूमिका

देश की श्रेष्ठ विधानसभाओं में सबसे आगे उत्तर प्रदेश की विधानसभा पर्यटन का नया केन्द्र बनता जा रहा है। पर्यटक छात्र छात्राएं आए दिन इसकी खूबसूरती देखने के लिए आ रहे हैं। बहराइच तथा कानपुर के छात्र छात्राओं और अध्यापकों के दो दलों ने आज विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को बताया कि अब तक विधानसभा के बारे में केवल सुना था लेकिन आज इसे देखकर यह बात सत्य हो गयी कि अपनी विधानसभा सबसे अच्छी विधानसभा है। बहराइच के सेठ आनन्द राम जयपुरिया स्कूल 145 छात्र छात्राओं, 15 अध्यापक अध्यापिकाओं के अलावा कानपुर के एलेन हाउस पब्लिक स्कूल के 20 सदस्यीय दल ने पूरे विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हे बताया कि यह विधानसभा केवल 403 विधायको की नही बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता की विधानसभा है। लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जनता के प्रति जवाबदेह होने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी विधायक की होती है न कि किसी अधिकारी की। जब तक विधायिका मजबूत नही होगी तब तक लोकतंत्र मजबूत नही होगा। 18वीं विधानसभा में अधिकतर पढ़े लिखे विधायक हैं। राजनीति का स्वरूप अब बदल रहा है,इसलिए अच्छे लोगों को राजनीति में आना चाहिए। एक छात्रा के सवाल के जवाब में श्री महाना ने बताया कि एक सिक्के दो पहलू की तरह ही लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। इस मौके पर जब एक छात्र ने यह जानना चाहा कि आखिर विधानसभा में क्या कार्य किए जाते हैं? श्री महाना ने उन्हे बताया कि विधानसभा में विधेयक पारित किए जाते हैं। जिसके अंतर्गत कानून व्यवस्था से लेकर जनहित के विकास के कार्य किए जाते हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री महाना ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सभी सदस्यों को अपनी बात कहने का अधिकार होता है लेकिन कोई भी सदस्य बिना विधानसभा की नियमावली के तहत ही सदन में अपनी बात रह सकता है। इस मौके पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे भी उपस्थित थे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति/पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.1: ई–निविदा सं: CPM-GS-IZN-2023-32 कार्य का नाम:** अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत बदायूँ स्टेशन का विकास, **अनुमनित निविदा मुल्य:** ₹3,76,84,436.43 **बयाना राशि:** ₹3,38,400.00 **निविदा प्रपत्र का मुल्य(रू):** निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 (छः) माह।

बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि: 20.12.2023, उपरोक्त ई– निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि– दिनांक 03.01.2024, 15.00 बजे तक, उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 03.01.2024, 15.30 बजे, निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति/इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू–450

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# इटौंजा के पलिया गांव स्थित नमकीन फैक्ट्री में लगी आग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बीकेटी तहसील क्षेत्र इटौंजा थाना महिगवां चौकी क्षेत्र के पलिया गांव स्थित नमकीन फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। बता दें कि इससे पहले 9 महीने में दूसरी बार नमकीन फैक्ट्री में आग लगी है सूत्रों कि माने तो रिफाइंड पाइपलाइन की जॉइंट टुटने से आग लगी थी बार-बार नमकीन फैक्ट्री में आग लगने की घटनाओं से फैक्ट्री संचालक की लापरवाही सामने आ रहीं हैं। इससे 9 महीने पहले नमकीन फैक्ट्री में आग लगने से लगभग 2 करोड़ का नुकसान फैक्ट्री संचालन ने दिखाया था। नमकीन फैक्ट्री में आग लग जाने से लाखों का सामान जल कर राख हो गया है फैब्कॉन एग्रो प्राइवेट लिमिटेड नमकीन फैक्ट्री में 9 महीने पहले आग लगी थी उसमें भी भारी नुकसान हुआ था। वहीं फायर ब्रिगेड व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी सर्वेश कुमार शुक्ला मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री में आग लगने के कारण के लिए जांच पड़ताल कर रहे हैं उन्होंने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और महिगवां चौकी प्रभारी पटेल राठी भी आपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहें।

# योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

✱ योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग किया जाए

✱ पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति दिलवायी जाय : नरेन्द्र कश्यप



प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाय। योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग किया जाय। दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के प्रोत्साहन हेतु नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार किया जाय। पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत और समय से छात्रवृत्ति दिलवायी जाय। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय में दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रखा जाय और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाय। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों में अगले वित्तीय वर्ष के लिए योजनाओं के अनुरूप बजट का प्रस्ताव तैयार किये जायें, जिससे कि योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने का कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनो के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को मिले। किसी प्रकार की समस्या आने पर इसका त्वरित समाधान किया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य समयबद्ध रूप से किया जाय। पिछडे वर्ग के युवाओं के कंप्यूटर प्रशिक्षण में शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जाय। शादी अनुदान योजना के आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित कर योजना का लाभ दिया जाय। बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुनील कुमार चौधरी, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मायावती ने भतीजे आकाश के नाजुक कंधों पर क्यों डाल दिया हाथी का भार?

**यूपी में बीएसपी को 2017 में 19 सीटें मिली थीं और तब उनका वोट प्रतिशत 22.20 था। साल 2012 में बीएसपी को 80 सीटें और 25.90 फीसदी वोट मिले। जबकि, 2007 में 206 सीटों के साथ 30.40 फीसदी वोट हासिल हुए और 2002 में 98 सीटें और 23.10 फीसदी वोट मिले थे। लेकिन 2022 के चुनाव में बीएसपी को सिर्फ एक सीट नसीब हुई और पार्टी को 13 फीसदी से भी कम वोट मिले हैं। जबकि, 1996 से लेकर आज तक बीएसपी को यूपी के किसी भी विधानसभा चुनाव में 19 फीसदी से कम वोट नहीं मिले थे।**

*आकाश आनंद बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती के भतीजे हैं। बसपा प्रमुख ने आकाश को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया है। अपनी स्थापना के 39 वर्ष की यात्रा में बसपा राजनीतिक हैसियत के हिसाब से काफी बुरे दौर से गुजर रही है। आकाश आनंद बसपा सुप्रीमो के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। आकाश ने लंदन से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। परिवारवाद के खिलाफ हमेशा बात करने वाली मायावती ने कभी अपने भाई आनंद कुमार को तरजीह नहीं दी। लेकिन, विरासत की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे किया। बसपा प्रमुख 2017 में सहारनपुर की हुई रैली में आकाश आनंद को अपने साथ मंच पर लाई थीं। इसे आकाश आनंद की पॉलिटिकल लॉन्चिंग मंच भी कहा जाता है। इसके बाद से ही उन्हें मायावती के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाने लगा। अब आकाश को राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित करके 28 वर्ष के आकाश के नाजुक कंधों पर हाथी जितना भारी वजन रख दिया है। बसपा से जुड़ने के बाद आकाश आनंद वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल रहे हैं। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान आकाश को राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर बनाने के बाद पहली बार चुनावों में पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी थी। मायावती ने भी सभी राज्यों में रैलियां कीं। कोशिश यह थी कि अगर यहां बेहतर प्रदर्शन होता है तो इसका श्रेय आकाश को ही जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालिया पांच राज्यों के चुनाव में भी मिजोरम में तो बसपा ने चुनाव नहीं लड़ा। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलगांना में पार्टी चुनाव मैदान में उतरी। पिछले चुनाव के मुकाबले चारों राज्यों में बसपा की सीटें और वोट प्रतिशत दोनों घटे हैं। राजस्थान और एमपी के शुरुआती रुझानों में बसपा कुछ सीटों पर टक्कर देती दिखी, लेकिन राजस्थान को छोड़कर कहीं खाता नहीं खोल सकी। राजस्थान में उसे दो सीटों पर जीत मिली है। बसपा ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान किया है। इससे पहले पार्टी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में पूरा जोर लगाया। पार्टी की मंशा यह थी कि इन राज्यों में अगर पहले जैसा या उससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो इसका फायदा लोकसभा चुनाव में मिलेगा। भविष्य में चुनाव बाद गठबंधन बनता है तो उसमें भी वह जोड़-तोड़ की स्थिति में आ सकती है। नतीजों ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया। दो राज्यों- छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ा। राजस्थान और तेलंगाना में सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे, लेकिन पार्टी कोई करिश्मा नहीं कर सकी। बसपा संस्थापक कांशीराम ने अस्सी के दशक में दलित समुदाय के बीच ऐसी राजनीतिक चेतना जगाई कि यूपी में बसपा की 4 बार सरकार बनी और मायावती मुख्यमंत्री रहीं। यूपी से सटे बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़ में भी बसपा अपनी जड़ें जमाने में सफल रही थी। भले ही यूपी की तरह देश के दूसरे राज्यों में बसपा की सरकार न बनी हो, लेकिन विधायक और सांसद जीतते रहे हैं। दरअसल, कांशीराम के निधन के बाद से दलित और पिछड़ी जातियों का बसपा से लगातार मोहभंग होता चला गया। मायावती के हाथों में बसपा की कमान आने के बाद पार्टी ने 2007 में यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। लेकिन जातीय क्षत्रपों के धीरे-धीरे बसपा से निकलने और निकाले जाने के बाद पार्टी कमजोर होती चली गई। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में बसपा का ग्राफ चुनाव-दर-चुनाव गिर रहा है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**कोर्ट ने कहा कि लोग न्याय की आस में अपने वाद दायर करते हैं, इसलिए सभी हितधारकों को यह सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी है कि न्याय मिलने में देरी के कारण इस प्रणाली में लोगों का विश्वास कम न हो। बेशक, भारत की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़ी करती है न्याय मिलने में होने वाली अभूतपूर्व देरी। इस तरफ तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। जरा सोचिए कि जब सलमान रुश्दी जैसी अंतरराष्ट्रीय शख्सियत को न्याय के लिए इतना जूझना पड़ रहा है, तो आम इँसान की कोर्ट में क्या हालत होती होगी। हमारे यहां कहा ही जाता है कि किसी को दुख देना है तो उसे किसी कानूनी केस में फंसा दो या फिर पुरानी यानी सेकिंड हैंड कार दिलवा दो।**

# न्याय की आस में पचास साल से सलमान रुश्दी



आर.के. सिन्हा

**आप देश के किसी भी भाग में निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाकर देख लें। वहां पर आपको इंसाफ के लिए जूझते बेबस लोग मिलेंगे। किसी को कुछ नहीं पता होता कि उनके केस का फैसला कब आएगा। अब इस समस्या को और लटकाना नहीं चाहिए। इसका तत्काल हल खोजना जरूरी है।**

लेखक सलमान रुश्दी की दिल्ली के पॉश एरिया फ्लैग स्टाफ रोड में पैतृक संपत्ति का कोर्ट में बीती आधी सदी से चल रहा कानूनी विवाद इस बात की चीख-चीख कर पुष्टि करता है कि हमारे यहां कोर्ट के रास्ते से न्याय पाना कितनी कठिन और थकाने वाली प्रक्रिया है। दरअसल रुश्दी के पिता अनीस अहमद रुश्दी ने पूर्व कांग्रेस नेता और सांसद भीखू राम जैन से 1970 में 3.75 लाख रुपये में संपत्ति बेचने का समझौता किया था। जैन ने रुश्दी को कुछ बयाना भी दे दिया था। पर रुश्दी सौदे से मुकर गए और इसके बाद से यह केस निचली अदालतों से देश की सर्वोच्य अदालत में झूल रहा है। भारत में अदालती मामलों में फैसला आने में देरी की वजह सभी स्तरों के न्यायालयों द्वारा पीड़ित व्यक्ति या संगठन को न्याय प्रदान करने में होने वाली है। आप जानते हैं कि देश में न्यायपालिका तीन स्तरों पर काम करती है - सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, और जिला न्यायालय। अदालती मामलों को दो प्रकारों में बांटा गया है - सिविल और क्रिमिनल। 2022 में पूरे भारत में लंबित रहने वाली सभी कोर्ट केस की संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई थी, जिसमें जिला और उच्च न्यायालयों में 30 से भी अधिक वर्षों से लंबित 169,000 मामले शामिल हैं। दिसंबर 2022 तक 5 करोड़ मामलों में से 4.3 करोड़ यानी 85त्न से अधिक मामले सिर्फ जिला न्यायालयों में लंबित हैं। सरकार स्वयं सबसे बड़ी वादी है, जहां 50 प्रतिशत लंबित मामले सिर्फ राज्यों द्वारा दायर हैं। सरकार और कानून की दुनिया के सभी पक्षों को इस बारे में सोचना होगा किभारत में दुनिया के सबसे अधिक अदालती मामले क्यों लंबित हैं? 2018 के नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारी अदालतों में मामलों को तत्कालीन दर पर निपटाने में 324 साल से अधिक समय लगेगा। उस समय 2018 में 2.9 करोड़ मामले कोर्ट में लंबित थे। अदालतों में देरी होने से पीड़ित और आरोपी दोनों को न्याय दिलाने में देरी होती है। अप्रैल 2022 में बिहार राज्य की एक अदालत ने 28 साल जेल में बिताने के बाद, सबूतों के अभाव में, हत्या के एक आरोपी को बरी कर दिया। उसे 28 साल की उम्र में गिरफ्तार किया गया था, 58 साल की उम्र में रिहा किया गया। भारत में 2022 में जजों की स्वीकृत संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 21.03 की थी। जजों की



**2018 के नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारी अदालतों में मामलों को तत्कालीन दर पर निपटाने में 324 साल से अधिक समय लगेगा। उस समय 2018 में 2.9 करोड़ मामले कोर्ट में लंबित थे। अदालतों में देरी होने से पीड़ित और आरोपी दोनों को न्याय दिलाने में देरी होती है।**

कुल स्वीकृत संख्या सर्वोच्च न्यायालय में 34, उच्च न्यायालयों में 1108, और जिला अदालतों में 24,631 थी। भारत के विधि आयोग और न्यायमूर्ति वी एस मलीमथ की समिति ने जजों की संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 50 तक बढ़ाने की सिफारिश की थी। जजों की स्वीकृत संख्या निर्धारित होने के बावजूद, भारत की अदालतों ने जजों की रिक्ति के कारण काफी समय से पूरी क्षमता में काम नहीं किया है। 2022 में भारत में जजों की असल संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 14.4 की थी। यह संख्या 2016 में 13.2 की थी और तब से इसमें बहुत मामूली बदलाव हुआ है। इसकी तुलना में, जजों की संख्या यूरोप में प्रति दस लाख आबादी पर 210 है, और अमेरिका में 150 हैं। गैर-न्यायिक कर्मचारियों के पद भी रिक्त हैं, कुछ राज्यों में 2018-19 में 25त्न तक रिक्तियां थी। सरकार ने कुछ समय पहले राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि कई अदालतों में लंबित मामलों की संख्या कुछ महीनों में 5 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच सकती है। लंबित मामलों के मुद्दे पर चिंता जताते हुए सरकार ने कहा था कि ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में कमी आ सकती है, लेकिन असली चुनौती निचली अदालतों में है। एक बात समझ लें कि लंबित मामलों की बढ़ती संख्या से सुप्रीम कोर्ट भी परेशान है। उसका मानना कहा है कि लंबित मामलों को निपटाने और सुनवाई टालने के तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने की तत्काल जरूरत है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने पिछले माह दिए अपने एकआदेश में जिला और तालुका स्तर की सभी अदालतों को समन की तामील कराने, लिखित बयान दाखिल करने, दलीलों को पूरा करने, याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार या इनकार करने की रिकॉर्डिंग और मामलों के त्वरित निपटारे आदि के निर्देश दिए।पीठ ने पांच साल से अधिक समय से लंबित पुराने मामलों की लगातार निगरानी के लिए संबंधित राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों की ओर से समितियों के गठन का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि लोग न्याय की आस में अपने वाद दायर करते हैं, इसलिए सभी हितधारकों को यह सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी है कि न्याय मिलने में देरी के कारण इस प्रणाली में लोगों का विश्वास कम न हो। बेशक, भारत की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़ी करती है न्याय मिलने में होने वाली अभूतपूर्व देरी। इस तरफ तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। जरा सोचिए कि जब सलमान रुश्दी जैसी अंतरराष्ट्रीय शख्सियत को न्याय के लिए इतना जूझना पड़ रहा है, तो आम इँसान की कोर्ट में क्या हालत होती होगी। हमारे यहां कहा ही जाता है कि किसी को दुख देना है तो उसे किसी कानूनी केस में फंसा दो या फिर पुरानी यानी सेकिंड हैंड कार दिलवा दो। आप देश के किसी भी भाग में निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाकर देख लें। वहां पर आपको इंसाफ के लिए जूझते बेबस लोग मिलेंगे। किसी को कुछ नहीं पता होता कि उनके केस का फैसला कब आएगा। अब इस समस्या को और लटकाना नहीं चाहिए। इसका तत्काल हल खोजना जरूरी है। देश के आम जन का देश की न्याय व्यवस्था पर भरोसा बना रहना चाहिए।

## एक्सप्रेस कविता

*वक्त में जो काम आए वह सच्चा मित्र होता है। साथ साथ जो कंधे से कंधा मिलाकर पसीना बहाए, वह अच्छा मित्र होता है। मित्र और शत्रु की पहचान बुरे वक्त में ही होती है। भारत और रूस की मित्रता पूरी दुनिया जानती है। भारत और रूस को परंपरागत मित्र मानती है। रूस ने किया निवेदन भारत को देना होगा अखंड शांति का प्रतिवेदन। यदि रूस देश भारत के काम आया युद्ध के संकट में कभी, तो भारत का भी फर्ज बनता है की भारत यूक्रेन विश्व युद्ध की आशंका में भारत रूस का मनोबल ऊंचा रखने सदैव साथ दे झंडा ऊंचा रखने, इस युद्ध की घड़ी में यूक्रेन और रूस के बीच मध्यस्थता कर विश्व शांति का एक पुनीत संदेश प्रदान करें, और वैश्विक स्तर पर अपना कद ऊंचा और ऊंचा रखें।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*उम्र थका नहीं सकती, ठोकरें गिरा नहीं सकती, अगर जीतने की जिद हो तो, परिस्थितियाँ हरा नहीं सकती।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | अमावस्या 29:01 तक |
| नक्षत्र: | अनुराधा 11:56 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | धृति, 18:51 |
| सूर्योदय: | 07:04 |
| सूर्यास्त: | 17:24 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 14:49-16:07 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:53-12:35 |

## जन एक्सप्रेस

**है मचा बवाल !**

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहँसाई ।।*
*रहें सब महफूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# टाइम पर नहीं आते पीरियड्स तो पिएं हल्दी और जीरे का पानी




**बदलते** लाइफस्टाइल, खान-पान और अन्य कारणों से कई महिलाओं में अनियमित पीरियड्स की समस्या काफी आम हो गई है। लेकिन अनियमित पीरियड्स आपके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है, इसलिए सही समय पर पीरियड्स आना किसी भी महिला के सेहत के लिए बहुत जरूरी है। अगर आपको भी अनियमित पीरियड्स की समस्या है, तो इसे हल्के में न लें। न्यूट्रिशनिस्ट मनोली मेहता का मानना है कि, पीरियड्स को नियमित करने के लिए आप नेचुरल चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं, जैसे हल्दी-जीरा पानी। सदियों से इस घरेलू उपाय का इस्तेमाल पीरियड साइकल को नियमित करने और प्रजनन स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए किया जाता रहा है।

**इम्यून सिस्टम को बनाए मजबूत:** हल्दी और शहद का मिश्रण आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है, और आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद करता है, जिससे मासिक चक्र अपने समय पर आ सकता है।

**सूजन रोधी गुण:** हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो अपने सूजन रोधी गुणों के लिए जाना जाता है, और आपरे प्रजनन प्रणाली को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है।

**पेल्विक क्षेत्र में सूजन करें कम:** हल्दी के सूजन-रोधी गुण पेल्विक क्षेत्र में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं, और नियमित मासिक धर्म चक्र को बढ़ावा दे सकते हैं।

**एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर:** जीरा एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो ऑक्सीडेटिव तनाव से निपटने में मदद कर सकता है और आपके स्वास्थ्य का ध्यान रख सकता है, जो अनियमित पीरियड्स का कारण बन सकता है।

**ब्लड शुगर को करें संतुलित:** हल्दी और जीरा दोनों ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इन दोनों को मिलाकर खाने से हार्मोनल संतुलित रहते हैं, जो पीरियड साइकल को नियमित कर सकते हैं।

**एंटी-बैक्टीरियल गुण:** शहद में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो प्रजनन प्रणाली को बेहतर रखने में मदद कर सकता है।

**पाचन क्रिया को बनाए बेहतर:** जीरा पाचन में क्रिया को दुरुस्त रखने में मदद कर सकता है, और स्वस्थ पाचन तंत्र बनाए रखने का काम करता है, जो पीरियड्स को प्रभावित कर सकता है। अगर आप भी अनियमित पीरियड्स की समस्या से परेशान हैं, तो हल्दी-जीरा के इस पानी की सेवन कर सकती हैं। लेकिन अगर आप हार्मोनल असंतुलन, पीसीओएस, प्रेग्नेंसी जैसी समस्याओं से जुझ रहे हैं तो इस ड्रिंक का सेवन करने से पहले एक बार अपने हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह जरूर ले लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# बेदाग छवि के नेता हैं विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ियों की उम्मीदों पर निश्चित ही खरे उतरेंगे



-डॉ. रमेश ठाकुर

**राजनीतिक जीवन पर नजर डालें तो आगाज 1989 में हुआ। सबसे पहले वह अपने ग्राम के सरपंच बने, उसी दौरान उनका संघ से जुड़ाव हुआ, जिले, कस्बों व गांवों में शाखाएं स्थापित करवाईं। प्रचारक की भूमिका में आए, धीरे-धीरे संघ के बड़े नेताओं की नजरों में आ गए।**

**आदिवासी** बाहुल्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की कमान आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को सौंपे जाने का जबसे सार्वजनिक ऐलान हुआ है, छत्तीसगढ़िया फूले नहीं समा रहे हैं। खुश होना वैसे बनता भी है, आखिर इतने वर्षों बाद उनकी ख्वाहिशें पूरी जो हुई हैं। स्थानीय लोग शुरू से चाहते थे कि कोई आदिवासी समाज का व्यक्ति ही प्रदेश का मुख्यमंत्री बने। ऐसा व्यक्ति जो 33 फीसदी आदिवासी समाज का चहेता हो और सामाजिक समूह को लेकर साथ चले। लंबे राजनीतिक अनुभव के अलावा पहचान जमीनी स्तर की हो। ऐसा राजनेता जो उनके बीच सदैव रहा हो। फिलहाल, ये सभी खूबियां विष्णुदेव साय में आकर सिमट जाती हैं। विष्णुदेव प्रदेश के सर्वमान्य नेताओं में गिने जाते हैं। यही कारण है कि आदिवासी समुदाय चाहे कांग्रेस से ताल्लुक रखता हो, या अन्य किसी और सियासी दल से, सभी विष्णुदेव की नियुक्ति से खुश हैं। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से जकड़ा हुआ है, सभी चाहते हैं कि उन बंधक बेड़ियों से उन्हें कोई मुक्त करवाए। विष्णुदेव बेदाग और ईमानदार नेता हैं। पंचायत से लेकर केंद्र तक की महत्वपूर्ण सियासी

**बहरहाल, प्रदेश के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे विष्णुदेव साय से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कभी नाराज भी हुआ था। नाराजगी इस कदर थी कि उन्हें प्रदेश अध्यक्षी से भी हटा दिया गया था। पर, बावजूद इसके उनकी निष्ठा पार्टी के प्रति जरा भी कम नहीं हुई थी। साय लगातार पार्टी गतिविधियों में सक्रिय रहे, संगठन को मजबूत करते गए, नए लोगों को भाजपा से जोड़ते रहे।**

जिम्मेदारियां उन्होंने संभाली हुई हैं। साय बेशक सांसद बनकर केंद्र की राजनीति में पहुंच गए हों लेकिन उनका जुड़ाव स्थानीय स्तर पर कभी कम नहीं हुआ। गांव-कस्बों की टूटी नल-नालियों की परवाह हमेशा करते रहे। केंद्रीय मंत्री भी बने, लेकिन उनके भीतर से ग्राम प्रधान कभी नहीं निकला? वह इसलिए क्योंकि उनकी राजनीति की शुरुआत ही ग्राम प्रधानी से हुई। निश्चित रूप से साय जैसे जमीनी नेता अपने क्षेत्र, समुदाय और प्रदेश में नया इंकलाब लिखने का माद्दा रखते हैं। निश्चित रूप से वह अपने प्रयासों में सफल होने की कोशिश करेंगे। प्रदेश पर इस वक्त करीब 82,125 करोड़ रुपये का कर्ज है। इसके सिवाए महंगाई-बेरोजारी की स्थिति से तो सभी वाकिफ हैं ही, इन सभी चुनौतियों से भी विष्णुदेव को बड़े साहस से लड़ना होगा। हालांकि उन्हें केंद्र सरकार का साथ भरपूर मिलेगा क्योंकि डबल इंजन की सरकार में प्रयासों में गति आना स्वाभाविक होता है। बहरहाल, छत्तीसगढ़ की 33 फीसदी आदिवासी समुदाय के लिए विष्णुदेव मात्र मुख्यमंत्री ही नहीं बनेंगे, बल्कि वो उनके उम्मीदों को पूरा करने वाले नायक भी बनेंगे। जो प्रदेश गठन के बाद अभी तक पूरी नहीं हुई। प्रदेशवासियों की शुरू से मांग रही है कि उनका मुख्यमंत्री उन्हीं के बीच का हो, ताकि उनकी जरूरतों और समृद्ध विरासतों को आगे बढ़ा सके। ऐसे लक्ष्यों को पूरा करने में विष्णुदेव फिलहाल फिट बैठते दिखाई पड़ते हैं। क्योंकि उन्होंने अपने राजनीति कॅरियर से लोगों के बीच वैसी ही छाप छोड़ी है। तभी, चुनाव कैंपेन के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने वोटरों को इशारा भी किया था कि विष्णुदेव को बड़ा आदमी बनाएंगे, उनके लिए कुछ बड़ा सोचा हुआ है। हालांकि, तब लोगों ने उनकी बात को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया था, सोचा कि चुनावों में नेता बहुत कुछ बोलकर चले जाते हैं। पर, इतना नहीं भूलना चाहिए कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह अलग किस्म की गारंटी देते हैं। जहां से लोग सोचना बंद कर देते हैं, ये जोड़ी वहीं से सोचना आरंभ करती है। श्रीमती द्रौपदी मुमू को जब राष्ट्रपति का उम्मीदवार घोषित किया गया था, तभी आदिवासी समाज समझ गया था कि कोई तो है जो उनके विषय में सोचता है। ये भी तय है कि छत्तीसगढ़ को आदिवासी मुख्यमंत्री देने के बाद मोदी-शाह की राजनीति लड़ाई यहीं नहीं थमेगी। अगली फाइट ओडिशा के लिए शुरू होगी, ओडिशा भी आदिवासी बाहुल्य प्रदेश है। छत्तीसगढ़ के बाद वहां के लोगों को भी आदिवासी मुख्यमंत्री देने का संदेश दिया जाएगा। क्योंकि वहां भी चुनाव नजदीक हैं। जहां तक विष्णुदेव साय की बात है तो छत्तीसगढ़ की राजनीति में वो सम्मानीय चेहरा हैं। अजित जोगी के बाद लोग साय से बहुत उम्मीदें करते हैं। क्योंकि साय चार मर्तबा सांसद, दो बार विधायक, केंद्रीय राज्यमंत्री और दो-दो बार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभाल चुके हैं। इसके अलावा उनके पास संगठनात्मक कार्य का लंबा-चौड़ा अनुभव भी है।

# गांवों में योजनाओं की सौगात लेकर आई है भारत संकल्प यात्रा: विधायक नानपारा

जन एक्सप्रेस । बहराइच



**नानपारा।** भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणों के लिए नई सौगात लेकर आई है इस यात्रा के माध्यम से ग्रामीण तक न सिर्फ सरकार की ओर से संचारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा रही है बल्कि उनका लाभ भी दिलवा जा रहा है। यह बात विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अभी तक सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी के लिए विकासखंड मुख्यालय और जिला स्तर पर विभिन्न कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब यात्रा के माध्यम से अधिकारी कर्मचारी गांव गांव पहुंचकर लोगों को जानकारी दे रहे हैं और लाभ भी दिलवा रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन भारत संकल्प यात्रा बहराइच के गांव गांव में भी देखने को मिल रही है। हाडा बसहरी ग्राम पंचायत में भारत संकल्प यात्रा में सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया। यात्रा में सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया तथा भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष कृपाराम वर्मा ने कहा कि अब लोगों को गांव पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है इसलिए लोगों में खुशी है। डीपीआरओ राघवेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। ऐसे में आज भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत हाड़ा बसहरी पहुंची है। यहां पर ग्राम प्रधान इकरा हुसैन ने गांव की महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।सरकार की इस पहल का गांव के लोग सराहना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों को ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन सरकार ने भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव में सरकारी योजनाओं का स्टॉल लगाकर हम लोगों के लिए एक भागीरथ प्रयास का काम किया है। सभी लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ ले रहे हैं। इस अवसर पर बीडीओ बलहा संदीप त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि के रूप में ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ ओम नेता, शोभाराम वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में लाभान्वित किए गए योजनाओं के पात्र लाभार्थी

* सीडीओ ने अफसरों को दिए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । बहराइच



विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकघरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं व्यक्तिगत शौचालयों के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, मनरेगा में 100 मानव दिवस का कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, पुष्टाहार वितरण एवं 6 माह के बच्चों का अन्नप्रासन के साथ-साथ अन्य योजनाओं से भी लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर एल.ई.डी. वैन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार आमजन को योजनाओं की पात्रता इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में सीडीओ रम्या आर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत सरकार की मंशानुरूप अभियान के तहत आमजन को जोड़ा जाय ताकि लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी हो सके। सीडीओ ने कहा कि आयोजन के पीछे भारत सरकार की मंशा है कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े सभी पात्र असंतृप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन में खुशहाली लायी जा सके। उन्होंने जिले के अधिकारियों का आहवान किया कि पूर्व आयोजित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के अनुभव का लाभ उठाते हुए शिविरों का आयोजन इस प्रकार से करें कि जिले के सभी वंचित पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। शिविर के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आये हुए लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाये गये शिविर में एमडीएम मेन्यू तथा उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थों, पुस्तकों, हस्तनिर्मित टी.एल.एम. मॉडल, बच्चों द्वारा तैयार किये गये मतदाता जागरूकता स्लोगन का प्रदर्शन किया गया। शिविर के अन्त में मौजूद लोगों को भारत संकल्प की शपथ भी दिलायी गयी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तिकोनीबाग पुलिस चौकी से शमशान घाट तक बनेगा डिवाईडर

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** तिकोनीबाग पुलिस चौकी से त्रिमुहानी शमशानघाट के रास्ते में मार्ग के दोनों ओर बनने वाले डिवाईडर के सम्बन्ध में मोटर्स व्यापार मण्डल त्रिमुहानी रोड, बहराइच के अध्यक्ष मोहिउद्दीन खान द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रार्थना–पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि डिवाईडर बनने से स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों को काफी असुविधा होगी। डीएम मोनिका रानी ने जनता दर्शन में आये हुए मोटर्स व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों एवं व्यवसाईयों की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को समस्या का समाधान कराये जाने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के कक्ष में प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों एवं नगर पालिका प्रशासन के मध्य वार्ता के माध्यम से डिवाईडर निर्माण पर दोनो पक्षों के मध्य सहमति बन गई।

### जांच में अनाधिकृत मिले 25 ई–रिक्शा

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** नगर को यातायात की समस्या से निजात दिलाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के मार्गदर्शन में अव्यवस्थित रूप से संचालित ई–रिक्शा वाहनों के विरुद्ध संचालित किये गये चेकिंग अभियान के दौरान जांच में 25 ई–रिक्शा अनाधिकृत रूप से संचालित पाये जाने पर कठोर प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए ई–रिक्शा को यातायात कार्यालय, पुलिस लाईन में निरूद्ध कर बन्द कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि डिगिहा तिराहे से गुरूनानक चौक(अस्पताल चौराहा) तक संचालित चेकिंग अभियान के दौरान बिना लाईसेंस, बिना पंजीयन, बिना फिटनेस एवं अव्यस्क आयु के वाहन चालकों द्वारा ई–रिक्शा संचालित किये जाने के कारण 25 ई–रिक्शा के विरुद्ध कार्रवायी करते हुए सीज किया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि भविष्य में भी अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों की जांच हेतु चेकिंग अभियान जारी रहेगा। अभियान के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह, यातायात निरीक्षक आनन्द यादव तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार दो युवकों की मौत,एक ज़ख्मी

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** टेंट का सामान लाद कर जा रहे ट्रैक्टर–ट्राली में सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें ट्रैक्टर ड्राइवर की वहीं पर मौत हो गई, जबकि एक ज़ख्मी युवक ने लखनऊ में दम तोड़ दिया। जबकि तीसरे युवक का इलाज चल रहा है। इस तरह का हादसा रविवार को टड़ियावां थाने के शिवलाल पुरवा के पास होना बताया गया है। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि रविवार को बेनीगंज कोतवाली के हूंसेपुर गांव निवासी 38 वर्षीय चन्द्रशेखर पुत्र राजेश ट्रैक्टर–ट्राली पर गांव से टेंट का सामान लाद कर बरगदिया गांव जा रहा था। उसके साथ उसका चचेरा भाई 32 वर्षीय मुलायम के अलावा गांव का ही 30 वर्षीय सुमित पुत्र मिल्लू भी था। रास्ते में शिवलाल पुरवा के पास सामने से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर–ट्राली में सामने से टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। जिन्हें मेडिकल कालेज लाया जा रहा था,उसी बीच चन्द्रशेखर की मौत हो गई। जबकि सुमित को लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उधर ड्राइवर ट्रक को वहीं पर छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### दो दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में अज्ञात की मौत के शव की हुई शिनाख्त

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** सुरसा थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व सड़क हादसे में हुई महिला की मौत की थाने पहुंच कर परिजनों ने शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच करने में जुट गई जानकारी के मुताबिक शनिवार की देर रात सुरसा थाना के सेमरा चौकी क्षेत्र के हरदोई बिलग्राम मार्ग फतियापुर गांव के पास सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई थी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया बावजूद सफ़लता हांथ नही लग सकी पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया था सोमवार को थाना क्षेत्र के लुगटहना निवासी अरविंद थाने पहुंचे जहां पर पुलिस ने महिला की फ़ोटो दिखाई जिसके बाद अरविंद ने अपनी पत्नी आरती 30 के रुप में शिनाख्त कर ली अरविंद ने बताया उसके दो पुत्रियां ज्योती और रागिनी है आरती मानसिक रूप से बीमार रहती थी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच करने में जुट गई।

### गन्ने से भरी टैक्टर ट्राली पलटनें से चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** गन्ना लादकर शुगर मील जा रहा टैक्टर ट्राली रास्ते में अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें दबकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई हादसे की सूचना पाते ही मौके पर पहुंच कर पुलिस ने ग्रामीणों का सहारा लिया और शव को बाहर निकाल कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के मुताबिक पचदेवरा थाना क्षेत्र के चांद पुर निवासी राम तीर्थ 25 पुत्र धनपाल टैक्टर चालक था परिवार में पत्नी सूभी पुत्र दिव्यांश पुत्री हिमांशी और एक छोटी पुत्री है परिजनों ने बताया रविवार की देर शाम टैक्टर ट्राली मे गांव से गन्ना लादकर रुपा पुर के लिए जा रहा था पाली थाना क्षेत्र के रमापुर पुलिया के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचे दबकर रामतीर्थ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हादसे की सूचना पाते ही मौके पर पहुंच कर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से वाहन के नीचे दबे हुए चालक का शव निकाल कर कब्जे में कर लिया हादसे की खबर पाते ही परिजनों मे कोहराम मच गया सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो शिक्षकों की मौत

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** तेज़ रफ्तार कार स्कूल से वापस लौट रहे दो बाइक सवार शिक्षकों को एक तेज रफ्तार कार कुचलते हुए पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों शिक्षकों की मौके पर मौत हो गई। बावन रोड पर कोतवाली शहर के समदा गांव के पास हुए हादसे की खबर सुनते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि बघौली थाने के पिपोना पोस्ट बम्हनाखेड़ा निवासी 38 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र प्रेम कुमार सिंह और हमीरपुर ज़िले के परछछ निवासी 34 वर्षीय देवीदीन पुत्र फुल्लू भरखनी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय उमरिया में शिक्षक थे। सोमवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद दोनों शिक्षक रोज़ की तरह एक साथ बाइक से वापस शहर लौट रहे थे। जैसा कि बताया गया है कि दोनों शिक्षक शहर में किराए पर रहते थे और उनका एक साथ आना–जाना रहता था। वापस लौटते वक्त जब उनकी बाइक बावन रोड पर कोतवाली शहर के समदा गांव के पास पहुंची,तभी एक तेज़ रफ्तार कार उन दोनों को कुचलते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि दोनों शिक्षक और उनकी बाइक खाई में जा गिरी, दोनों की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां आस–पड़ोस के तमाम गांव वाले दौड़ आए। उसी बीच कार सवार वहां से भाग निकले। आनन–फानन वहां पहुंची एम्बुलेंस–108 से उन दोनों शिक्षकों के शवों को मेडिकल कालेज ले जाया गया, वहां सीएमएस डा.जेके वर्मा और एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय वहां पहले से ही मौजूद थे। इस बारे में एसएचओ श्री पाण्डेय ने बताया है कि हादसे की गहराई से जांच–पड़ताल की जा रही है।

# कम खाद्यान्न किए जाने की शिकायत पर कोटेदार ने कार्ड धारक को मारा थप्पड़


* घटना मोबाइल फोन के कमरे में कैद सोशल मीडिया पर वायरल अधिकारी मौन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**मिहीपुरवा।** पूरे जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली दम तोड़ रही है। विभागीय अधिकारियों के शहर पर कोटेदार मनमानी कर रहे हैं और कार्ड धारक यातनाओं का शिकार हो रहे हैं। जिले के धर्मापुर गांव निवासी एक ग्रामीण ने रविवार को खाद्यान्न वितरण में घटतौली का विरोध किया तो कोटेदार ने थप्पड़ जड़ दिया। ग्रामीण ने शिकायत पुलिस के साथ पूर्ति निरीक्षक से भी की है। मिहींपुरवा तहसील के ग्राम सभा धर्मापुर में कार्ड धारक को घटतौली करने का विरोध करना भारी पड़ गया। धर्मापुर गांव के कार्डधारक कमलेश निषाद पुत्र शंभू निषाद सरकारी गल्ले की दुकान पर गया था। कोटेदार मुकेश पुत्र धनी राम द्वारा प्रति यूनिट पर एक किलो कटौती किये जाने का विरोध किया। जिससे नाराज दबंग कोटेदार ने कार्ड धारक को थप्पड़ जड़ दिया। सहयोग की अपेक्षा से कार्ड धारक ने ग्राम प्रधान हरिश्चन्दर के पास फोन कर सूचना दी। लेकिन अपेक्षा के विपरीत ग्राम प्रधान द्वारा अपशब्दों का प्रयोग किया गया। जिससे आक्रोशित ग्रामीण ने जिलाधिकारी, पुलिस और डीएसओ से न्याय की गुहार लगायी है। इस मामले में पूर्ति निरीक्षक मिहींपुरवा से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया की घटतौली का मामला सामने आया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज





जन एक्सप्रेस । हरदोई

* मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

हरपालपुर थाना क्षेत्र के बम्हटापुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।उधर मृतका के मायके बालो ने पति पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है।मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ़ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लोनार थाना क्षेत्र के न्यूरादेव गांव निवासी राजपाल ने अपनी पुत्री संगीता की शादी लगभग 5 वर्ष पूर्व हरपालपुर थाना क्षेत्र के बम्हटा पुर गांव निवासी ज्ञानपाल के साथ की थी ।सोमवार की सुबह संगीता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी।घटना की सूचना मिलते ही मृतका के पिता राजपाल ने थाने पहुंचकर पति ज्ञानपाल,जेठ जगपाल,ससुर सर्वेश व जेठानी सहित चार लोगों के खिलाफ पुत्री के साथ मारपीट कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी।पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर उपरोक्त चारो आरोपियो के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि पति ज्ञानपाल ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है ।रविवार की देर रात उसकी पत्नी संगीता की तबियत अचानक खराब हो गई जिसके चलते उसने गांव के ही एक डॉक्टर से दवा दिलवाई थी। उसके बाद सोमवार की सुबह हालत बिगड़ने पर वह निजी वाहन से हरदोई अस्पताल लिए जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई । मृतका के दो वर्ष का एक पुत्र है ।थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज करते हुए शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### यातायात नियमों के साथ खिलवाड़ ना करें चालक, लापरवाही से उजड़ सकता है किसी का परिवार: अमित

जन एक्सप्रेस । हरदोई

सोमवार सुबह करीब 11 बजे अचानक मिल में हड़कंप मच गया जानकारी के बाद पता चला कि सहायक गेट इंचार्ज अरुण शर्मा के नाम पर किसी के अंग्रेजी शराब की बोतल, पानी नमकीन आदि टोकन पर भिजवाई है । इस बात का पता जैसे ही सहायक गेट इंचार्ज अरुण शर्मा को चला उन्होंने तत्काल अपने संबंधित अधिकारियों को सूचना दी । सहायक गेट इंचार्ज अरुण शर्मा ने बताया कि वरुण कुमार सिंह लल्ले नाम का व्यक्ति शराब की बोतल उनके नाम पर देकर गया है। हालांकि मिल के अधिकारियों ने शराब की बोतल का वीडियो बनवा कर पुलिस के हवाले कर दिया ।तत्पश्चात मिल सुरक्षा कर्मियों की मुस्तैदी को चेक करने पहुंचे मेजर अमित प्रियदर्शी ने तैनात सुरक्षा कर्मियों को साफ हिदायत देते हुए कहा कि लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। गेट पर प्रवेश करते समय ध्यान रखें कि चालक व साथी नाबालिग या शराब के नशे में तो नहीं है। किसी प्रकार की संदिग्धता पर सूचना दे। ट्राली में गन्ना लाते समय यह ध्यान रखें कि ट्राली के दोनो तरफ ज्यादा ना निकला हो गन्ना ज्यादा निकलने से दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है।

### नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में ये व्यय की पुष्टि के साथ विकास का किया गया खाका तैयार



जन एक्सप्रेस । हरदोई

सोमवार को नगर पंचायत सभागार में बोर्ड बैठक हुई। बैठक में आय-व्यय की पुष्टि के अलावा नगर के विकास कार्यों का खाका तैयार हुआ। साथ ही कस्बा में अंत्योष्टि स्थल व डिजिटल लाइब्रेरी बनाये जाने के लिए स्थान चयन लेकर भी सभासदों से चर्चा की गई। चेयरमैन रिजवान खां व ईओ जय प्रकाश सिंह यादव की अध्यक्षा में आयोजित हुई बोर्ड बैठक में वरिष्ठ लिपिक राकेश दीक्षित ने नवंबर माह की आय-व्यय का व्योरा पेश किया। जिसमें 44 लाख 47 हजार 959 रुपये की आय के सापेक्ष 31 लाख 30 हजार 432 रुपये रुपये के व्यय को दर्शाया गया। कस्बा में अंत्योष्टि स्थल की आवश्यकता को देखते हुए सभासदों ने चेयरमैन व ईओ के समक्ष अंत्योष्टि स्थल निर्माण की मांग की। अंत्योष्टि स्थल निर्माण को लेकर स्थान चयन व आदि संपूर्ण प्रक्रिया के लिए चेयरमैन व ईओ को अधिकृत किया गया। वहीं प्रशासन की मनसा अनुरूप कस्बा में डिजिटल लाइब्रेरी बनाये जाने के लिए उसके निर्माण व स्थल चयन के लिए भी चेयरमैन व ईओ को सभासदों ने अधिकृत किया। इस दौरान चेयरमैन रिजवान खां ने कहा नगर के विकास को लेकर वह लगातार प्रयासरत हैं। पाली नगर पंचायत को विकास रूपी जामा पहनाकर वह आदर्श नगर पंचायत बनाने का काम करेंगे। वही ईओ ने नगर में बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए सफाई नायकों को निर्देश दिए। इस दौरान गणेश, श्यामजी, अमित, कपिल सहित सभी सभासद व नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध खनन की भेंट चढ़ा युवक, बालू लदी ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्राली से दबकर मौत

* मृतक के परिवार में मातम का माहौल, पोस्टमार्टम को लेकर विवाद की स्थिति

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले में बालू और मिट्टी खनन का अवैध कार्य धड़ल्ले से हो रहा है। यही कभी बड़े हादसे का कारण बन जाता है। ऐसा ही एक मामला सुजौली थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां युवक रात में अवैध बालू खनन के लिए गया। वह ट्रैक्टर में बालू भरकर आ रहा था तभी ओवर लोड होने के चलते ऊंचाई पर ट्रैक्टर ऊपर उठ गया। स्टेयरिंग में फंसकर युवक की मौत हो गई। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुजौली के मजरा घूरेपुरवा निवासी मुनौवर (26) पुत्र नसीर शनिवार रात को श्रमिको के साथ बालू खनन के लिए गया था। रात को 8.45 बजे वह बालू लेकर वापस आ रहा था। बालू ट्रैक्टर ट्राली पर अधिक लोड था। एक स्थान पर उंचाई होने के चलते ट्रैक्टर काफी ऊपर उठ गया। जिसके चलते स्टेयरिंग में फंसकर मुनौवर की मौत हो गई। श्रमिकों की सूचना पर परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। सभी युवक के लाश को घर लेकर आए। परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे हैं। युवक की मौत से परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सौरभ कुमार सिंह को फोन लगाया गया तो उनका नंबर नहीं लग सका। सुजौली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि अवैध बालू खनन साकिर चौकीदार की देखरेख में जमकर हो रहा है। खनन अधिकारी के साथ पुलिस भी इस पर ध्यान नहीं दे रही है।

### अखिल भारतीय वैश्य महा–सम्मेलन की रैली की तैयारी तेज, रिसिया में हुई तैयारी बैठक

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के द्वारा 17 दिसम्बर को चारबाग रेलवे स्टेडियम, लखनऊ में होने वाली रैली की संगठन की स्थानीय इकाई के द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है। इस कार्यक्रम के संदर्भ में एआईवीएफ के जिलाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के रिसिया कस्बा स्थित प्रतिष्ठान पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैश्य समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रैली को सफल एवं भव्य रूप देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई एवं सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा यह संकल्प लिया गया कि 17 दिसम्बर की रैली में बहराइच जनपद से सबसे अधिक संख्या में समाज के लोग एकत्रित होकर वैश्य एकता का परिचय देने का कार्य करेंगे। इस बैठक में शोभाराम विश्वकर्मा, बिट्टन साहू, पिंटू गुप्ता आदि काफी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में हुआ सुधार: माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू



जन एक्सप्रेस । हरदोई

विकसित भारत संकल्प यात्रा संवाद कार्यक्रम में सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने बावन ब्लॉक की ग्राम पंचायत बाजपुर नकटौरा पहुंचकर लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देने की अपील की एवं संवाद करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को सम्मानित किया। विधायक ने कहा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तरफ से शुरू की गई जनकल्याण योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बावन ब्लॉक के बाजपुर नकटौरा पहुंचे विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने सर्वप्रथम सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लगे स्टालों का जायजा लेते हुए जानकारी ली सरकार की प्रमुख योजनाओं को सभी के पास तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के जरिए सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी लाभार्थियों तक समय से पहुंचे विधायक ने संबोधित करते हुए मोदी की गारंटी का भरोसा देते हुए कहा पक्का मकान शौचालय निशुल्क इलाज निशुल्क राशन गैस कनेक्शन बिजली कनेक्शन पीएम किसान सम्मन निधि पीएम स्वनिधि योजना आदि के तहत मिलने वाले लाभ का वर्णन किया उन्होंने कहा कि देश भर के गमों में करोड़ों परिवारों को किसी न किसी योजना का लाभ मिला है विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति महिला शक्ति युवा शक्ति किसानों और निर्धनों को समर्थन मिल रहा है एवं सीधे लोगों को जोड़ते हुए उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है और जिन लाभार्थियों को योजनाओं का अभी तक लाभ नहीं मिला उन्हें स्टाल लगाकर लाभ दिया जा रहा है इस मौके पर मंच संचालन योगेंद्र सिंह ने किया एवं मौजूद रहे लोग विनोद राठौर जिला उपाध्यक्ष भाजपा सीएससी इंचार्ज बावन डॉक्टर विनीत तिवारी ग्राम प्रधान बाजपुर नकटौरा भोले शुक्ला केपी सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा ग्राम प्रधान सहिजना अजय प्रताप सिंह उर्फ चिंकू सिंह ग्राम प्रधान मतियापुर शिवम सिंह ग्राम प्रधान रामापुर विनोद सिंह ग्राम प्रधान महरेपुर पूर्व प्रधान रामपाल सिंह मास्टर आदि लोग मौजूद रहे।

### स्थानीय पुलिस प्रशासन की मिली भगत से गन्ना के दलालों की रही बल्ले बल्ले

जन एक्सप्रेस । हरदोई

स्थानीय डीसीएम श्री राम यूनिट चीनी मिल में किसानों का नही दलालों का है बोलबाला । स्थानीय चीनी मिल चले करीब 1 माह बीत गया इस दौरान अगर सबसे ज्यादा मालामाल कोई रहा तो वह गन्ना दलाल। गन्ना दल्ला वह कीड़ा है जो किसानों धीरे धीरे गन्ने की खेती छोड़ने पर मजबूर कर रहा है । क्योंकि किसान गन्ने सीजन की शुरुआत में गेंहू बोने के चक्कर गन्ने को बेचना चाहते हैं समय से पर्ची ना मिल पाना मजबूरी होती है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (ट्रेन सेट), उत्तर रेलवे, चारबाग वर्कशाप, लखनऊ द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित है। **निविदा संख्या :** डब्ल्यू–सीबी–12–3फेजमेमू–2023, **कार्य का विवरण :** 110 किमी प्रति घंटे के परिचालन के अनुरूप 3 फेज मेमू बोगियों का संशोधन करना। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 71,43,667.40 मात्र, **अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा :** ₹ 1,42,900 मात्र, **निविदा फार्म का मूल्य :** ₹ 0/– मात्र, **कार्य पूरा होने की अवधि :** 12 माह, **निविदा भरने करने का समय :** दिनाँक– 18.12.2023 से 01.01.2024 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि तथा समय :** दिनाँक– 01.01.2024 को 15:15 बजे के बाद। • निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in द्वारा दिनाँक– 18.12.2023 से 01.01.2024 (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • ठेकेदारों को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज लागत और अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा के लिए भुगतान केवल ई–पेमेंट गेटवे के माध्यम से करने की अनुमति है या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किया गया है या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। • निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर खोला जायेगा यदि किसी कारण वश उक्त दिनाँक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस में उसी समय पर खोला जायेगा। • तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा सूचना सं. : उ.रे./सीबी/कार्यशाला/दिसम्बर/3फेजमेमू/2023 दिनाँक : 08.12.2023** 3886/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक की

**जन एक्सप्रेस । उरई**




डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत तालाब योजना व राष्ट्रीय कृषि सतत मिशन योजना में जो भी कार्य कराया जाए। उसका स्थलीय व भौतिक निरीक्षण व परीक्षण जरूर करें। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं से किसानों को लाभान्वित किया जाए। कहा कि भूमि संरक्षण विभाग द्वारा जो भी कार्य कराया जाए, उसकी सूची साथ ही लाभार्थी व किसानों की सूची क्षेत्रफल के आंकड़े सहित संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर उपलब्ध हो।
उन्होंने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं या जो अभी वर्तमान में गतिमान है, ऐसे सभी कार्यों की कार्य के पहले की कार्य के समय की व कार्य पूर्ण होने तक की फोटोग्राफ उपलब्ध कराई जाए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना वित्तीय वर्ष 2023- 24 जालौन प्रथम इकाई को 300 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 150 हेक्टेयर कार्य किया गया है। डीपीएपी उरई इकाई को 300 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिसके सापेक्ष 100 हेक्टेयर कार्य किया गया है। जालौन द्वितीय इकाई को 150 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिसके सापेक्ष 46 हेक्टेयर कार्य किया गया है। रा. जला. उरई इकाई को 150 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष अभी तक कार्य ही नही कराया गया। जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तेज गति से कार्यों को पूर्ण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इसी प्रकार खेत तालाब योजना व राष्ट्रीय कृषि सतत मिशन योजना की प्रगति की गहन समीक्षा कर निर्देश दिए की खेत तालाब योजना से किसानों के खेत में लघु एवं मध्यम तालाबों का कार्य किया जाता है।
ऐसे सभी तालाबों के फोटोग्राफ उपलब्ध कराएं। जिससे तालाबों का सत्यापन किया जा सके। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि सतत मिशन योजना की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव यादव सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रान्तीय रक्षक दल का 75वां स्थापना दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने इन्दिरा स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित प्रान्तीय रक्षक दल का 75 वां स्थापना दिवस के अवसर पर परेड समापन एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पीआरडी जवानों द्वारा परेड कर सलामी दी गयी। जिलाधिकारी ने पीआरडी जवानों को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारा यह सुरक्षा बल ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है इससे पुलिस विभाग को बहुत ही सहयोग मिलता हैं। शासन द्वारा आपको समय-समय पर सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है जिससे आप अपने कार्यो का अच्छे से निवर्हन कर सके। पुलिस अधीक्षक ने सम्बोधित करते हुये कहा कि पीआरडी के जवान बड़ी ईमानदारी, लगन व निष्ठा से ट्रैफिक व थानों में मुस्तैदी से शान्ति, सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग कर रहे हैं, आप अपने कार्यो को भलीभांति निवर्हन कर रहे है, आपका कार्य सराहनीय हैं। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र पटेरिया, पुलिस लाईन पीटीआई नाजिश अली, अन्नत तिवारी, पंकज शिवहरे, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पारस नाथ चौधरी आदि संबंधित मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलाबपुरा के पास तेज रफ्तार बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार युवकों में एक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली के मोहल्ला सुशील नगर हनुमान बगिया निवासी मनीष उर्फ गुड्डू 26 पुत्र राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा अपने दोस्त अंकित के साथ गुलाबपुरा अपनी ममिया ससुराल शादी समारोह में शामिल होने गया था। दोनों लोग सोमवार की सुबह बाइक से गांव के बाहर शोचक्रिया के लिए जा रहे थे। उसी दौरान दूसरी ओर से गांव के ही दो व्यक्ति नशे की हालत में तेज रफ्तार बाइक लेकर आ रहे थे। तभी दोनों बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग घायल हो गए। मौजूद ग्रामीणों ने सभी को स्वास्थ्य केन्द्र जालौन पहुंचाया।

# चोरी की बाइक के साथ टॉपटेन अपराधी गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद

**जन एक्सप्रेस । उरई**



गोहन थानाध्यक्ष ने चोरी की बाइक के साथ टॉपटेन अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद कर लिया।
पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन व क्षेत्रधिकारी शैलेन्द्र वाजपेई के नेतृत्व में थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चोर, लुटेरे, वांछित व वारंटियों के अलावा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा क्षेत्र में घूम रहे टॉपटेन अपराधी की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी और ग्राम सिंगटोली मोड पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस के पूछे जाने पर उसने अपना नाम विमल तिवारी पुत्र रामजी तिवारी निवासी ग्राम नावर थाना गोहन बताया। इस दौरान पुलिस टीम ने उसके पास से चोरी की एक बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद किए। पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर चालान कर दिया।

# योगी के नेतृत्व में प्रदेश में हुआ है कानून का राज स्थापित: सभाकुंवर कुशवाहा

**जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी, देवरिया**

विकासखंड के ग्राम खामपार एवं बहोरवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई।बहोरवा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सभा कुवंर कुशवाहा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। अपराधी या तो जेल की सलाखों में है या प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आज महिलाओं के जीवन में परिवर्तन आया है। खामपार में कार्यक्रम को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख बिंदा कुशवाहा ने कहा कि देश में 1.59 लाख से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों की स्थापना करने का काम सरकार के द्वारा किया गया है। खामपार में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्का घर मुहैया कराया गया है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी भाटपार रानी भइयन लाल पटेल, राजेश कुमार ए डी ओ आईएसबी, प्रधान प्रतिनिधि खामपार मुकेश कुमार यादव सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

## प्रांतीय रक्षक दल के 75वें स्थापना दिवस का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सोमवार को जीआईसी के ग्राउंड में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा प्रांतीय रक्षक दल के 75वें स्थापना दिवस (हीरक दिवस) का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिले के विभिन्न ब्लॉक से आए हुए 66 जवानों ने 3 टोलियो (2 पुरुष एवं 1 महिला टोली) ने प्रतिभाग करते हुए परेड किया एवं मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जीआईसी प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा एवं सहायक ज़िला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। परेड समाप्त होने के उपरांत उन्हें टी शर्ट, प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में पीआरडी जवानों की दौड़ प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कराया गया। परेड में देवरिया सदर के राजनाथ यादव की टोली प्रथम रही।

# एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ शिक्षिका से दुष्कर्म के आरोपी सिपाही पर केस

**जन एक्सप्रेस । महुआडीह,देवरिया**

महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली शिक्षिका प्राइमरी विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर तैनात है। वह सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में किराये की मकान में रहती है। पति से विवाद के कारण न्यायालय में तलाक का मुकदमा चल रहा है। महिला ने 2021 में वेबसाइट पर शादी के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। वाराणसी के यातायात कार्यालय में मुंशी के पद पर कार्यरत सोनभद्र जिले के राबर्टसगंज थाना क्षेत्र के खलियारी गांव के रहने वाले अरविन्द कुमार जायसवाल पुत्र जोगेश्वर प्रसाद ने वेबसाइट से शिक्षिका का नम्बर ले लिया।इसके बाद शिक्षिका को फोन कर शादी के लिए बातचीत करने लगा। महिला ने तलाक होने के बाद शादी की बात कही। इसके बाद बार-बार सिपाही फोन कर बात करने लगा। शिक्षिका ने कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं माना। शिक्षिका का कहना है कि 11 नवंबर 2021 को फोन कर वह देवरिया आ गया और एक होटल में रुकने की बात कही। उसने मां और भाई से मिलने को कहा लेकिन उनके गोरखपुर जाने के बारे में बताया तो वह शिक्षिका के कमरे पर पहुंच गया। शिक्षिका सिपाही के लिए चाय बनाकर लाई।आरोप है कि सिपाही ने पानी के बहाने उसे कमरे में भेजा और चाय में नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। शिकायत करने पर उसने शादी का झांसा दिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। एवज में उसने कई बार में हजारों रुपये लिए थे। गत 6 अगस्त को उसने फोन कर पांच लाख रुपये की मांग की और न मिलने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई। उनके आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने अरविन्द कुमार जायसवाल पुत्र जोगेश्वर प्रसाद निवासी खलियारी, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# धारदार हथियार से गला रेतकर छात्र की हत्या

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

महोबा में कक्षा 9वीं के छात्र की धारदार हथियार से गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी गई। किशोर की हत्या से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। अज्ञात हत्यारे ने बेरहमी से वारदात को अंजाम दिया है। किशोर का लहूलुहान शव देख परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलते हो एएसपी सहित स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। हत्या की यह वारदात जनपद के पनवाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ गांव की है। जहां पर कक्षा 9 में पढ़ने वाले छात्र की अज्ञात हत्यारे ने धारदार हथियार से गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी जिसका शव उसी के खेत में बने कुआ के मशीन घर में पड़ा मिला। इस हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि गांव निवासी सिद्ध गोपाल का 17 वर्षीय पुत्र अमित कुमार पनवाड़ी में संचालित नेहरू इंटर कॉलेज में अपने एक भाई और बहन के साथ पढ़ता था। कक्षा नवमी का छात्र अमित आज शाम अपने खेत बेर खाने के लिए कहकर घर से निकला था लेकिन देर शाम होते-होते जब अमित वापस घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोग उसकी तलाश में छूट गए। जब खेत जाकर देखा तो खून से लथपथ अमित का शव कुआ के मशीन घर में पड़ा हुआ था। मृतक का दादा बताता है अमित खेत में बेर खाने के लिए गया था।

## किशोरी ने फांसी पर लटककर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम उदनपुर में रविवार की देर रात किशोरी ने कमरे में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम उदनपुर निवासी रामकिशोर की 17 वर्षीय पुत्री रीता ने रविवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
सुबह समय रहते न जागने पर मां पुत्री को जगाने गई, तो उसने पुत्री को फांसी के फंदे पर लटका देखा और वह जोरों पर चीखने लगी। जिसकी चीख-पुकार सुनकर अन्य परिजनों के अलावा आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी पर लटक रहे किशोरी के शव को मौजूद लोगों की मदद से नीचे उतरवाया और पूंछताछ शुरू कर दी। घटना को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बता सके। फिलहाल पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**गोरखगिरि में मनाया ओशो का 92वां जन्मोत्सव**

# जो पहले ओशो को गाली देते थे अब उनके मुरीद हैं: तारा

**जन एक्सप्रेस । महोबा।**



बीसवीं सदी के सबसे विवादास्पद क्रांतिकारी संत ओशो का 92वां जन्मोत्सव आज गोरखगिरि पर्वत के ऊपर गोरखेश्वर महादेव परिसर में मनाया गया। ओशो के प्रशंसकों व अनुयायियों ने सक्रिय ध्यान किया एवं उनके जीवन, कृतित्व और आध्यात्मिक क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला।
बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि वे खुद ओशो के अनुयायी हैं और उन्होंने 2000 में संन्यास लिया था। उनके संन्यास का नाम स्वामी अंतर्यात्री है। वे किशोरावस्था में ही ओशो के चिंतन से बेहद प्रभावित हो गए थे। ओशो नारीशक्ति के सम्मान में हर स्त्री, हर बालिका को मां कहकर संबोधित करते थे। उनकी ध्यान विधियों में नृत्य व संगीत का अदभुत समावेश है। इसी वजह से पश्चिमी देशों में लोग सबसे ज्यादा आकर्षित हुए। भारत में लोग उनकी ध्यान विधियों से अभी कम परिचित हैं। जो प्रबुद्ध वर्ग पहले उनका विरोध करता था, अब चाव से उनके प्रवचन सुनता है।
उन्होंने बताया कि संयोग से ओशो के साथ हमारे दो साथी दिलीप जैन व अभिषेक द्विवेदी का जन्मदिन भी आज मनाया जाता है। इस मौके पर अवधेश गुप्ता, प्रहलाद पुरवार, मुकुल गुप्ता, गया प्रसाद कोस्टा, डा. देवेन्द्र पुरवार, प्रेम चौरसिया, उपेन्द्र सुल्क्षे, पवन सोनी, सिद्धे, ऋषभ अग्रवाल, दीपू सोनी, विकास, धन्नू, मुन्ना, अंजली, अंजू व खुशी समेत लोग मौजूद रहे।

# 17 दिसम्बर को मनाया जायेगा पेंशनर्स दिवस

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान की जिला इकाई की ओर से 17 दिसंबर को अखिल भारतीय पेंशनर दिवस के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश महोबा के अध्यक्ष सुनील शर्मा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में बैठक संपन्न हुई जिसमें 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनरों को सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया।
संगठन के प्रदेशीय महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि समारोह प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 11 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पेंशनरों की समस्याओं को संकलित कर लिया गया है जिसे पेंशनर दिवस पर निराकरण हेतु जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा। बताया कि पेंशनर दिवस पर सांसद हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल से भी बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने की अपील की गई है। श्री तिवारी ने बताया कि 80 वर्ष से ऊपर आयु पूर्ण कर चुके पेंशनरों की सूची कोषागार से उपलब्ध कराए जाने की अपील की गई है ताकि उन्हें सम्मानित किया जा सके।
कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कमेटी का भी गठन कर दिया गया है जिसमें रामसजीवन गुप्ता, इशहाक खान, देवेन्द्र सक्सेना, बसंतलाल गुप्ता, जगदीश कुमार शामिल हैं। बैठक में शिवकुमार त्रिपाठी, महेश कुमार दीक्षित, देवेंद्र सक्सेना, विष्णु चंद्र खरे, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रामसहाय राजपूत, बाबूराम विश्वकर्मा, लघुचन्द्र नारायण अरजरिया, हरिशंकर गुप्ता सहित एक दर्जन पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे तथा जनपद के पेंशनरों द्वारा संकलित की गई 26 सूत्रीय समस्याओं के मांग पत्र को अंतिम रूप दिया गया। बैठक का संचालन संतोष कुमार सक्सेना ने किया।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरा का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चरखारी/महोबा**

न्याय न दे जो विधि होने का क्या मतलब, सुख न दे जो निधि होने का क्या मतलब। राजनीति में गए और फिर बिके नहीं ऐसे जनप्रतिनिधि होने का क्या मतलब मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू महाराज में आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में सतना से आए कवि रवि चतुर्वेदी ने राजनीति पर कटाक्ष करते हुए देर रात कार्यक्रम सुनने श्रोताओं में उत्साह भर दिया।
चरखारी मेला मंच पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम चरखारी डॉ0 प्रदीप कुमार विशिष्ट अतिथि चरखारी विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत सहित विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वल करते हुए किया जिसके उपरान्त कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप दिहुलिया ने शारदा भवानी तीन लोक पहचानी के माध्यम से मां शारदा का आवाहन किया साथ ही अयोध्या से आयीं कवियित्री रूचि द्विवेदी ने शारदे आधार दे प्रचार दे, दिव्य दृष्टि डाल दे के माध्यम से सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम का आगाज किया।

## विधिक साक्षरता शिविर मे छात्र-छात्राओं को कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश महोबा जे0पी0 यादव के आदेशानुसार विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के तत्वाधान में वीरभूमि राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, महोबा मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे राकेश कुमार गौतम, अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापको एवं छात्र, छात्राओं को प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त विभिन्न विधिक सहायताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। गोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं द्वारा छात्रों को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुये उन्हें मानवाधिकार दिवस के बारे बताया गया। उक्त कार्यक्रम में मनवाधिकार फोरम की प्रदेश अध्यक्षा सुश्री नीलम गुप्ता, जिलाध्यक्ष रामजी गुप्ता, सदस्य शिवकुमार गोस्वामी, जिला प्रभारी मनु गुप्ता, जिला महामंत्री राजू गुप्ता, सदस्य शिवकुमार सोनी, सौरभ गुप्ता, मुसीर भाई, राहुल अग्रवाल, तथा वीरभूमि महाविद्यालय के प्राचार्य सुशील बाबू, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामप्रवेश राय, श्रीमती कल्पना सोनी, डिप्टी सी0 एम0ओ0, स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त मण्डलीय प्रबन्धक वी0पी0 वर्मा सहित जनपद में नियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अध्यापको एवं छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुये उन्हे प्रदत्त जानकारियों पर हर्ष व्यक्त किया गया।

## शिकोहाबाद से ट्रक पर माल लादकर झांसी जा रहे खलासी की संदिग्ध हालत में मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** ट्रक चालक के साथ माल लाद कर जा रहे खलासी की रास्ते में हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नौशहरा निवासी बॉबी उर्फ विमलेश 42 वर्ष ट्रक का हेल्पर था। रविवार को वह चालक संतोष के साथ शिकोहाबाद से माल लादकर झांसी उतारने जा रहा था। जब उसका ट्रक बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के खंभा नंबर 175 के पास पहुंचा। तभी अचानक हेल्पर की हालत बिगड़ गई। हेल्पर की हालत बिगड़ते देख चालक उसे मेडिकल कालेज लेकर पंहुचा। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया। मामले में कोतवाल का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अराजकतत्वों का अड्डा बना जिला चिकित्सालय

**✻ चिकित्सालय के अंदर हो रही शराब पार्टी और नशाखोरी, मरीजों को सता अनहोनी का डर**

**जन एक्सप्रेस । विजय प्रताप सिंह**

**जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP**

**महोबा।** हमेशा विवादों में चर्चित रहने वाला महोबा जिला अस्पताल अब अराजकतत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। अस्पताल के अल्ट्रासाउंड अनुभाग के पास शराब पार्टी अराजक तत्व कर रहे हैं और अस्पताल प्रशासन इससे बेखबर बना हुआ है। अराजक तत्वों के आने जाने से मरीज और तीमारदार भी सुरक्षित नहीं है जिन्हें हमेशा अनहोनी का डर भी सताता रहता है। इस मामले में सीएमएस ने गंभीरता दिखाते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।
दरअसल आपको बता दें कि महोबा का जिला अस्पताल अपनी बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हमेशा चर्चा में रहता है तो वहीं एक बार फिर जिला अस्पताल के अंदर मिली शराब की बोतले यहां आ रहे अराजक तत्वों की गवाही दें रही हैं।
जिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड अनुभाग के पास मरीज और तीमारदारों के लिए रखी कुर्सियों में शराब की बोतल पानी पाउच रखे हुए हैं जिससे अंदाजा लगाना कठिन नहीं होगा कि जिला अस्पताल अराजकतत्वों का अड्डा है और अराजक तत्व यहां आकर नशाखोरी और शराब पार्टी कर रहे हैं। आपको


अस्पताल में अजब खेल कमीशन का, बाहर की दवा लिख रहे डॉक्टर

बता दें की इससे पहले पूर्व में जिला महिला अस्पताल में भी बर्थडे पार्टी करने का वीडियो वायरल हो चुका है और अब एक बार फिर जिला पुरुष अस्पताल के अल्ट्रासाउंड अनुभाग के पास शराब की बोतल पड़ी हुई मिली है। अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉक्टर राजेश भट्ट जब निरीक्षण के लिए अस्पताल में निकले तो शराब की बोतल पानी पानी पाउच देख नाराजगी जाहिर की और स्टाफ से इस बाबत पूछताछ की है। इस पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। अस्पताल के अंदर अराजकतत्वों के आने जाने और उनकी हो रही शराब पार्टी को लेकर यहां भर्ती मरीज और तीमारदार भी खासे परेशान है। कुलपहाड़ निवासी पवन सोनी बताता है कि वह अपनी बहन का इलाज कराने अस्पताल आया है और यहां शराब की पड़ी बोतले देख यहां कि लचर व्यवस्थाओं से नाराज है। उसका कहना है लोग यहां इलाज कराने आते हैं लेकिन उन्हें अनहोनी का डर बना रहता है क्योंकि अस्पताल के अंदर अराजतत्व बिना रोकटोंक आते रहते हैं और यहां पर नशाखोरी हो रही हैं। इस मामले को लेकर प्रभारी सीएमएस डॉक्टर राजेश भट्ट ने एक जांच टीम गठित कर उक्त मामले में जांच और कार्यवाही की बात कही है।

## क्षेत्राधिकारी ने थाना खरेला का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** क्षेत्राधिकारी चरखारी उमेश चन्द्र द्वारा थाना खरेला का त्रैमासिक निरीक्षण श्रीमती शिल्पी शुक्ला, थानाध्यक्ष खरेला की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना कार्यालय के अभिलेखों का रख-रखाव, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, शस्त्रों का निरीक्षण तथा रख-रखाव, हवालात की साफ-सफाई, मैस, बैरक, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया एवं पायी गयी कमियों के दुरुस्त किये जाने व थाना परिसर की साफ-सफाई के सम्बन्ध में स्वच्छता बनाये रखने के लिये थानाध्यक्ष खरेला श्रीमती शिल्पी शुक्ला को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा थाना क्षेत्र में घटित अपराधों की समीक्षा कर लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों पर प्रभावी कार्यवाही कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये, क्षेत्र में प्रभावी पैदल गस्त करते हुए सतर्क दृष्टि बनाये रखने के निर्देश दिये।

# सरकार हर जरूरतमंद परिवार को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध: पीओ डूडा

## कहा-आवास विहीन गरीब परिवारों के लिए वरदान पीएम आवास योजना

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



तीन दिवसीय भारत विकसित यात्रा कार्यक्रम के तहत पीएम आवास लाभार्थियों को दिए जाने वाले आवास के लिए हुए जिले के नगर निगम विभिन्न नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं में भूमि पूजन व स्वीकृति पत्र वितरण के सफल कार्यक्रम के बाद पीओ डूडा यामिनी रंजन ने कहा है कि पीएम आवास योजना के तहत अब तक जिले में हजारों लाभार्थियों को अपना पक्का घर मिल चुका है। सरकार हर जरूरतमंद परिवार को घर उपलब्ध कराने के लक्ष्य को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ तेज गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जन-कल्याण की विभिन्न योजनाओं के जरिए देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के ईमानदार प्रयास कर रही है।

**पीएम आवास योजना गरीबों के लिए वरदान: तौहीद अंसारी**

जमुनिया बाग में चाय का ठेला लगाने वाले तौहीद अंसारी कहते है कि पीएम आवास योजना आवास विहीन गरीब परिवारों के लिए वरदान है। अगर यह योजना न होती तो शायद मेरे बहनोई के मौत के बाद बेघर हो चुकी मेरी बहन खुर्सीदा के सर पर छत नसीब नही होती। गरीबी क्या होती है जाड़े गर्मी बरसात में छोटे छोटे बच्चो के साथ जीवन यापन कितना मुश्किल होता है इसे हमसे अधिक कोई नही समझ सकता।

चाय वाले तौहीद का कहना है कि अपनी छत, अपना घर पाने की खुशी अनमोल होती है साहब। पीएम आवास हमारे लिए केवल ईंट, सीमेंट से तैयार ढांचा नहीं है बल्कि इससे हमारी भावनाएं, हमारी आकांक्षाएं



तौहीद अंसारी

जुड़ी हैं। घर की चहारदीवारी हमें सुरक्षा तो प्रदान करती ही है, साथ ही हमारे अंदर एक बेहतर कल का भरोसा और विश्वास भी जगाती है। तौहीद और उनकी बहन का परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व डूडा के पीओ यामिनी रंजन का तहेदिल से शुक्रिया अदा करना नही भूलता है।

# हत्या के आरोपी तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। अंबेडकरनगर**

जनपद के इब्राहीमपुर थाना पुलिस को 4.दिसम्बर की सुबह में ग्राम महुवारी के पास अज्ञात शव की सूचना मिली जिस पर पुलिस टीम द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी थी जिसमें पी0एम0 रिपोर्ट के अवलोकन से अज्ञात को आयी चोटों के आधार मुकदमा पंजीकृत हुआ था, जिसमें आस-पास काफी जानकारी करने व साक्ष्य के आधार पर तीन अभियुक्तगण को हत्या में प्रयुक्त डम्फर वाहन सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बताया कि 3दिसम्बर रात्रि में ग्राम आलापुर थाना महाराजगज जनपद अयोध्या में चकरोड की पटाई हेतु अभियुक्त उपेन्द्र कुमार सिंह पुत्र कपिलदेव सिंह निवासी आलापुर थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या द्वारा मिट्टी की खुदाई करायी जा रही थी। खुदाई के दौरान अज्ञात व्यक्ति डम्फर से दबकर वही मौके पर मर गया था, अपराध/घटना को छिपाने की नीयत से उसी डम्फर में मिट्टी के साथ लादकर ग्राम महुवारी (अयोध्या-टाण्डा) मार्ग लगभग 25 किमी दूरी पर लाकर थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में फेंक दिये थे।

# 20 हजार रुपए घूस लेते लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। अंबेडकर नगर**



जनपद में एंटी करप्शन टीम ने 20 हजार रुपए रिश्वत लेते लेखपाल संघ अध्यक्ष को गिरफ्तार किया है। अकबरपुर लेखपाल संघ अध्यक्ष रूपेश यादव को रंगे हाथों घूस लेते हुए टीम पकड़ कर अकबरपुर थाने ले आई।

बताया जा रहा है कि बैनामे की जमीन पर मकान बनवा रहे मकान मालिक को लेखपाल द्वारा धमकाकर अवैध वसूली की जा रही थी। लखनऊ से जनपद पंहुची एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को अकबरपुर तहसील के सोनगांव में तैनात लेखपाल रूपेश यादव को सोनगांव के पास एक व्यक्ति से बैनामे की जमीन को खारिज दाखिल करने के नाम पर 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है।

बताया जाता है कि ग्राम समाज की जमीन का हवाला देकर लेखपाल जमीन मालिक से 40 हजार रुपये मांग रहा था। सोमवार को 20 हजार रुपए लेते हुए एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल को रंगे हाथ दबोच लिया।

# पुलिस द्वारा सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए लउडस्पीकर

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा समस्त थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से स्थापित लाउडस्पीकरों एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उच्चतम न्यायलय द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 10 ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउडस्पीकर सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए। धार्मिक स्थलों के जिम्मेदार व्यक्तियों को लाउडस्पीकरों की मानक के अनुसार ध्वनि रखने हेतु हिदायत दी गई।

साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है की समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले डी0जे0 संचालकों व गेस्ट हॉउस/मैरिज लॉन के संचालकों को निर्देशित किया जाये कि किसी भी प्रोग्राम में रात 10बजे से सुबह 6बजे तक किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग नहीं करेंगे।

# देवीपाटन कॉरिडोर में बनाई जाएगी 51 शक्तिपीठों की प्रदर्शनी

- कॉरिडोर में काम कर चुकी आर्किटेक्ट टीम ने प्रस्तुत किया हाईटेक प्रस्ताव
- डीएम के अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

शक्तिपीठ मां देवीपाटन धाम को पर्यटन स्थल के रूप विकसित करते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु को आकर्षित करने की कवायद को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आर्किटेक्ट टीम एवं विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर विकास की रूपरेखा पर गहन चर्चा की।

तीन घंटे चली बैठक में डीएम ने मंदिर को नया स्वरूप देने एवं कॉरिडोर विकसित करने के प्रेजेंटेशन के एक एक बिंदु को गहनता से देखा एवं विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर को एकीकृत थीम के साथ डेवलप किया जाए जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं में अच्छा भाव आए।



बैठक में आर्किटेक्ट की टीम द्वारा नागर शैली एवं द्रविड़ शैली का समावेश करते हुए तैयार किए गए प्रेजेंटेशन को दिखाया गया जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर के विकास में नागर शैली और द्रविड़ शैली के साथ-साथ नाथ संप्रदाय से जुड़े हुए बिंदुओं को अनिवार्य रूप से समाहित किया जाए।

मंदिर के उच्चीकरण एवं सुंदरीकरण में प्रशासनिक भवन, पार्क, बहुउद्देशीय हाल, लेजर शो, लाइब्रेरी, फव्वारा, शॉपिंग एरिया, पब्लिक प्लाजा, बच्चों के लिए विशेष ध्यान रखते हुए सुविधाओं से युक्त हाईटेक पार्क, श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भवन, बोटिंग सुविधा, पार्किंग इत्यादि का बेहतरीन प्रबंध रहेगा मंदिर के उच्चीकरण एवं सुंदरीकरण में राजस्थान से पिक सैंड मार्बल का उपयोग किया जाएगा। मंदिर तीन जोन में विभाजित रहेगा जिसमें आवासीय जोन, स्पिरिचुअल जॉन तथा कल्चरल एवं पब्लिक जोन बनेगा। भवन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए फसाड लाइट्स का प्रयोग किया जाएगा। लेज़र शो के लिए थीम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही थीम के साथ लैंडस्केप पर रिसर्च कर कार्यों को कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बैठक में आर्किटेक्ट की टीम को निर्देश दिए की मंदिर को उच्चीकृत करने में नाथ संप्रदाय से संबंधित सभी बिंदुओं को अच्छे से जान ले और उसको प्रोजेक्ट में शामिल करें। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी जनवरी माह से फसाड लाइट्स लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा मंदिर में सभी 51 शक्तिपीठों को समाहित करते हुए प्रदर्शनी तैयार की जाएगी। प्रदर्शनी में नाथ संप्रदाय से जुड़ी तमाम जानकारियों का संकलन भी देखने को मिलेगा। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंदिर परिक्षेत्र के आसपास भूमि का सर्वे कर लें कि आसपास सरकारी जमीन कितनी है एवं निजी व्यक्तियों की भूमि कितनी है इसका विवरण एकत्रित कर लें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं आरआईडी, आर्किटेक्ट टीम के राहुल एवं पंकज कुमार, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मां शांति सेवा फाउंडेशन कार्यालय पर निबंध प्रतियोगिता एवं कंबल वितरण को लेकर अहम बैठक संपन्न




**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज प्रधान कार्यालय पर राम की नगरी अयोध्या स्थित राम कथा पार्क में 22 दिसंबर दोपहर 12ः00 बजे अयोध्या कला संस्कृति महाकुंभ में मां शांति सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में अयोध्या कला संस्कृति पर होने जा रही निबंध प्रतियोगिता को लेकर कई मुद्दों पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियो ने अपने विचार व्यक्त किया।

साथ ही निर्धन असहाय एवं राहगीरों को ठंड से बचाने के लिए कंबल व्यवस्था कर वितरण पर भी हुई, फाउंडेशन अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने बैठक अध्यक्षता कर रहे सुरेंद्र उपाध्याय कादीपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्र प्रकाश चौधरी को सम्मान कर बैठक का शुभारंभ किया गया। संस्था संरक्षक एवं निबंध प्रतियोगिता निदेशक बसंत राम ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर 12 तक के बच्चे भाग लेंगे यह प्रतियोगिता निशुल्क होगी सभी लोग 22 दिसंबर को दोपहर 11:30 बजे पहुंचकर प्रतियोगिता में शामिल हो। प्रतियोगिता ठीक 12:00 बजे प्रारंभ हो जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष उपाध्याय ने बैठक में अपने विचार के साथ बैठक की सराहना की। निबंध कार्यक्रम प्रभारी विनय प्रकाश मौर्य ने बैठक का संचालन किया। बैठक में वैभव श्रीवास्तव, अर्पित मौर्य, श्रीमती सुषमा गौतम, श्रीमती सुमन गुप्ता, सूरज चौधरी, इंद्रजीत आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्टाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई**




केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को ग्राम पंचायत रजवापुर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला संकल्प यात्रा में कार्यक्रम मे तमाम विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के जागरूकता का स्टाल लगाकर जागरुक किया। आवास की चाबी पाकर लाभार्थी खुशी से चहक उठे। हमारा संकल्प विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा कार्यक्रम में तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लंभाबित करने के लिए यह यात्रा शुरू की गई है। योजना के तहत कृषि विभाग वन विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं अब तक वंचित पात्र लाभार्थीयो का नामांकन किया जा रहा है।

सरकार का उद्देश्य की कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। इसके लिए चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम भी कर रही है। भारत सरकार के निर्देश के क्रम में **मेरी कहानी मेरी जुबानी** के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री धन जन योजना पीएम किसान सम्मन निधि लाभार्थियों जैसे बीसी सखी बैंक सखी एनआरएलएम की ने योजनाओं के बारे में अपने अनुभवो को साझा किया। स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत नुक्कड़ नाटक आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान पर कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। विकास खंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी ने ब्लॉक स्तर पर मिलने वाली योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधान संजय मणि तिवारी सहित तमाम कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

# हर घर-हर मंदिर दीपावली मनाएं देशवासी: विनोद सिंह

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** हिन्दू वाहिनी संघ अयोध्या की मासिक बैठक का आयोजन आज सूर्यकुण्ड दर्शननगर में किया गया जिसमे मुख्य रूप से अयोध्या जिले में नवनिर्मित श्री राम जन्मभूमि जी में प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे देश में दीपावली पर्व मनाने की अपील पूरे देशवासियों से किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष विनोद सिंह हिंदू वाहिनी संघ अयोध्या के साथ साथ, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा देवराज वर्मा जिला अध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ राम शंकर शर्मा, जिला सचिव संतोष दुबे, जिला महामंत्री सुरेश कुमार विधानसभा अध्यक्ष संतोष मौर्य, जिला मिडिया प्रभारी लव पाण्डेय, अवनीश शुक्ला, शाशविंद दुबे आदि लोग उपस्थित रहे, सभी ने हिन्दू वाहिनी संघ के विस्तार के लिए विचार विमर्श किया इस मौके शाशविंद दुबे ने बताया कि हम सभी हिंदू भाइयों को शाकाहारी बनने के साथ गौ माता की सेवा करनी चाहिए।

# बलरामपुर में कुंभ के रूप में किया जाएगा हॉकी मैच का आयोजन

- आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने लिया तैयारी का जायजा

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलराम जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में 19 दिसंबर से आयोजित होने वाले महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट के तैयारी का जायजा हॉकी समिति के सचिव व महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे, आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन व आलोक शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने सोमवार को लिया। आयोजन सचिव ने बताया कि बलरामपुर में हॉकी महाकुंभ के रूप में आयोजित करने की तैयारी चल रही है।

जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित



होने वाले हॉकी महाकुंभ का आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मैदान पर जाकर निरीक्षण किया । 19 दिसंबर से आयोजित होने वाले महाराजा कर भगवती प्रसाद सिंह ऑल इंडिया प्राइस मनी हॉकी टूर्नामेंट की तैयारी का जायजा लेने हॉकी ग्राउंड पर आयोजन समिति के पदाधिकारी पहुंचे।

समिति के सचिव महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन डॉक्टर आलोक शुक्ला के साथ तैयारी में लगे हॉकी इंडिया के सचिव रश्मि सिंह तथा महाविद्यालय के ओर से सह क्रीड़ा सचिव साक्षी शर्मा से खेल ग्राउंड के तैयारी का जायजा लिया। प्राचार्य प्रोफेसर पांडे ने बताया कि गत वर्षो के भांति इस वर्ष भी हॉकी आकर्षक रूप में दिखाई देगा। प्राचार्य ने बताया कि हॉकी ग्राउंड की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है ।खिलाड़ियों तथा दर्शकों को कोई समस्या ना हो इस बात का खास ख्याल रखा जा रहा है।

आयोजन सचिव डॉक्टर राजीव रंजन ने बताया की दर्शकों की सुविधा के लिए ग्राउंड पर दो तरफ एलईडी लगाए जाएंगे। इसके अलावा बाहर लोगों को लाइव प्रसारण के माध्यम से यूट्यूब तथा अनेक चैनलों पर प्रसारण उपलब्ध कराया जाएगा। हॉकी इंडिया के सचिव रश्मि सिंह ने बताया कि टेक्निकल टीम के निर्णय के अनुसार मैदान को तैयार कराया जा रहा है, जो अंतिम दौर में है । निरीक्षण के दौरान डॉ एसके तिवारी व सुआक्टा अध्यक्ष विमल प्रकाश वर्मा सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या को जाम से मिलेगी निजात, बनकर तैयार मल्टी लेवल पार्किंग

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामलला के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने के बाद अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए योगी सरकार अयोध्या में ट्रैफिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में जिला कचहरी के बाहर मुख्य मार्ग पर अधिवक्ताओं व वादकारियों के वाहनों से लगने वाले जाम से अब नगरवासियों को निजात मिलने वाली है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत अयोध्या में कचहरी के बाहर मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मल्टी लेवल पार्किंग के बन जाने से अधिवक्ताओं और वादकारियों को अपने वाहन खड़ा करने के लिए सड़कों पर स्थान ढूंढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

अयोध्या जनपद में कचहरी के बाहर मल्टीलेवल पार्किंग की आवश्यकता काफी लंबे समय से महसूस की जाती रही है, जिसके लिए कचहरी के पास ही मल्टी लेवल पार्किंग की बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है। बता दें कि 2007 में कचहरी में हुए बम ब्लास्ट कांड के बाद परिसर में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# स्वर्गीय राम कलप शुक्ल की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शैक्षिक बाल मेले का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

स्वर्गीय राम कलप शुक्ल की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में शैक्षिक बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी के साथ फूड स्टालों की धूम रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज हैरिंग्टनगंज रजनीश पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और स्वर्गीय श्री शुक्ला की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इससे पहले मुख्य अतिथि ने मेले का हिस्सा बने सैकड़ो लोगों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह मेला निश्चित तौर पर अनोखा,अद्भुत और अपीलिंग रहने के साथ साथ संस्कृति, विज्ञान और बच्चों के सर्वांगीण विकास की बात करने में सफल रहा। इस दौरान बच्चों की हाजिर जवाबी ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। उप प्रबंधक



रमाशंकर शुक्ल ने बताया की बच्चों ने शैक्षिक स्तर के तहत स्वास्थ्य, शिखा, प्रकृति, विज्ञान और समाज के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न तरह की स्टालें लगाने के साथ एक दर्जन से ज्यादा स्वनिर्मित व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया। इस दौरान हर किसी ने बच्चों की प्रतिभा की भूरी भूरी प्रशंसा की। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल, प्रशासनिक अधिकारी प्रभा शंकर शुक्ल और प्रधानाचार्या शिखा दुबे ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गायत्री देवी, अतुल पांडेय, घनश्याम त्रिपाठी, अशोक तिवारी, भोला सिंह, गजराज यादव, प्रेम यादव, राजू दूबे, रवींद्र वर्मा, अवधेश सिंह, राम सुख मौर्या, राम अवतार प्रजापति, विकास सिंह, पवन तिवारी, राम किशोर तिवारी, ज्ञानी यादव, विजय सिंह, जगदीश मिश्रा, प्रदीप सिंह सहित सैकड़ों अभिभावक और क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे।

# अवनीश तिवारी बने युवा सेना अयोध्या के जिला प्रमुख

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या के शिवसेना कार्यालय पर हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री शिवसेना मुख्य नेता एकनाथ शिंदे साहब के मार्गदर्शन व शिवसेना राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल के आदेश पर उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी में **शिवसेना जिला प्रमुख (युवासेना) अयोध्या** के रूप में अवनीश तिवारी को नियुक्त किया जाता है। नियुक्त की अवधि अग्रिम नियुक्ति तक वैध होगी। प्रदेश प्रमुख ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप वंदनीय हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा और धर्मवीर आनंद दिघे साहब की शिक्षाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा देंगे। मुझे यह भी विश्वास है कि आप अपने जिला में शिवसेना को मजबूत करने के लिये सभी समान विचारधारा वाले लोगों का सहयोग लेते हुए अपने अधिकारो में सब कुछ करेंगे।

# राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने लाभार्थियों को सौंपी चाबी

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**

राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ग्राम विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा विकासखंड टांडा के ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा सभी से विकसित भारत का शपथ दिलाया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। राज्य मंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनपद में संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुँचें तथा स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिये आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधायें, स्वच्छ



पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं जैसी प्रमुख योजनाओं का संतृप्तीकरण करना। मुख्य उद्देश्य है

संकल्प यात्रा के अंतर्गत राज्य मंत्री तथा जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना के 02 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 05 लाभार्थियों को पीएम किसान निधि प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 04 लाभार्थियों को चाबी वितरण, मनरेगा अंतर्गत निर्मित व्यक्तिगत पशु आश्रय स्थल हेतु एक लाभार्थी को प्रमाण पत्र, दो लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। साथ ही साथ राज्य मंत्री द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 49 स्वयं सहायता समूह को बैंक क्रेडिट लिंकेज 2 करोड़ 94 लाख का डेमो चेक दिया गया।

# घर वाले सोते रहे और चोरों ने लाखों के जेवर व नगदी किए पार

* अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गौरा कठेरुआ गांव की घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





अजगैन कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी व जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। सुबह नींद से जागने पर घर वालों को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डाग स्क्वायड बुलाकर जांच पड़ताल कराई। हालांकि प्रारंभिक जांच में ऐसा कुछ भी हाथ नहीं लग सका जो पुलिस को चोरों तक पहुंचने में मददगार साबित हो सके। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। अजगैन कोतवाली के गौरा कठेरवा गांव निवासी आलोक पुत्र स्व. श्याम सुंदर पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार रात वह खाना खाने के बाद परिवार के साथ घर की दूसरी मंजिल पर सो रहा था। देर रात किसी समय घर में घुसे चोरों ने बक्सों का ताला तोड़कर उनमें रखे जेवरात, चांदी के 35 सिक्के, डेढ़ लाख की नगदी पार कर दी। सुबह नींद से जागने पर घर का सामान बिखरा देख सभी के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलने पर अजगैन कोतवाल अवनीश सिंह गांव पहुंचे और मौका मुआयना किया। उन्होंने सुरागकशी के लिए डाग स्क्वायड और फेरेनसिंक टीम को बुलाया। गांव पहुंची टीम ने साक्ष्य संकलन किया। हालांकि इस दौरान कोई ऐसा सुराग हाथ नहीं लग सका जो चोरों तक पहुंचने में मददगार हो सके। कोतवाल ने बताया की छानबीन के लिए टीमें लगा दी गई हैं। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से मोपेड सवार नव युवक की मौत


मृतकों के फाइल फोटो



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* रिश्तेदार की शादी में शामिल होकर लौटते समय हुई घटना
* कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत हुआ हादसा

लखनऊ कानपुर हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोपेड सवार नवयुवक की मौत हो गई। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सदर कोतवाली के मोहल्ला प्रयाग नारायण खेड़ा निवासी कार्तिकेय(18) पुत्र अनिल शुक्ला शहर के ही एक कालेज में इंटर मीडिएट का छात्र था। रविवार को वह परिवार के साथ लखनऊ के सरोजनी नगर निवासी रिश्तेदार की बेटी की शादी में शामिल होने गया था। सोमवार सुबह वह मोपेड से बाबा मेवालाल के साथ वापस घर आ रहा था। कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत लोन नदी पुल के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में कार्तिकेय ट्रक में फंस कर काफी दूर तक घिसट गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक काफी दूर पर गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने साथ रहे घायल वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कार्तिकेय की मौत पर मां प्रीति, दादी रानी भाई मानस समेत परिजन रो रोकर बेहाल हैं। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## बाईकों की आमने सामने टक्कर, दो की मौत, दो घायल

* बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग पर हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग पर बीती रात दो बाइक आमने-सामने टकरा गयी। हादसे में दंपति समेत चार लोग गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी लाई, जहां डॉक्टर ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला समेत दो को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना देते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। हरदोई जिला के कासिमपुर थाना क्षेत्र के पालेपार गांव निवासी गुड्डू अपने नाना नंदलाल के घर बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत ग्राम जैतपुर गया था। इस दौरान वह गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पिता सरनाम(40) पत्नी सूरजा देवी(35) व गांव के ही मुकेश(27) के साथ गुड्डू को देखने बाइक से जैतपुर गांव जा रहे थे। तभी संडीला मार्ग पर सामने से आ रहे मल्लावां थाना अंतर्गत गांव ऊंचगांव निवासी बाइक सवार सुधीर(41) से उनकी बाइक की टक्कर हो गयी। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सरनाम व दूसरे बाइक चालक सुधीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुरजा देवी व मुकेश की हालत को गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिए हैं। घटना के बाद परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

## ठंड से बचाव के लिए स्लम एरिया के बच्चों को संस्था ने बांटे स्वेटर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में आपकी संस्था मारवाड़ी सम्मेलन कानपुर द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दामोदर नगर कके प्रांगण में संस्कारशाला के स्लम एरिया के लगभग 100 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया जिसे पाकार बच्चों के चेहरे खिल उठे, समय-समय पर संस्कारशाला के बच्चों को विद्या से संबंधित सामग्री भी वितरित की जाती है बैग, स्वेटर, कंबल, भोजन, टिफिन, पेंसिल बॉक्स, कॉपी, किताबें, सभी उनको दिए जाते हैं जिससे वह अपनी शिक्षा सुचारू रूप से चालू रख सके। अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने यह जानकारी दी की बच्चों का भविष्य अगर उज्जवल हो तो हमें यह सेवा जरूर करनी चाहिए। महामंत्री प्रदीप केडिया ने बताया बच्चों के लिए कुछ करके हम लोगों को बहुत सुकून प्राप्त होता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालकृष्ण देवड़ा ने जानकारी दी कि पिछले समय भी इन लोगों को इसी प्रकार से स्वेटर वितरित किए गए थे। जाड़ा प्रारंभ हो चुका है जिसको देखते हुए यह कार्यक्रम इस समय रखा गया। कोषाध्यक्ष महेंद्र लडिया ने बताया यशोदा नगर के स्कूल में भी संस्कारशाला चलती है और उसमें भी हम लोग स्वेटर वितरण करेंगे। उपाध्यक्ष आदित्य पोद्दार जी ने बताया की यह बच्चे कुछ बनते हैं तो हम लोगों को फक्र महसूस होगा। प्रधानाचार्य रत्नेश अवस्थी उपस्थित रहे उन्होंने सभी पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया कि स्कूल के बच्चों के लिए कितना सेवा भाव से सभी लोग कार्य कर रहे हैं विपुल का सहयोग सराहनीय रहा उनके साथ उनकी पत्नी रूपल उपस्थिति रही, अपने हाथों से स्वेटर भी वितरित किए, मीडिया प्रभारी विनीता अग्रवाल ने बताया कि संस्कारशाला निशुल्क चलाई जाती है, समाजसेवी सुरभि भी मौके पर मौजूद रही। साथ ही निर्मल विमल दिग्विजय सिंह मणिमला आज भी उपस्थित रहे शिक्षिकाओं ने बच्चों को व्यवस्था को संभालने में सहयोग दिया कल भी यह कार्यक्रम सुचारु रूप से यशोदा नगर स्कूल के प्रांगण में किया जाएगा।

## बेकरी का शटर काट कर चोरों ने नगदी उड़ाई

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



थाना क्षेत्र के बीघापुर कस्बा में अंडर पास के निकट संचालित बेकरी की दुकान में ढेड़ माह के अंदर दूसरी बार चोरी की वारदात कर पुलिस की सक्रियता की पोल खोल दी है। रविवार की रात चोरों ने दुकान का शटर काटकर 6 हजार रुपये की नकदी पार कर दी। पीड़ित दुकानदार ने थाने पहुंच कर चोरी की सूचना दी है। नगर पंचायत बीघापुर के संदोही नगर निवासी सतेंद्र कुमार की हाइवे किनारे बस स्टॉप के निकट बेकरी की दुकान है। रविवार की रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर गल्ले में रखे 6 हजार रुपये पार कर दिए। खास बात यह है कि घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर पुलिस की पिकेट रहती है। दुकानदार जब सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का शटर टूटा पड़ा देखकर उसे चोरी का पता चला। पीड़ित ने चोरी की सूचना थाने में दी है। एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि जानकारी मिली है जांच की जा रही है।

## शुक्लागंज की ओर से निकल रही ई बसें संकरे मार्ग में फंसी

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

सोमवार सुबह करीब दस बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से ई बसें निकलने से संकरे मार्ग में फंस गई और जाम तीखा हो गया। जाम को देख मौजूद पुलिस ने जाम छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम लगने के कारण कानपुर आने जाने वाले लोग विलंबित हो गये। इसके अलावा बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी के पास संकरा मार्ग होने के कारण भी पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा। जिससे जाम में तमाम वीआईपी, एम्बुलेंस भी फंसी रही।

## ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला ने मैजिक कार्यक्रम का फीता काटकर किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर



विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तरीपाठकपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में चौबेपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सरकार की योजनाएं किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में करीब 10 करोड़ सिलेंडर वितरण किए गये, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलायी गयी योजनाओं की भी जानकारी दी। गांव में पात्र किसानों को मिल रही किसान सम्मान निधि के प्रमाण पत्र ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला व ग्राम प्रधान शिवराज भाष्कर ने वितरित किये। इस मौके पर ए डी ओ आई एस बी अनुज कुमार मिश्रा, शिवराजपुर चेयरमैन कैलाश कटियार, कृषि विभाग राजेन्द्र स्वर्णकार, डॉ.अनिल सिंह चौहान, डॉ.देवदत्त पशुपालन विभाग, अरूण सोनकर सचिव, गणेश प्रसाद दिवाकर अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, प्रधानाध्यापक शंकर सिंह, महेंद्र कुमार समाज कल्याण, गीता गुप्ता, रामबाबू कठेरिया, नूर आलम आदि मौजूद रहे।

## एनएचएआई 34 टोल प्लाजा पर पहुंचे सैकड़ों किसान, वाहन पास को लेकर ज्ञापन सौंपा

* टोल प्लाजा पर नियम ताक पर रखकर वसूला जा रहा है टैक्स

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह/बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर अंतर्गत दरिया निवादा टोल प्लाजा पर नियम तक पर रखकर पैसा वसूला जा रहा है समाजसेवी राम भारत शुक्ला चार पहिया वाहन कानपुर जाने के लिए एक तरफ का रू 95 शाम 6:20 बजे पर कानपुर गए वापस आने पर कानपुर से रात्रि 10:05 पर वापस आए फिर 95 रुपये काट लिया गया यह पैसा फास्टैग से काटा गया है आखिरकार यह भूल सुधार क्या खाते में पैसा जाएगा या सिर्फ यह यूं ही मनमानी करके लोगों का पैसा लूटा जाता रहेगा है। रविवार को ऐसे सैकड़ो लोगों के साथ घटनाएं घटी हैं जो लोग बरात करने गए थे लोकल के लोग हैं उन्होंने जब यह चेक किया तो अन्य लोगों के साथ में क्या हुआ होगा। सोमवार को दर्जनों किसानों ने पहुंचकर वाहन पास को लेकर धरना प्रदर्शन करना चाहा था लेकिन किसानों के पहुंचने से पहले ही शिवराजपुर थाने की पुलिस पहुंच गई थी। तहसील अध्यक्ष सोनू मिश्रा, ज्ञान सिंह, रंजीत, रामदास, गोरेलाल के साथ किसान मोर्चा के कार्यकर्ता टोल पर पहुंचे थे।तहसील अध्यक्ष सोनू मिश्रा ने बताया की किसानों के गाड़ियों को टोल प्लाजा से बिना टैक्स दिए पास करनी होगी जिसको लेकर सैकड़ों किसान यूनियन मोर्चा के कार्यकर्ता पहुंचे थे रानू निगम ने बताया टोल प्लाजा पर कोई भी किसान यूनियन का पदाधिकारी अपना कार्ड दिखाकर वाहन पास कर सकता है जैसे बाराजोड़ टोल प्लाजा पर पास होता है कोई नहीं रुकेगा अगर कोई रोकता है तो हमें कॉल करें। जरनल मैनेजर दीपक सिंह परिहार को ज्ञापन दिया है। दरिया निवादा टोल प्लाजा जरनल मैनेजर दीपक सिंह परिहार ने बताया की किसान यूनियन मोर्चा के कार्यकर्ता टोल पर से मुफ्त में किसान कार्ड के आधार पर वाहन निकालने को लेकर पहुंचे थे किंतु एनएचआई अधिकारियों से ऐसी कोई गाइड लाइन नही है जो किसानों को मुफ्त में बिना टोल टैक्स दिए बिना वाहन निकाला जाए जब तक एनएचआई अधिकारियों से पास नही दिया जायेगा तब तक वाहनों को मुफ्त में नही निकाला जाएगा

## शिवराजपुर के केवना गांव में साप्ताहिक भागवत कथा का समापन



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक शिवराजपुर अंतर्गत के केवना गांव में सात दिनों से चल रही साप्ताहिक कथा के आयोजन में सोमवार को कथा का समापन हुआ है कथा वाचक परम पूज्य पीठाधिश्वर आचार्य पंडित रामबाबू द्विवेदी मयंक द्वारा भक्तो को सात दिनो से भगवान विष्णु और राधा कृष्ण सुदामा की कथा का रसपान भक्तो के कराते चले आए है कथावाचक क्षेत्र में बल्कि आसपास के कई जिलों में प्रसिद्ध कथावाचक हैं जिनकी कथा इतनी सरस है जो लोगों के समझ में आती है और पारिवारिक जीवन में उनकी कथा का विशेष महत्व माना जाता है और लोग उनके बताए हुए रास्तों पर भी चलते हैं जिससे उनका कल्याण होता है उनका धनुष यज्ञ कार्यक्रम में परशुराम का संवाद वर्षों से निभाते चले आए हैं जो क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में कायम है जो बड़े से बड़ा तख्त तोड़ देते हैं मंगलवार को हवन पूजन कन्या भोज के बाद विशाल भंडारे का अयोजन किया जायेगा। आयोजक पूर्व प्रधान विश्व नाथ सिंह के साथ वीरेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह रवि प्रताप सिंह अजय ऋतिक अमित सोनू अंकित मोहित आदि शामिल रहे।

## लापता हुई कक्षा छह, सात और दस की तीन छात्राएं गाजियाबाद से बरामद



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा बीते 9 दिसंबर को छात्राओं के घर से चले जाने की सूचना दी गई थी सूचना के तुरंत बाद से कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाठी ने उच्च अधिकारियों को घटना के बारे में अवगत कराकर गांव से लेकर स्कूल तक सभी से पूछताछ कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट दें कर से हर गतिविधि पर नजर रखने लगे इसके बाद घटनाक्रम पैसे कमाने के लिए दिल्ली चली गई और वहीं से एक गाजियाबाद स्टेशन से सहारनपुर के मानव तस्करी गैंग के व्यक्ति से संपर्क हो गया बेलापुर लाकर युवक ने तीनों नाबालिक छात्राओं को सहारनपुर ले जाने के लिए प्रयास करने लगा इधर पुलिस स्टेशन पर मौजूद थी और उन्होंने पूछताछ कड़ाई से की जिसके बाद मामला खुल गया और नाबालिक छात्राएं ने पूरी बात पुलिस को बता दी 9 दिसंबर को छात्राएं विद्यालय जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन वह ट्रेन से गाजियाबाद पहुंच गई और पैसे कमाने के लिए काम करने की योजना बना रही थी तभी स्टेशन पर नाबालिक छात्राओं को देखकर एक गैंग के युवकों ने उनको लुभावना वादे करके उनको सहारनपुर ले जाने के प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते पूरा मामला पकड़ गया डीसीपी सीटी गाजियाबाद की सक्रियता के चलते मामले की जानकारी पूरी जुटाई और कानपुर पुलिस के साथ छात्रों के परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी बाद में तीनों छात्राओं को पुलिस ने बिल्हौर थाने पहुंचकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। छात्रों के परिजनों ने बताया कि जो बेटी कक्षा 10 में पढ़ती है उसके पास मोबाइल रहता है वह चुपचाप बात किया करती थी किसी से। वहीं कक्षा 7 व कक्षा 6 की पढने वाली छात्राओ को बरगला कर ले गई थी। पड़ोस का मामला है हम कोई मुकदमा भी नहीं लिखा सकते हैं उस पर कोई मुकदमा नहीं लिखा सकते। परिजनों ने बताया कि वही मेरी बेटियों को बरगला कर ले गई है। कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाठी ने बताया कि बच्चों से पूछताछ कर घर भेज दिया गया है लेकिन पुलिस हर चीज पर नजर बनाए हुए हैं।

## गंगाघाट पुलिस ने नौ अपराधियों पर लगाया गैंगस्टर

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। गंगाघाट पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की है। जिसमें जाजमऊ कानपुर के नौशाद लारी उर्फ नौशाद अहमद जो गैंग लीडर बताया गया है। दूसरे आरोपी सुहेल अहमद लाइजर ग्रीन पोखरपुर जाजमऊ कानपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके बाद 22 नवम्बर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कानपुर जेके कॉलोनी निवासी साहब लारी उर्फ शहाब अनवर को गिरफ्तार किया है। क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने जाजमऊ निवासी शादाब लारी उर्फ शादाब अनवर को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा।

## ईसाई समाज ने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंप मांगी सुरक्षा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आगामी होने वाले क्रिसमस के कार्यक्रमों को लेकर ईसाई समाज की एक एसोसिएशन ने आयोजित कार्यक्रमो में पुलिस आयुक्त से सुरक्षा व्यवस्था की मांग का एक ज्ञापन सौंपा है, बीते कई माह में चर्चों में आयोजित प्रार्थना सभाओ में पड़ी खलल को ध्यान में रखते हुए पास्टर्स एसोसिएशन के पदादिकरियों ने शहर के विभिन चर्चों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और प्रार्थना सभाओं के आयोजन को शांति और सदभाव के साथ सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन के माध्यम से एसोसिएशन ने आगामी सभी कार्यक्रमों की जानकारी भी उपलब्ध्द कराई और मांग की उनके चर्चों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम करवाये जाए। प्रतिनिधि मंडल में पादरी जितेंद्र सिंह, पादरी दीपक डिसूजा, पादरी ए बी सिंह, आदि मौजूद रहे।

## क्रिसमस डे की तैयारी में जुटे शहर के ईसाई परिवार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



### ईसाई परिवारों के घर टोली के साथ पहुंचे सेंटा

यीशू मसीह के आगमन की तैयारियों के साथ ही ईसाई परिवारों में पर्व को मनाने का उत्साह बढता जा रहा है सेंटा क्लाज युवक और युवतियों की टोली के साथ ईसाई परिवारों के बीच पहुंच रहे हैं 25 दिसम्बर से पहले घरों में यीशू के गाने गाये जा रहे हैं, जिसमें बच्चे, युवक और सभी परिवारजन सेंटा के साथ झूमते नजर आये। जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चो और युवाओं के साथ साथ समाज के अन्य लोगों के साथ सेंटा ईसाई परिवारों के बीच आते है, खुशियां बांटते है, हम सभी यीशू को याद कर नाचते है और उत्सव मनाते है। कहा गया कि हमारी सभी तैयारियां तेजी के साथ पूरी की जा रही है।

ईसाईयों का सबसे बड़ा पर्व क्रिसमस 25 दिसम्बर को होता है और इस पर्व को देखते हुए ईसाई समुदाय द्वारा तैयारियां तेजी से की जा रही हैं जहां एक ओर चर्चों की रंगाई, साफ-सफाई का काम तेजी के साथ हो रहा है तो वहीं प्रभु यीशू के लिए आराधना सभा का आयोजन होने लगा है, यीशू मसीह के आगमन के गीतों का अभ्यास किया जा रहा है दूसरी ओर ईसाई परिवारों द्वारा घरो में भी तैयारियां शुरू हो गयी है। आगामी 25 दिसम्बर को ईसाईयों का पर्व क्रिसमस है और इसके लिए तेजी के साथ तैयारियों को पूरा किया जा रहा है, क्रिस्चन जहां अपने घरों की सफाई और सजावट कर रहें है तो चर्चो में भी रंगाई सफाई का काम किया जा रहा है। पास्टर जितेन्द्र ने बताया कि यह महीना हमारे लिए विशेष है इस माह यीशू का धरती पर आगमन हुआ और हम सभी ईसाई इस पवित्र दिन को पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं गिरजाघरों में यीशू की अराधना के साथ क्रिसमस के दिन गाये जाने वाले भजनों का अभ्यास शुरू कर दिया गया है।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र सुरजीत उर्फ सूरज को सामाजिक हरकतों के कारण हम पति-पत्नी ने संबंध विच्छेद कर लिया था और प्रकाशन दैनिक जागरण पत्र में दिनांक 25/06/2020 को करा दिया था प्रकाशन उक्त तिथि के पेज नंबर 9 कालम 3 में हुआ था। समय बदला पुत्र संजीत को अपनी गलती का एहसास हुआ अब उसने अपने आचरण का सुधार कर लिया है। तथा बहैसियत माता-पिता का संबंध पुनः स्थापित हो गए हैं।

**ईश्वर दयाल उर्फ ईश्वर चंद्र पुत्र रामस्वरूप व श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी ईश्वर दयाल निवासीगण ग्राम कुर्मी खेड़ा थाना चौबेपुर तहसील बिल्हौर कानपुर नगर।**

# मोहन यादव होंगे एमपी के नए सीएम

## दो डिप्टी सीएम होंगे, शिवराज ने सौंपा इस्तीफा, 13 दिसंबर को होगा शपथ ग्रहण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल

मध्यप्रदेश के अगले मुख्यमंत्री मोहन यादव होंगे। वे उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। भोपाल स्थित बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पार्टी विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी। मोहन यादव ओबीसी वर्ग से आते हैं। शिवराज सिंह ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी विधायकों ने समर्थन किया। 13 दिसंबर को नए सीएम का शपथ ग्रहण समारोह होगा। प्रदेश में दो डिप्टी सीएम भी होंगे- जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला। जगदीश देवड़ा मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ से विधायक हैं। देवड़ा स्ट वर्ग से आते हैं। जबकि राजेन्द्र शुक्ला रीवा सीट से विधायक हैं और ब्राह्मण वर्ग से आते हैं। इसके अलावा, नरेंद्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष होंगे। तोमर मुरैना जिले की दिमनी सीट से विधायक हैं। हालांकि डिप्टी सीएम और स्पीकर के नाम की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षक मनोहर लाल खट्टर , डॉ. के. लक्ष्मण और आशा लकड़ा मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री पद से शिवराज ने दिया इस्तीफा

नए सीएम के नाम का ऐलान होने के बाद शिवराज सिंह चौहान राजभवन पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल को सीएम पद से अपना इस्तीफा सौंपा। उनका इस्तीफा तत्काल मंजूर भी हो गया। शिवराज सिंह ने नए सीएम को बधाई भी दी। उन्होंने कहा- मध्यप्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। उन्हें बहुत बहुत बधाई, उनका अभिनंदन। शिवराज सिंह चौहान ने जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को डिप्टी सीएम बनने और नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।



### नाम सुनकर मोहन यादव को भरोसा नहीं हुआ

बैठक में मनोहर लाल खट्टर ने शिवराज सिंह चौहान को मोहन यादव का नाम प्रस्तावित करने के लिए कहा तो शिवराज ने नाम रखा। मोहन यादव को भरोसा नहीं हुआ तो पहले खड़े नहीं हुए। बाद में खड़े होकर हाथ जोड़े। मोहन यादव ने कहा कि %भाजपा का तंत्र ही ऐसा है कि छोटे से छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जवाबदारी मिलती है। हमारी ट्रेनिंग भी ऐसी होती है कि पार्टी जो काम दे दे उसको बहुत सहजता से लेते हैं। यादव ने कहा, मैं तो पीछे की पंक्ति में बैठकर अपना काम कर रहा था। अचानक घोषणा हुई। मैं सबका आभार मानता हूं। विकास के काम को आगे बढ़ाना ही मेरी प्राथमिकता होगी।

### फोटो सेशन में तीसरी पंक्ति में बैठे, मीटिंग में सीएम के रूप में नाम का ऐलान

बीजेपी विधायक दल की बैठक से पहले सभी नवनिर्वाचित विधायकों का फोटो सेशन हुआ। जिसमें मोहन यादव आगे से तीसरी पंक्ति में बैठे थे। फोटो सेशन के बाद बैठक शुरू हुई। जिसमें सीएम के रूप में मोहन यादव के नाम का ऐलान हो गया।

### मोहन यादव ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

सीएम के रूप में नाम का ऐलान होने के बाद मोहन यादव राजभवन पहुंचे। यहां उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान उनके साथ शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और वीडी शर्मा मौजूद रहे। साथ ही तीनों पर्यवेक्षक मनोहर लाल कट्टर, डॉ के. लक्ष्मण और आशा लकड़ा भी साथ रहे।

### मोहन यादव बोले, मैं पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री के रूप में अपने नाम के ऐलान के बाद मोहन यादव ने कहा कि मैं पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं। प्यार और सहयोग के लिए पार्टी की स्टेट लीडरशिप और केंद्रीय लीडरशिप का बहुत बहुत धन्यवाद। मैं अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाऊंगा। मोहन यादव की पत्नी सीमा यादव ने कहा कि मेहनत का फल अच्छा होता है। खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। भगवान महाकाल ने मेहनत का फल दिया है।

### एबीवीपी से लेकर मुख्यमंत्री तक का सफर

मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से अपनी राजनीति की शुरूआत की। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् में कई पदों पर रहे। उन्हें बीजेपी में सत्ता-संगठन में भी अहम जिम्मेदारी निभाई।

- 2004 में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य
- 2004 में सिंहस्थ केंद्रीय समिति के सदस्य
- 2004 से 2010 उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष
- 2011 से 2013 तक मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष
- 2013 में पहली बार विधायक बने
- मोहन यादव 2013 में पहली बार उज्जैन दक्षिण से विधायक बने। इसके बाद 2018 और 2023 का चुनाव भी जीते।
- 2 जुलाई 2020 को उन्हें शिवराज सिंह चौहान कैबिनेट में उच्च शिक्षा मंत्री बनाया गया था।
- 1965 को उज्जैन में पूनमचंद यादव के घर जन्में, मोहन यादव एमए, पीएचडी हैं। उनकी शादी सीमा यादव से हुई है और उन्हें दो बेटे और एक बेटी हैं।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू के 9 ठिकानों से 354 करोड़ बरामद

## ओडिशा और पश्चिम बंगाल में पूरी हुई छापेमारी, अब सिर्फ रांची आवास पर रेड जारी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर

कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ओडिशा और पश्चिम बंगाल के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी खत्म हो गई। छह दिसंबर से इन जगहों पर छापेमारी चल रही थी। अब तक मिली जानकारी के अनुसार कुल 354 करोड़ रुपए मिले हैं, हालांकि कई जगहों पर यह आंकड़ा 500 करोड़ के पार भी बताया जा रहा है। अब सिर्फ धीरज साहू के रांची स्थित आवास पर आयकर विभाग की टीम मौजूद है। विभाग के सूत्रों का कहना है कि आज यहां भी छापेमारी खत्म हो सकती है। यह देश के इतिहास में सबसे बड़ी रिकवरी है। आज इस मामले में आधिकारिक जानकारी साझा की जा सकती है।

### ओडिशा स्टेट बैंक में 176 बैग की गिनती पूरी

ओडिशा के बोलांगीर स्टेट बैंक में गिनती करा रहे बैंक के रीजनल हेड भगत बेहेरा ने रविवार की देर रात कहा कि 176 बैग की गिनती पूरी हो चुकी है। इनमें 305 करोड़ कैश मिला है। वहीं, टिटलागढ़ में साहू ब्रदर्स के पार्टनर दीपक साहू व संजय साहू के आवास से 11 करोड़, संबलपुर में बलदेव साहू संस एंड ग्रुप कंपनीज की शराब भट्टी से 37.50 करोड़ रुपए मिले हैं। इन नोटों की गिनती संबलपुर स्टेट बैंक में चल रही थी। शनिवार रात 9 बजे गिनती खत्म हो गई थी। आयकर सूत्रों के अनुसार लोहरदगा स्थित आवास से 11 करोड़ और रांची से तीन करोड़ रुपए मिले हैं। साहू ग्रुप पर टैक्स चोरी के मामले में आयकर विभाग की छापेमारी 6 दिसंबर से चल रही है।

### सुनसान घर में 30 करोड़ से ज्यादा

धीरज साहू के कारोबारी सहयोगी राजकिशोर जायसवाल के घर के पीछे मौजूद एक घर से भी पैसों से भरी बोरी मिली है। इसमें 30 करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान है। जिस घर में ये रुपए रखे गए थे, उसका इस्तेमाल रहने के लिए नहीं होता और घर देखकर लगता है जैसे लंबे समय से यहां कोई आता-जाता भी नहीं है। छापेमारी के दौरान टूटे हुए सामान से भरी कुछ बोरियों के बगल में पड़ी बोरियों में रुपए रखे मिले।

### अमित शाह बोले इंडिया गठबंधन वाले दल जवाब दें

कांग्रेस सांसद से करोड़ों रुपए कैश मिलने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इंडिया गठबंधन से जवाब मांगा है। कहा कि आजादी के बाद किसी भी सांसद के घर से इतनी बड़ी मात्रा में कैश नहीं पकड़ा गया होगा। भ्रष्टाचार पर कांग्रेस का मौन तो समझ में आता है, क्योंकि इनकी फितरत ही भ्रष्टाचार की है, कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं।'

### कांग्रेस बोली साहू का निजी मामला

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि सांसद धीरज साहू के यहां से बरामद रकम उनके परिवार के बिजनेस का है। इससे कांग्रेस का लेना-देना नहीं है। हालांकि, पार्टी ने उनसे जवाब मांगा है कि इतनी रकम कहां से आई है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस मामले में भाजपा की ओर से अनर्गल बयान दिया जा रहा है। जबकि, आयकर विभाग का अभी तक ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

# आचार संहिता उल्लंघन केस: जयाप्रदा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करे पुलिस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रामपुर



आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा को एमपी-एमएलए कोर्ट ने झटका दिया है। कोर्ट ने उनके अधिवक्ता की दलील को खारिज करते हुए गैर जमानती वारंट जारी रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही एसपी को पत्र लिखकर उनकी गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट की ओर से उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किए हैं। अब इस मामले की सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। स्वार और केमरी थाने में लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 2019 में दो मुकदमे कायम कराए गए थे। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। स्वार में दर्ज एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है और पूर्व सांसद को अपने बयान दर्ज कराने हैं। इसके बाद भी वह बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंच रही है। केमरी थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अभियोजन की गवाही चल रही है, लेकिन पूर्व सांसद इस केस में कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। कोर्ट लगातार दोनों मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता असगर ने पूर्व सांसद की ओर से गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इसका अभियोजन की ओर से विरोध किया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने पूर्व सांसद का प्रार्थना पत्र खारिज करते हुए उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को आदेश दिए हैं कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें। कोर्ट ने उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी।

# राज्यसभा में जमकर बरसे अमित शाह, अनुच्छेद 370 पर 'सुप्रीम' फैसले को लेकर विपक्ष को जमकर घेरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राज्यसभा में जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023 पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दिन है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज दोनों विधेयक पारित हो जाएंगे और यह जम्मू-कश्मीर और भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। आज सुप्रीम कोर्ट ने भी जम्मू-कश्मीर (पुनर्गठन) विधेयक 2019 के पीछे की मंशा, इसकी संवैधानिक वैधता और प्रक्रिया को बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। अगर अनुच्छेद 370 इतना उचित और इतना जरूरी था तो देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने इसके आगे अस्थायी शब्द का उपयोग क्यों किया? जो लोग कहते हैं कि अनुच्छेद 370 स्थायी है, वे विधानसभा और संविधान की मंशा का अपमान कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था यानी याचिकाकर्ता का यह दावा कि अनुच्छेद 370 को कभी हटाया नहीं जा सकता, इसे सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि परसों भी कई सवाल उठाए गए। लोकसभा में कहा गया कि बिल लंबित है और जल्दबाजी में लाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट न्याय करेगा और हमें इसका इंतजार करना चाहिए। ये सभी स्टैंड न्याय के लिए नहीं, बल्कि पीएम मोदी की ओर से लिए गए फैसलों को रोकने के लिए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि राज्यपाल शासन और राष्ट्रपति शासन की घोषणाओं को चुनौती देना ठीक नहीं है। जब अस्थायी प्रावधान किया गया तो सवाल उठा कि अगर यह अस्थायी है तो इसे हटाया कैसे जाएगा? इसलिए अनुच्छेद 373 के अंदर यह प्रावधान डाला गया कि राष्ट्रपति धारा 370 में संशोधन कर सकते हैं, उस पर प्रतिबंध लगा सकते हैं और उसे संविधान से पूरी तरह बाहर भी कर सकते हैं।

### 'वापस आ जाओ नहीं तो इतने भी नहीं बचेंगे'

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी आ गया है। फिर भी कांग्रेस के नेता कहते हैं कि वे इसे स्वीकार नहीं करते हैं और वे मानते हैं कि धारा 370 को गलत तरीके से हटाया गया। मैं उन्हें यह नहीं समझा सकता कि वास्तविकता क्या है? अनुच्छेद 370 ने अलगाववाद को बढ़ावा दिया और अलगाववाद के कारण आतंकवाद को बढ़ावा मिला। एक गलत फैसला हो सकता है, लेकिन जब इतिहास और समय यह साबित कर दे कि वह फैसला गलत है तो राष्ट्रहित की ओर लौटना चाहिए। मैं अब भी कहता हूं, वापस आ जाओ नहीं तो अब कितने (सदन के लिए चुने गए सांसद) बचे हैं, वह भी नहीं रहेंगे। अगर आप आज भी इस फैसले पर कायम रहना चाहते हैं तो जनता देख रही है- 2024 में मुकाबला होगा और पीएम मोदी तीसरी बार पीएम बनेंगे।

### 'पीओके हमारा है, इसे कोई नहीं छीन सकता'

अमित शाह ने कहा कि पहले जम्मू में 37 सीटें थीं, अब नए परिसीमन आयोग के बाद 43 सीटें हो गई हैं। पहले कश्मीर में 46 सीटें थीं, अब 47 हैं और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 24 सीटें आरक्षित कर दी गई हैं, क्योंकि पीओके हमारा है। मैं फिर से कह रहा हूं कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का है, हमारा है और इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता।

# महुआ मोइत्रा ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने लोकसभा सदस्यता छीने जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गौरतलब है कि कैश के बदले सवाल मामले में घिरने और आचार समिति की तरफ से लोकसभा में रिपोर्ट रखे जाने के बाद सदन के अध्यक्ष ने उन्हें निष्कसित कर दिया था। इसी के खिलाफ टीएमसी सांसद सर्वोच्च न्यायालय पहुंचीं हैं। गौरतलब है कि महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप लगे हैं। इन्हीं की जांच कर रही संसद की आचार समिति ने लोकसभा में महुआ की सांसदी खत्म करने की सिफारिश की थी। बाद में रिपोर्ट के आधार पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महुआ को निष्कासित कर दिया। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछने का आरोप है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और उनके खिलाफ लोकसभा स्पीकर से शिकायत कर जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया था कि ये सबूत वकील जय अनंत देहादराई द्वारा प्रदान किए गए थे। लोकसभा स्पीकर को लिखे अपने पत्र में दुबे ने कहा था कि उन्हें वकील और महुआ के पूर्व दोस्त जय अनंत का एक पत्र मिला है, जिसमें उन्होंने मोइत्रा और जाने-माने बिजनेस टाइकून दर्शन हीरानंदानी के बीच सवाल पूछने के लिए रिश्वत के आदान-प्रदान के सबूत साझा किए हैं।

### आचार समिति में क्या हुआ?

पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले की जांच करने वाले लोकसभा की आचार समिति ने 2 नवंबर को पूछताछ की थी। वहीं 9 नवंबर को एक बैठक में भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने रिश्वत लेकर सवाल पूछने के मामले में मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। कांग्रेस सांसद परनीत कौर सहित समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था। जबकि विपक्षी दलों से जुड़े समिति के चार सदस्यों ने असहमति नोट प्रस्तुत किए थे। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को फिक्स्ड मैच करार दिया और कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दायर शिकायत के समर्थन में कुछ भी सबूत पेश नहीं किया गया।

# आप सांसद संजय सिंह की कस्टडी 21 दिसंबर तक बढ़ी, राउज एवेन्यू कोर्ट में जमानत पर सुनवाई आज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति घोटाला केस में अक्टूबर से जेल में बंद आप सांसद संजय सिंह की ज्यूडीशियल कस्टडी 21 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार (11 दिसंबर) को कहा कि उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई मंगलवार को होगी। कोर्ट ने कहा कि वे संसद की प्रिविलेज कमेटी के सामने पेश हो सकते हैं। साथ ही उन्हें अपनी पार्टी के साथियों, समर्थकों और मीडिया से न मिलने की हिदायत दी है। संजय को 5 अक्टूबर को समिति के सामने पेश होना था, लेकिन उससे पहले ही गिरफ्तार हो गए थे। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को उनकी गिरफ्तारी बरकरार रखने का फैसला सुनाया था, जिसके बाद वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर 20 नवंबर को सुनवाई की थी। तब कहा था कि संजय सिंह अंतरिम जमानत याचिका दायर कर सकते हैं। इसका 20 अक्टूबर को दिए गए दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले से कोई लेना देना नहीं है। 11 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच में मामला पहुंचा, तब कोर्ट ने इसे फरवरी 2024 के लिए लिस्ट कर दिया।

# अनुच्छेद 370 रद्द होने से डोगरा और बौद्धों को सबसे ज्यादा नुकसान: ओवैसी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के केंद्र के फैसले से सबसे ज्यादा नुकसान जम्मू के डोगरा और लद्दाख के बौद्धों को होगा। उन्हें जनसांख्यिकीय बदलाव का सामना करना पड़ेगा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को यह टिप्पणी की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने यह बयान अनुच्छेद 370 निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दिया है। उन्होंने कहा, केंद्र के फैसले का सबसे ज्यादा नुकसान जम्मू के डोगरा और लद्दाख के बौद्धों को होगा, जिन्हें जनसांख्यिकीय बदलाव का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी पूछा कि राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कोई समयसीमा क्यों नहीं है। उन्होंने कहा, 2024 में लोकसभा चुनाव के साथ ही जम्मू-कश्मीर में दिल्ली के शासन को पांच साल हो जाएंगे। एआईएमआईएम प्रमुख ने दावा किया कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि राज्य भारत का अभिन्न अंग है। लेकिन अभिन्न अंग होने का मतलब यह नहीं है कि इसका संघ के साथ अलग संवैधानिक संबंध नहीं है। उन्होंने कहा, कश्मीर की संविधान सभा के भंग होने के बाद इस संवैधानिक संबंध को स्थायी बना दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के केंद्र के फैसले को वैधता मिलने के बाद केंद्र सरकार को चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद या मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा, मैंने एक बार कहा है और मैं इसे फिर कहूंगा। एक बार इसे वैधता मिल जाने के बाद केंद्र सरकार को चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद या मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने से कोई नहीं रोक सकता। लद्दाख का उदाहरण देते हुए ओवैसी ने कहा कि वहां उपराज्यपाल का शासन है, जिसमें कोई लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनुच्छेद 370 को कश्मीर में बिना किसी सार्वजनिक विचार-विमर्श के और निर्वाचित विधानसभा के बिना निरस्त किया गया। ओवैसी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 2019 में एक संगोष्ठी में कहा था कि सार्वजनिक विचार-विमर्श हमेशा उन लोगों के लिए खतरा होगा जिन्होंने इसकी गैरमौजूदगी में सत्ता हासिल की है।

# महिला को निर्वस्त्र घुमाने और खंभे से बांधकर पीटने के मामले में सात गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कर्नाटक के बेलगवी जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां गांव में एक महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। उसे निर्वस्त्र घुमाया गया। फिर उसे बिजली के खंभे से बांध दिया गया। महिला का बेटा एक लड़की के साथ घर छोड़कर भाग गया था, जिसकी सगाई किसी और से होने वाली थी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कृत्य के बारे में पता चलने पर लड़की के परिवार के सदस्यों ने न्यू वंतामुरी गांव में उसके घर पर हमला किया, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद वे उसकी मां को घसीटकर ले गए। उसे निर्वस्त्र घुमाया और बिजली के खंभे से बांध दिया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है। बेलगावी के पुलिस आयुक्त सिद्दरामप्पा ने कहा कि अशोक (24 वर्षीय) और प्रियंका (18 वर्षीय) दोनों एक ही समुदाय के हैं और एक ही गांव के रहने वाले हैं। सोमवार रात करीब 12-30 बजे वे गांव से निकले। पुलिस ने बताया कि इससे नाराज लड़की के माता-पिता और रिश्तेदार उसके घर में घुस गए और उसकी मां के साथ अमानवीय व्यवहार किया। उन्होंने बताया, सुबह चार बजे सूचना मिलने पर हमारे पुलिस उप निरीक्षक ने गांव का दौरा किया। उसके बाद अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सात लोगों को गिरफ्तार किया।

### घटना बेहद अमानवीय, पूरे समाज का सिर शर्म से झुक गया: सिद्धारमैया

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने घटना पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जिन लोगों ने यह अपराध किया है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को बेहद अमानवीय करार देते हुए सिद्धारमैया ने बाद में एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इससे पूरे समाज का सिर शर्म से झुक गया है। हमारी सरकार इस तरह के जघन्य कृत्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, इस मामले में कई लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यह हमारी पूरी जिम्मेदारी है कि हम दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए कार्रवाई करके पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)